सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 26.5 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,726.64 |
| निफ्टी | 25,219.90 |
| सोना | 1,00,533 |
| चांदी | 1,15,850 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



आधुनिक उपकरणों से लैस होंगे प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्र: डॉ. शांडिल

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 24 जुलाई 2025 | 9 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 206, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी चौथी बार यूके यात्रा पर रवाना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चौथी ब्रिटेन यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वे ब्रिटेन में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 23 से 24 जुलाई को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ चर्चा के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। वह राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करेंगे। भारत और ब्रिटेन, दोनों के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की भी योजना है। (अनंत ज्ञान)

### चीनी नागरिकों को 5 साल बाद फिर वीजा देगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत सरकार अब चीनी नागरिकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पांच साल बाद पहली बार चीनी नागरिकों को पर्यटन के लिए वीजा देना शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई से शुरू होगी। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात में अलकायदा के 4 आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने बुधवार को बताया कि उसने अलकायदा से जुड़े 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दो आतंकी गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से पकड़ा गया है। ये चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का काम कर रहे थे। ये ऐसे एप्स का उपयोग कर रहे थे जिसमें कंटेंट अपने आप डिलीट हो जाता है। ये चारों अल कायदा से जुड़े अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे थे। गुजरात एटीएस को इनके पास से कुछ सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले हैं। साइबर टीम भी इसकी जांच में जुटी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अंब-गाहरा के बाशिंदों को वर्षों बाद मिली सड़क की सौगात -पेज 2
- अब शिमला के स्कूलों में बम की धमकी से दहशत -पेज 3
- सिकंदर ने संसद में उठाया बायोमास दवाओं की गुणवत्ता का मुद्दा -पेज 6
- वार्डों में हो गई सफाई, पार्षदों को पता ही नहीं -पेज 9
- बद्दी में जल्द खुलेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल -पेज 12


# हिमाचल प्रदेश के विकास को थमने नहीं देगा केंद्र : गडकरी

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा को दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी उनके साथ थे। इस भेंट के बाद नड्डा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण और आपदा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**बोले- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की जल्द होगी मरम्मत**



नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते हुए। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी उनके साथ मौजूद रहे।

गडकरी ने आश्वासन दिया है कि हिमाचल प्रदेश के विकास को केंद्र सरकार रुकने नहीं देगी। प्रदेश की हर सड़क की मरम्मत युद्ध स्तर पर की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल के सड़क निर्माण में टनल और ब्रिज जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार हिमाचल को लगातार आर्थिक सहायता दे रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत राज्य को पहले चरण में 201 करोड़ का मैटीरियल बजट मंजूर किया गया है। इससे पंचायत स्तर पर मनरेगा के तहत होने वाले छोटे-बड़े कामों, जैसे रास्ते और सड़कों के निर्माण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के तहत 5000 करोड़ से अधिक की सहायता राशि पहले ही मिल चुकी है। नड्डा ने 2023 की मंडी और कुल्लू आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय केंद्र सरकार ने 3146 करोड़ की राहत राशि दी थी और अभी पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीआरफ के तहत 2006 करोड़ और जारी किए गए हैं।


### हिमाचल को अकेला नहीं छोड़ेगा केंद्र : जेपी नड्डा

**जेपी** नड्डा ने स्पष्ट किया कि आर्थिक मदद के मामले में केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। उन्होंने हिमाचल की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा, 'मैं केंद्र सरकार का प्रतिनिधि होने के नाते यह जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल को कभी अकेला नहीं छोड़ेगी, हमेशा साथ खड़ी रहेगी।'

# सीएम की केंद्र से हिमाचल की हवाई कनेक्टिविटी को सुधारने की अपील

## कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए विशेष आर्थिक मदद मांगी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र से हिमाचल प्रदेश में हवाई सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को पत्र लिखकर कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए विशेष आर्थिक सहायता और अन्य हवाई अड्डों पर सुविधाओं में सुधार की मांग की है।

कांगड़ा हवाई अड्डे के प्रस्तावित विस्तार के लिए राज्य सरकार 150 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर रही है। इस परियोजना पर 1900 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से इस परियोजना के लिए विशेष आर्थिक सहायता देने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही, उन्होंने कांगड़ा हवाई अड्डे पर रात में विमान उतारने (नाईट लैंडिंग) की सुविधा शुरू करने और सुरक्षा के लिए सीआईएफ की जगह राज्य पुलिस को तैनात करने की भी मांग की है। मुख्यमंत्री ने शिमला-धर्मशाला-शिमला मार्ग पर एलाइंस एयर की दैनिक उड़ानें फिर से शुरू करने की मांग की है। इसके अलावा, उन्होंने शिमला हवाई अड्डे पर उड़ानों के संचालन का समय बढ़ाने और दूसरा एप्रन बनाने का भी आग्रह किया है।

### राज्य में चार नए हेलिपोर्ट बनाने की भी है योजना

**सीएम** ने संजौली, रामपुर, बद्दी और कंगनीधार में हेलिपोर्ट को इस साल अक्तूबर तक चालू करने की अनुमति देने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, राज्य में चार नए हेलिपोर्ट बनाने की भी योजना है, जो हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर में होंगे।

### सीएम के अस्वस्थ होने के कारण कैबिनेट बैठक स्थगित

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वास्थ्य अचानक खराब होने के कारण 24 जुलाई को बुलाई गई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई है। इस बैठक में राज्य में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज पर फैसला होना था। बैठक रद्द होने से इन परिवारों को और इंतजार करना पड़ेगा। इसके अलावा, नगर निकाय के आरक्षण रोस्टर पर भी निर्णय लिया जाना था, जिस पर राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था।

# शिक्षक ने आरएम से की शिकायत तो चालकों-परिचालकों ने लिया घेर

**रितेश चौहार, अनंत ज्ञान**

- बस अड्डा प्रभारी संग मिलकर बस में किया दुर्व्यवहार
- शिक्षक ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से की कंप्लेंट

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की सरी पंचायत के सरी गांव के एक सरकारी शिक्षक को बार-बार बस बदलने की शिकायत आरएम से करना काफी महंगा पड़ा गया है। आरएम से की शिकायत का पता चलने पर उक्त शिक्षक को बस स्टैंड पर ही बस में एचआरटीसी के करीब एक दर्जन चालकों-परिचालकों और अड्डा प्रभारी ने घेर लिया और उससे अभद्रता करने लगे। शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि एचआरटीसी के सरकाघाट डिपो ने पहले शाम 5:15 बजे सरकाघाट से सरी वाया मढ़ी रूट के लिए बस नंबर एचपी 28 3718 चलाई, लेकिन बाद में बस बदल दी, जिसे लेकर कोई सूचना भी नहीं दी गई। जब इस बारे में उन्होंने सरकाघाट के आरएम से मोबाइल पर बात की तो उसके 5 मिनट के भीतर ही अड्डा प्रभारी व कई चालक-परिचालक बस के भीतर उनसे मारपीट करने पहुंच गए। उनके साथ उनकी बेटी भी बैठी थी और कई विभागों के कर्मचारी भी साथ थे। उन लोगों ने उन्हें बचाया। शिक्षक ने अपने मोबाइल से इस घटना का वीडियो बना लिया और मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से कर दी है। उधर, इस संदर्भ में एचआरटीसी डिपो सरकाघाट के आरएम मेहर चंद ने कहा कि शिक्षक ने उन्हें बस बार-बार बदलने को लेकर फोन पर शिकायत की थी। मैंने मोबाइल नंबर प्रभारी को शिकायतकर्ता की बात सुनने के लिए कहा था। अगर उन्होंने उनसे अभद्र व्यवहार किया है तो मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में नकली दूतावास का खुलासा चार फर्जी देश बनाकर की लाखों की ठगी

## आरोपी अरेस्ट, विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लूटता था लोगों को

**एजेंसी, गाजियाबाद**



**आरोपी हर्षवर्धन से वीआईपी नंबर की चार लग्जरी गाड़ियां जब्त**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने छापा मारकर हर्षवर्धन जैन को अरेस्ट किया। उसके पास से वीआईपी नंबर की 4 लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई हैं। इसके साथ ही अलग-अलग देशों और कंपनियों की 34 मुहरें भी मिली हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की मुहर लगे नकली पेपर्स और 44.70 लाख रुपए नकदी भी बरामद हुई है। एसटीएफ के एसएसपी सुशील घुले ने बताया कि हर्षवर्धन केबी 35 कविनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से 'वेस्ट आर्कटिक दूतावास' चला रहा था। वह खुद को वेस्ट आर्कटिक, सबोरगा, पुलावाविया, लोडोनिया देशों का कॉन्सुल एंबेसडर बताता है। हालांकि, इन नामों के कोई देश दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हर्षवर्धन डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। उसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना और शेल कंपनियों के जरिए हवाला रैकेट चलाना था। आरोपी के पास से दो फर्जी प्रेस कार्ड, दो फर्जी पैन, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, कई देशों की विदेशी मुद्रा, विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज बरामद हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल सरकार ने भर्ती नियमों में किए बदलाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग ने राज्य में रिक्त पदों पर भर्ती और नियुक्तियों की प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। 23 जुलाई को जारी किया गया यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इसका सीधा असर सभी सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डों, सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों की आगामी भर्तियों पर पड़ेगा।

पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी विभागों को 14 मई, 2025 से पहले जारी की गई भर्तियों की अधिसूचनाओं को संशोधित करना होगा। यह संशोधन 22 जुलाई, 2025 को जारी किए गए नए निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा, 19 जुलाई, 2025 के बाद जारी की गई किसी भी अधिसूचना या निर्देश को रद्द माना जाएगा और उसे भी 22 जुलाई, 2025 के निर्देशों के अनुसार संशोधित करना अनिवार्य होगा। अवर सचिव (कार्मिक) सांत राज पाहनर्ता द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र की प्रतिलिपि सभी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है, ताकि वे इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कर सकें। यह कदम राज्य सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया में एकरूपता, पारदर्शिता और प्रभावी नियमों को लागू करने की दिशा में उठाया गया है। इन बदलावों के बाद, राज्य में होने वाली सभी सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

# सीजेआई गवई जस्टिस वर्मा केस से हटे

## बोले- मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा, अब सुनवाई नहीं कर सकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**मामले की सुनवाई के लिए गठित होगी नई बेंच**

जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, 'मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।' दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल की जल्द बेंच गठित करने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई जल्द बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## अहमदाबाद हवाई जहाज क्रैश मामला

# दो ब्रिटिश परिवारों ने किया गलत शव मिलने का दावा

**एजेंसी, लंदन**

**वकील ने कहा शवों का डीएनए परिजनों से नहीं मिल रहा**

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने ब्रिटेन में दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा। ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी।

एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। (अनंत ज्ञान)

# ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 28 राज्यसभा में 29 जुलाई को होगी चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दोनों सदनों में 16-16 घंटे होगी बहस**

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप के दावों पर पीएम मौन क्यों : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप बंद कराने का दावा कर चुके हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार कहा है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया है। वहीं, पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल, ट्रंप ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रंप ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है कि ट्रंप बीते 73 दिनों में 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

## गुड न्यूज : भारत के पासपोर्ट की ताकत बढ़ी, 8 पायदान चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा

# भारतीयों को अब 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़कर 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गई है। अब भारत को 59 देशों के लिए वीजा मुक्त पहुंच प्राप्त हो गई है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है।





**सिंगापुर पहले जापान और दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर**

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सिंगापुर ने शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उसे दुनियाभर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है। जुलाई, 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है जहां पासपोर्ट बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहां प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीजा मुक्त पहुंच प्राप्त है। नई रैंकिंग के अनुसार, भारत की वीजा-मुक्त पहुंच में केवल दो नए स्थान जुड़े हैं। इसके बावजूद सुधार का श्रेय राजनयिक पहुंच और द्विपक्षीय समझौतों में वृद्धि को दिया गया है। नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब को भी लाभ हुआ है। उसके वीजा मुक्त गंतव्यों में चार स्थानों का सुधार हुआ है। देश की रैंकिंग 91 गंतव्यों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

### तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे ये देश

**यूरोपीय** संघ के सात देश- डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, और प्रत्येक देश के पासपोर्ट पर 189 देशों में बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन हैं। इन देशों के पासपोर्ट पर 188 देशों की यात्रा की जा सकती है। न्यूजीलैंड, ग्रीस और स्विजरलैंड भी शीर्ष पांच देशों में शामिल है और इनका पासपोर्ट पर 187 देशों के लिए वीजा मुक्त पहुंच प्रदान करता है। पाकिस्तान इस सूची में 96वें स्थान पर है, जो पिछले साल के 101वें स्थान से बेहतर है।

### अमेरिका पर शीर्ष 10 से बाहर होने का खतरा

**रैंकिंग** में ब्रिटेन और अमेरिका की रैंकिंग नीचे गिरी है। यूनाइटेड किंगडम 6वें स्थान पर गिर गया है, जो 186 देशों को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका अब 182 गंतव्यों तक पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। पिछले एक दशक में दोनों देशों की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई है। गौरतलब है कि यह पहली बार है जब अमेरिका के पासपोर्ट रैंकिंग के मामले में शीर्ष 10 से बाहर होने का खतरा है।



## न्यूज ब्रीफ

### नागेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी नागपंचमी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज की कंज्याण पंचायत के ढ़ो गांव के नागेश्वर मंदिर में नागपंचमी धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर मंदिर कमेटी के सदस्यों व ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की जानकारी देते हुए कंज्याण पंचायत के पर्वू प्रधान पवन कुमार ने बताया कि 29 जुलाई को हर वर्ष की तरह नागपंचमी के पर्व पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दिन मंदिर में झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ हवन भी किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में भाग लें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य अमीं चंद, मदन लाल, उत्तम चंद, वीर चंद, परमानंद, अमर सिंह, शशिपाल, शम्मी कौशल, राकेश कुमार, रमेश चंद, सुरेश चंद, मिलाप चंद, हुक्म चंद, कुलदीप चंद, लेखराज, हेतराज, तिलकराज आदि मौजूद रहे।

### हरसौर खड्ड में खुलेआम हो रहा खनन



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर की खड्डों से अवैध खनन का धंधा बरसात के दौरान भी जारी है। हालांकि खनन विभाग द्वारा बरसात के मौसम में खड्डों से मटेरियल पर पूर्णतया रोक लगा दी गई है। जानकारी के मुताबिक प्रशासन की सख्ती को देखते हुए रात के अंधेरे में या जल्दी सुबह खड्ड से चोर रास्तों द्वारा ट्रैक्टर भर कर निकाले जा रहे हैं। बिना सरकार को रॉयल्टी दिए खूब चांदी कूटी जा रही है तथा मनमाने दामों पर मटेरियल लोगों को बेचा जा रहा है। इस अवैध धंधे में लिप्त लोगों को प्रशासन का भी कोई खौफ नहीं है। हालांकि पकड़े जाने पर हजारों रुपए का जुर्माना भी पुलिस द्वारा किया जाता है। लगता है पुलिस खनन विभाग तथा जुर्माने का भी कोई असर अवैध धंधे में लिप्त लोगों पर नहीं हो पा रहा है। बड़सर के डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि अगर बरसात में अवैध खनन किया जा रहा है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में चौकी प्रभारी को निर्देश दिए जा रहे हैं।

## नंदन, भराड़ी, नंदन, प्लासी भगेटू मैड़ लिंक रोड के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

# आखिर लैब से कब निकलेगा जिन्न?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के नंदन, भराड़ी, प्लासी-भगेटू मैड़ लिंक रोड के निर्माण के गड़बड़झाले की गुणवत्ता का जिन्न चीफ ऑफिस की लैब से कब बाहर निकलेगा, पर अभी भी संशय बरकरार है। इस मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी और कांग्रेस के संबंध नेताओं की अच्छी खासी किरकिरी हो रही है, क्योंकि डंगे के निर्माण में जिस बड़े स्तर पर सामग्री का गड़बड़झाला हुआ है, वह सार्वजनिक हो चुका है।

अधिकारी भी मौके पर जाकर प्रारंभिक रिपोर्ट में इस पर एतराज जता चुके हैं, लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि विभाग और सरकार अभी भी टस से मस नहीं है। विवाद की जड़ यह है कि काम गुणवत्ता के मुताबिक कहीं भी खरा नहीं बैठा है। जहां सीमेंट लगना चाहिए था, उसके निर्माण में मिट्टी निकल रही हैं। डंगे के भीतर ठूंसे गए पत्थर भी अब बाहर निकल रहे हैं।

**कांग्रेस नेता के बेटे के साथ जुड़ा हुआ है मामला :** मामला क्योंकि कांग्रेस नेता के बेटे के साथ जुड़ा हुआ है, जो इसमें ठेकेदार है, लेकिन ऐसे ठेकेदार सरकार के किस काम के जो अपनी ही सरकार और विभाग के लिए सिरदर्द बन जाए। सरकार के कर्ताधर्ताओं को भी ऐसे लोगों पर नकेल कसकर बेहतर काम करना चाहिए, ताकि बेवजह के विवाद सरकार के लिए परेशानी का सबब न बने, उसकी छवि पर कोई सवाल ना उठाए।



गड़बड़झाले का यही है वह डंगा, जिस कारण लगातार विवाद चल रहा है।

### 5 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट बताने को अधिकारी नहीं हो रहे राजी

**5 दिन बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई :** मामला ग्रामीण क्षेत्र से होकर जाने वाली ऐसी सड़क से जुड़ा हुआ है, जिसमें यदि गुणवत्ता नहीं आएगी तो फिर सवाल तो उठेंगे ही और 5 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार और विभाग ने कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई, तो फिर इसका मतलब साफ है, सभी तमाशा देख रहे हैं। अब यदि उसे डंगे के मटेरियल के सैंपल लिए हुए इतने दिन बीत जाए, उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक ना हो या फिर अधिकारियों को उसका पता न हो, तो फिर मालूम हो ही जाता है कि उन पर प्रेशर है या फिर वे जानबूझकर इस बारे में कुछ भी बताने या बोलने से गुरेज कर रहे हैं।

**मामले पर कुछ नहीं बोले रहे सत्तासीन कांग्रेस के नेता :** हैरानी इस बात की भी है कि विपक्ष के दो नेता तो इस गड़बड़झाले पर खूब बोले हैं, लेकिन सत्तासीन कांग्रेस का कोई भी नेता रतिभर भी कुछ बोलने के लिए तैयार क्यों नहीं हो रहा।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भी किसी नेता का इस बाबत कोई बयान नहीं आना, बता रहा है कि मामला इस तरह क्यों करवटें ले रहा है।

### किसने क्या कहा

**हमीरपुर** के एसई जिनके पास चीफ इंजीनियर हमीरपुर का भी अतिरिक्त कार्यभार है, उनका भी यही कहना था कि अभी रिपोर्ट नहीं आई है। वीरवार को वह इस बारे में बता पाएंगे। लेकिन गड़बड़झाले का सारा किस्सा इतना सार्वजनिक होने के बाद भी यदि वे उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते, तो फिर सवाल तो उठने ही हैं।

हमीरपुर के एक्सईएन दीपक कपिल से भी बुधवार को देर शाम बात हुई उन्होंने कहा कि अभी रिपोर्ट नहीं आई है फिर भी उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर निर्माण में गड़बड़ी तो लगती है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बड़ा पंचायत की धीमान बस्ती में मकान गिरने से तीन लाख रुपए का नुकसान

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के दोबड़ कलां गांव में भारी बारिश के कारण एक मकान के गिरने का मामला प्रकाश में आया है। मकान के गिरने से पीड़ित का. लगभग तीन लाख का नुकसान होने का अनुमान है। बड़ा पंचायत के गांव दोबड़ कलां की धीमान बस्ती के निवासी जीत सिंह धीमान ने बताया कि सोमवार शाम को हुई तेज भारी बारिश के कारण उसके कच्चे मकान के तीन कमरे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं एवं चौथा कमरा भी गिरने की कगार पर है।

पीड़ित जीत धीमान पुत्र स्व. बक्शी राम, अनूप धीमान पुत्र स्व. बक्शी राम एवं अनिल धीमान पुत्र स्व.रिखी राम धीमान ने बताया कि इस बारे में उन्होंने हलका पटवारी को भी सूचित कर दिया है एवं स्थानीय पंचायत को भी इस बारे में अवगत करवा दिया है।

पीड़ितों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की जोरदार मांग की है ताकि वे इस आर्थिक हानि के सदमे से उभर सके। बारिश के कारण पीड़ितों के मकान गिरने से हुए भारी नुक्सान की पंचायत प्रधान सरिता देवी ने पुष्टि की है एवं मुख्यमंत्री सुक्खू से पीड़ितों की आर्थिक सहायता करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं हलका पटवारी

इस बारे में बड़ा पंचायत के हलका पटवारी अनीता कुमारी का कहना है कि पीड़ित परिवारों की बारिश के कारण हुए नुकसान की मौका स्थल पर जाकर क्षतिग्रस्त हुए मकान की रिपोर्ट बना दी गई है।



उपमंडल नादौन के दोबड़ कलां गांव में भारी बारिश के कारण एक मकान गिर गया।

## पीएनबी की योजनाओं का लाभ उठाएं उपभोक्ता : भट्टी

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा टौणी देवी द्वारा बारीं पंचायत के झनिक्कर गांव में एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक के वित्तीय सलाहकार गुरबचन भट्टी के साथ ही शाखा प्रबंधक टौणी देवी चंद्रकांत चंचल, मार्केटिंग हेड उदय कुमार के साथ ही बारीं पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर गुरबचन भट्टी ने लोगों को गृह ऋण, मोटर वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, पीएनबी प्रॉपर्टी लोन और कई अन्य ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बैंक की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी बताया तथा इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक हमेशा उपभोक्ताओं की सेवा के लिए तत्पर रहता है और यह आम लोगों के लिए वित्तीय सलाहकार के रूप में भी कार्य करता है। शाखा प्रबंधक टौणी देवी चंद्रपाल ने भी लोगों से पीएनबी की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि बैंक में बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की गई है।

इसके साथ ही जीवन ज्योति सहित अन्य बीमा योजना का लाभ भी लोगों को उठाना चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के साथ ही लोगों को अन्य सुविधाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। छात्रों के लिए बैंक द्वारा पढ़ाई को लोन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। पीएनबी मार्केटिंग अधिकारी उदय कुमार ने भी विभिन्न योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने भी विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डिजिटल बैंकिंग और कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

बारीं पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने सभी पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों और उपभोक्ताओं का शिविर में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।



झनिकर में वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान मौजूद गणमान्य व अन्य।

## हमीरपुर जिले में पिछले 24 घंटे में 6.16 करोड़ रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में पिछले दो दिनों के दौरान हुई भारी बारिश के कारण सार्वजनिक और निजी संपत्ति को काफी क्षति हुई है। बुधवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान जिले भर में 6.16 करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मानसून सीजन के लगभग एक महीने के दौरान ही हमीरपुर जिले में सरकारी और निजी संपत्ति के नुक्सान का आंकड़ा 98.84 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस दौरान जिले में जलशक्ति विभाग को सर्वाधिक 58.09 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 38.40 करोड़, बिजली बोर्ड को 74.51 लाख और शिक्षा विभाग को 23.48 लाख रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने अपनी रिपोर्ट में लगभग 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपए के नुक्सान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 5 कच्चे मकान ध्वस्त हुए हैं, जिससे लगभग 7.50 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। 24 अन्य कच्चे मकानों और 9 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे लगभग 19.31 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

जिले भर में 71 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 61.86 लाख रुपए की क्षति हुई है। 47 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 23.63 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। डीसी ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

## डाडू स्कूल की चारदीवारी ढही, भवन को खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला डाडू में बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते विद्यालय के पीछे बनी सुरक्षा दीवार (चारदीवारी) ढह गई, साथ ही दीवार से लगा मलबा भी गिर गया, जिससे विद्यालय भवन को खतरा उत्पन्न हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही डाडू पंचायत के उपप्रधान अमृत लाल और स्कूल प्रबंधन समिति (SMC) के प्रधान राकेश शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घटना की तस्वीरें और रिपोर्ट विद्यालय के मुख्याध्यापक आनंद कुमार को सौंपी। मुख्याध्यापक आनंद कुमार और शिक्षक राजीव कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और विभाग को विस्तृत रिपोर्ट भेजी। इसके साथ ही पंचायत और क्षेत्रीय पटवारी को भी पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।



डाडू स्कूल में बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते सुरक्षा दीवार ढह गई है।

### तत्काल सुरक्षा दीवार बनाने की रखी मांग

एसएमसी प्रधान राकेश शर्मा ने प्रशासन से अपील की है कि विद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द प्रोटेक्शन वॉल (सुरक्षा दीवार) का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुरक्षा दीवार नहीं बनाई गई, तो भवन को गंभीर नुकसान हो सकता है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा सकता है।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना को टाला जा सके।

## कांवड़ यात्रियों का विधायक ने किया स्वागत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर की चंगर पंचायत के डलोट गांव में कांवड़ यात्रा से लौटे कांवड़ियों का विधायक सदर आशीष शर्मा ने स्वागत किया एवं पवित्र गंगा जल से जलाभिषेक कर महादेव व उपस्थित भक्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बीते दिनों विधायक आशीष शर्मा की तरफ से धार्मिक यात्रा पर भेजे गए स्थानीय महिला मंडल ने माता चामुंडा की प्रतिमा भी उन्हें भेंट की। उन्होंने समस्त मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कांवड़ यात्रा लेकर पहुंचे रजनीश, सतीश और ईशान को भी सम्मानित किया। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, बालक राम, रोशन लाल, अनिल, राज कपूर, सरिता देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## 15 दिन की यात्रा के बाद राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे कांवड़िए

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर विसा क्षेत्र से 100 शिव भक्तों का जत्था कावड़ यात्रा पूरी करके राधा कृष्ण मंदिर पाहलू में पहुंच गया। शिव भक्तों की 15 दिन की पैदल यात्रा में कठिनाइयां भी आती हैं, परंतु शिव भक्तों का कहना है भोलेनाथ सब कष्ट खुद सह लेते हैं।

हरिद्वार से जैसे ही गंगाजल लेकर कांवड़िए विधानसभा क्षेत्र के शुक्र खड्ड पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर तथा ढोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। इस जत्थे की अगुवाई क्षेत्र के समाजसेवी वरिंदर शर्मा कर रहे हैं, ने बताया कि कांवड़ यात्रा की शुरुआत करेर गांव से 1999 को हुई थी, उस वक्त 10 के करीब शिव भक्त कबाड़ यात्रा में जुड़े थे। इस यात्रा में अब 100 लोग सम्मिलत हो गए हैं। सावन महीने की बताते हुए शिव भक्त वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि सावन का महीना बाबा भोलेनाथ को बहुत ही प्रिय है।

इस महीने में शिव भक्त पैदल यात्रा करके गोमुख और हरिद्वार से गंगाजल जाकर शिव पिंडी पर चढ़ाते हैं, जिससे उन्हें मनवांछित फल प्राप्त होता है। बुधवार को लगभग 450 किलोमीटर पैदल यात्रा करके राधा कृष्ण मंदिर पाहलू में पहुंच गए हैं, जो शिव पिंडी पर जलाभिषेक करके इस कांबड यात्रा का समापन करेंगे।





हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने छीना हिमाचल के बच्चों का भविष्य : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार प्रदेश के इतिहास की सबसे क्रूर, असंवेदनशील और जनविरोधी सरकार बन गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के हालिया फैसले छात्रों और बेरोजगारों के भविष्य को तबाह करने वाले हैं और अब यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार द्वारा एमबीबीएस में हिमाचली बोनाफाइड छात्रों के लिए निर्धारित 85 प्रतिशत आरक्षण कोटा खत्म किया जाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लाखों छात्रों और उनके माता-पिता के सपनों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि अब वे छात्र जो सिर्फहिमाचल के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की तैयारी कर रहे थे, उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया है। प्रदेश का हर वर्ग ऐसे फैसलों से आहत है, गांव-गांव में आक्रोश है।

## आपदा प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद दे केंद्र व राज्य सरकार : 'आप'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आम आदमी पार्टी हमीरपुर के जिलाधीश अमरजीत सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से संयुक्त रूप से एक बड़ी योजना बनाकर प्रभावित व्यक्तियों को तुरंत आर्थिक मदद देने और उनके पुनर्वास के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य करने की गुहार लगाई है।

'आप' ने प्रदेश और केंद्र सरकार से मांग की है कि प्रभावित लोगों के लिए एक हजार करोड़ की विशेष आपदा राहत पैकेज की घोषणा शीघ्र अति शीघ्र करने, मृतकों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेघर हुए लोगों को शीघ्र आवास उपलब्ध करने, किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने, फसल बीमा राशि का भुगतान और किसान ऋण माफ करने समेत पुनर्निर्माण के लिए विशेष बजट आवंटन करने की मांग की है।

इस दौरान पार्टी के जिला प्रधान धनी राम धीमान, महिला विंग की उपाध्यक्ष रेखा ठाकुर, खुशविंद्र सिंह प्रवक्ता विस हमीरपुर, डॉ. सुमित पुनियाल प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रो. राजकुमार कंवर एवं डॉ. धनी राम शुक्ला एवं प्रवक्ता मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज के डेंटल केयर यूनिट में डॉक्टरों की संख्या बढ़ी, मरीजों का आंकड़ा हुआ कम

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में जैसे दांत का इलाज करवाना शुरू किया, वैसे ही मर्ज बढ़ता गया। किसी मरीज के दांत खराब हैं तो डॉक्टर निकलवाने या रूट कनाल करवाने की सलाह जिससे दांत का दर्द कम हो और दांत भी बचे रहें। दांत का दर्द जब शुरू होता है तो मरीज को नींद तो क्या आएगी, उसका दिमाग तक काम नहीं करता।

गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के डेंटल विभाग में आधारभूति सुविधाएं न होने से मरीजों के दांत का दर्द और बढ़ता जा रहा है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डेंटल केयर यूनिट में डॉक्टर तो हैं लेकिन सुविधाएं नहीं हैं। डॉक्टरों की बात की जाए तो यहां पर एचओडी के अलावा 7 अन्य डेंटल डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यदि किसी मरीज को दांतों का एक्सरे करवाने के लिए कहा जाता है तो मरीज को एक्सरे करवाने के लिए भटकना पड़ता है, क्योंकि डेंटल विभाग में एक्स रे करने की सुविधा तक नहीं है।





मेडिकल कॉलेज के डेंटल केयर यूनिट में डॉक्टरों की संख्या में बढ़ौतरी हुई है।

### पिछले 15 वर्ष से नहीं हो रहे दातों के एक्सरे

जानकारी के अनुसार डेंटल विभाग में पिछले 15 वर्षों से दांतों का एक्सरे यानी आरबीजी की सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही है। जिस कारण मरीजों को मेडिकल कॉलेज के एक्सरे विभाग की तरफ रुख करना पड़ता है।

मरीज को दांत का दर्द अधिक हो रहा है तो एक्सरे की सुविधा न मिलने से और अधिक बढ़ जाता है। लिहाजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां पर पहले ही मरीजों की भीड़ अधिक रहती है, वहां पर एक्सरे करवाना पड़ता है। वहीं, यदि अस्पताल में भीड़ अधिक है तो मरीज को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। बिना एक्सरे के डॉक्टर न तो दांत का इलाज कर पाएगा, न ही दांत को निकलवा सकेगा।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज के डेंटल विभाग में प्रतिदिन 50 से 60 मरीजों की ओपीडी हो रही है, जो कभी 100 से 150 के करीब हुआ करती थी। डेंटल विभाग में चेयर की संख्या तो बढ़ा दी गई है, लेकिन मरीजों की संख्या कम होती जा रही है।

प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात कह रही है, वहीं मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के डेंटल विभाग में डॉक्टरों के होते भी मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विगत वर्षों में डॉक्टर कम होने पर भी मरीजों को डेंटल विभाग में बेहतर सुविधाएं मिलती थीं, जिसके कारण मरीज मेडिकल कॉलेज में इलाज करवाने के लिए खिंचा चला आता था। अब स्थिती यह है कि डॉक्टर तो हैं, लेकिन मरीजों की संख्या कम होती जा रही है।

### ओरल कैंसर के मरीजो के लिए शुरू की गई थी व्यवस्था

**कुछ** वर्ष पहले अस्पताल में बनाए गए डेंटल केयर यूनिट में ओरल कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने व इलाज करने के लिए मशीनें स्थापित की गईं, जिससे कैंसर का पता लगाकर उसका इलाज किया जाता था। अब ओरल कैंसर का पता लगाने के लिए मशीन तो है, लेकिन इसका इलाज के लिए मरीज को बाहर भेजा जाता है।

### क्या बोले मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य

**इस** बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तकनीशियन की कमी कारण मरीजों को एक्सरे की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दांतों की बीमारियों का पता लगाने के लिए दो से तीन मशीनें लगाने के लिए टेंडर लगाए गए थे, जो कि रद्द हो गया है। मशीनें स्थापित करने के लिए फिर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

**विकास**

## अंब-गाहरा से वनधार टिब्बा सड़क का विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने किया भूमि पूजन

# अंब-गाहरा के बाशिंदों को वर्षों बाद मिली सड़क की सौगात

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने बुधवार को करोट पंचायत के गांव अंब-गाहरा में पहुंचकर वनधार टिब्बा सड़क का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक का गांववासियों ने भव्य स्वागत किया। भूमि पूजन के उपरांत विधायक ने एक सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान गांव वासियों ने विधायक का शॉल, टोपी पहनाकर स्वागत किया।

गांव वासियों का कहना है कि सदियों से हमें सड़क समस्या चलती आ रही थी, लेकिन विधायक ने इस समस्या का हल किया जिसके हम ताउम्र आभारी रहेंगे। इस अवसर पर विधायक कै. रणजीत सिंह ने कहा कि हम शहर ही नहीं, गांव में भी विकास कराने के लिए वचनबद्ध हैं। विधायक ने कहा कि सड़क होना स्वर्ग से कम नहीं और सड़क का न होना आजाद न होने के बराबर है। विधायक ने अंत में चुनावों में उन्हें जीत दिलवाने के लिए धन्यवाद भी किया और कहा कि आपके मत से आपकी सड़क बन रही है, इसलिए धन्यवाद मेरा नहीं अपना खुद का कीजिए।





विधायक रणजीत अंब-गाहरा से वनधार टिब्बा सड़क का भूमि पूजन करते हुए।

**गांववासियों की सुनी समस्याएं :** अंत में विधायक ने गांव वासियों कि समस्याओं को सुना। गांव में आए हुए मेहमानों ने भी विधायक कै रणजीत सिंह का धन्यवाद किया। नादौन से आए हुए गांव में मेहमानों ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि आजतक हमने न सुजानपुर में ऐसा विकास देखा और न ही इस सड़क का कार्य शुरू होते हुए। आपके इस सहयोग व ऐसी अद्भुत कार्यप्रणाली के लिए आपको बधाई व धन्यवाद। स्थानीय पंचायत के पूर्व उपप्रधान अमी चंद ने विधायक का धन्यवाद किया और कहा कि हमारा ऐसा विकास आज तक नहीं हुआ।

आज तक किसी ने भी सड़क के लिए नहीं पूछा आपने हमारी सड़क निर्माण करने का फैसला आपने लिया है, इसलिए हम चाहते हैं कि आप निरंतर विधायक बने रहें और जनता की सेवा करते रहें। स्थानीय पंचायत प्रधान समस्या देवी, सेक्टर प्रभारी जगदीश कौशिक, अमी चंद, गगन, पूर्व उपप्रधान अमी चंद, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व स्थानीय गांववासी उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति मूर्ति से दान की नथ उतारने का आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अवाहदेवी मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान रमेश गुलेरिया द्वारा 12 अन्य सदस्यों के हस्ताक्षरयुक्त एक शिकायत पत्र पुलिस चौकी अवाहदेवी में दी गई। शिकायत के बाद मंदिर प्रधान का बयान दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद मामला दर्ज किया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार 2 जुलाई को माता अवाहदेवी मंदिरमें एक श्रद्धालु द्वारा सार्वजनिक रूप से माता रानी को श्रद्धा स्वरूप स्वर्ण नथ दान की गई थी। मंदिर में तिलक सेवा कार्य में नियुक्त राजेश शर्मा उर्फ बाबूराम (निवासी अवाहदेवी) द्वारा उक्त दानस्वरूप नथ को मंदिर की मूर्ति से बिना अनुमति उतारकर अपने अधिपत्य में ले जाने का आरोप है। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## शार्ट टर्म कोर्स कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं विद्यार्थी : अतुल

**अनंत ज्ञान, जाहू**

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने का कार्य कर रही है, जिससे युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहतर ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास निगम छात्रों को शार्ट टर्म कोर्सेज से निपुण करके आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृड़ता कार्य कर रहा है।



उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश पर हिमाचल में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैसे रैल हमीरपुर, घुमारवीं बिलासपुर ठियोग शिमला व शाहपुर कांगड़ा में शार्ट टर्म कोर्स जैसे डेरी फार्मिंग, कृषि, बागवानी, प्लंबर व अन्य कोर्स शुरू किए गए हैं। इसके अलावा अन्य कोर्सों के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए निपुण किया जा रहा है, जिसके साकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। कड़ोहता ने बताया कि हिमाचल में 72000 युवाओं ने कौशल विकास निगम के पास अपना पंजीकरण करवाया है। इससे 60 हजार विद्यार्थी कोर्स करके निपुण बन रहे हैं और 32000 युवाओं की अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के की कोशिश में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेश भी बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक मिल्खी राम गोमा का जाना कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में उपचाराधीन पूर्व विधायक मिल्खी राम गोमा से मुलाकात की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मिल्खी राम गोमा के सामाजिक और राजनीतिक जीवन की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोमा का जीवन प्रेरणादायक रहा है और उन्होंने प्रदेश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर गोमा के बेटे और आयुष, खेल और कानून मंत्री, यादविंद्र गोमा भी मौजूद थे।

### भिक्षा मांगने के नाम पर घर का दरवाजा तोड़ने की कोशिश करने वाले दो दबोचे

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संतोषगढ़ वार्ड नंबर 5 में भिक्षावृत्ति के आरोप में दो प्रवासी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इन महिलाओं ने एक घर में मौजूद महिला से जबरदस्ती भिक्षा मांगने की कोशिश की और जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला, तो वे उसे तोड़ने की प्रयास करने लगीं। घर पर अकेली महिला ने अपने पति को सूचित किया, जिसके बाद आस-पड़ोस के लोग एकत्र हुए और महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों की पहचान कर्ण पुत्र प्रकाश व तारावती पत्नी ईश्वर निवासी भंगला तहसील आनंदपुर जिला रोपड़ पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों कर्ण और तारावती के खिलाफ भिक्षावृत्ति मांगने का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की। एसपी अमित कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने विधिपूर्वक कार्रवाई की है। इस घटना से क्षेत्र में भिक्षावृत्ति के बढ़ते मामलों पर सवाल उठ रहे हैं।

### मनाली में होटल संचालक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के एक होटल मे पिछले महीने पर्यटकों की मारपीट मामले में देहरादून की महिला पर्यटक ने होटल संचालक के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया है। देहरादून के डालनवाला थाना में जीरो एफआईआर दर्ज हुई है। जिसके बाद मनाली थाना में भी होटल संचालक के मामला दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक जून महीने में होटल मनाली के स्नो ग्रीन/ऐपी रिजॉर्ट में मारपीट की घटना हुई थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। होटल संचालक संदीप पुत्र चरण सिंह निवासी नंगलाबड़ी जिला बागपत दिल्ली की शिकायत पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अब इस मामले में महिला ने संदीप पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है कि वह 27 जून को मनाली आए थे। उसके साथ उसकी दो बेटियां और एक बहन की बेटी भी थी। उक्त होटल संचालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। वह अपने कमरे के बाशरूम में गई, लेकिन होटल संचालक ने डुप्लीकेटकेट चाबी से दरवाजा खोला और वहां सोई लड़कियों के साथ जबरदस्ती करने लगा। महिला का आरोप है कि उसे मनाली थाना में बुलाया तो महिला पुलिस कर्मी भी नहीं थी। काफी देर बाद महिला कर्मी आई। उसका मेडिकल अगले दिन करवाने के लिए कहा गया। मेरी शिकायत भी नहीं ली गई। महिला ने हिमाचल और उत्तराखंड मे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, डीजीपी, एडीजीपी, महिला आयोग, उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग में ईमेल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई। डालनवाला थाना में इसकी जीरो एफआईआर दर्ज करवाते हुए महिला ने न्याय की गुहार लगाई है।

# आधुनिक उपकरणों से लैस होंगे प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्र : डॉ. शांडिल

## अगस्त तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध होंगे सीटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सहित अन्य स्वास्थ्य उपकरण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को अगस्त माह तक आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस कर दिया जाएगा।

इस पहल के तहत सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीटी स्कैन, एक्स–रे और अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस कदम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को उसके घर के पास ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएँ मिलें।

**मरीजों को मिलेगा त्वरित और सटीक निदान**

उन्होंने कहा कि इन उपकरणों की उपलब्धता से मरीजों को त्वरित और सटीक निदान मिलने में काफी मदद मिलेगी। अक्सर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सही समय पर जांच न होने के कारण कई गंभीर बीमारियां देर से पता चलती हैं, जिससे उनका इलाज मुश्किल हो जाता है। सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड मशीनों से हृदय रोग, कैंसर और अन्य आंतरिक समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सकेगा। इसी तरह, एक्स–रे मशीनें हड्डियों की चोटों और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के निदान में अहम भूमिका निभाएंगी। मंत्री ने बताया कि इन उपकरणों के संचालन के लिए प्रशिक्षित तकनीशियनों और डॉक्टरों की नियुक्ति भी की जा रही है।



डॉ. धनीराम शांडिल स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### स्वास्थ्य संस्थानों में बढ़ेगा स्टाफ

**स्वास्थ्य** मंत्री ने इस योजना को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उनका कहना है कि यह केवल मशीनों की खरीद नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इन उपकरणों की स्थापना के साथ-साथ, अस्पतालों में स्टाफ की संख्या बढ़ाना, डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का प्रशिक्षण देना और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी इस योजना में शामिल है।

### स्वास्थ्य संस्थानों को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम

**डॉ.** शांडिल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में राज्य के स्वास्थ्य संस्थान आत्मनिर्भर बनें और जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हों। यह पहल न केवल मरीजों का जीवन बचाएगी, बल्कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगी।

# अब शिमला के स्कूलों में बम की धमकी से दहशत

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई शुरू, जांच का बढ़ा दायरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब कई प्रतिष्ठित निजी और कॉन्वेंट स्कूलों को ई–मेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। इस अप्रत्याशित घटना ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूल कर्मचारियों के बीच भारी चिंता पैदा कर दी। हालांकि, पुलिस की त्वरित और व्यापक कार्रवाई के बाद, सभी धमकियां झूठी पाई गईं, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

**बिशप कॉटन, सेंट एडवर्ड सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट, सरस्वती पैराडाइज जैसे स्कूलों में चला व्यापक तलाशी अभियान**

पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने बताया कि धमकी भरे ई–मेल मिलने के तुरंत बाद राज्य पुलिस और राज्य सीआईडी ने बम निरोधक दस्तों के साथ मिलकर कार्रवाई की। बिशप कॉटन स्कूल, सेंट एडवर्ड स्कूल, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सरस्वती पैराडाइज स्कूल और लोरेटो कॉन्वेंट तारा हॉल जैसे स्कूलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान कोई भी विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। डीजीपी ने जनता से शांत रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि राज्य पुलिस ऐसे खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस इन ई–मेल भेजने वालों का सक्रिय रूप से पता लगा रही है और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी समन्वय कर रही है, जहां इसी तरह की धमकियां मिली हैं।

### अप्रैल से चल रहा धमकियां देने का सिलसिला

**यह** घटना हिमाचल प्रदेश में हो रही बम की धमकियों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। इस साल अप्रैल से अब तक राज्य उच्च स्तरीय सरकारी कार्यालयों और संस्थानों को निशाना बनाकर नौ से अधिक बम संबंधी ई-मेल भेजे जा चुके हैं। इनमें जिला अदालतों और सचिवालयों को भी निशाना बनाया गया था। हालांकि, इनमें से कोई भी धमकी वास्तविक नहीं निकली है, लेकिन इन घटनाओं ने राज्य में एक अभूतपूर्व सुरक्षा चुनौती पैदा कर दी है।

### आंतरिक प्रोटोकॉल की हो रही समीक्षा

**बार-बार** लोगों को निकालने और सरकारी तथा न्यायिक कार्यों में व्यवधान से जन-चिंता बढ़ रही है। अधिकारी अब राज्य की साइबर खतरों का पता लगाने और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने के लिए आंतरिक प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रहे हैं।

# बोर्ड की वेबसाइट क्लाउड सर्वर पर होगी माइग्रेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट स्थानीय सर्वर से क्लाउड सर्वर पर माइग्रेट होने जा रही है। इसके चलते बोर्ड वेबसाइट 28 जुलाई से 2 अगस्त तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यह असुविधा वेबसाइट को स्थानीय सर्वर से क्लाउड सर्वर पर माइग्रेट करने के कारण होगी।

- 28 जुलाई से दो अगस्त तक बंद रहेगी बोर्ड की वेबसाइट
- बेहतर होगी कार्यक्षमता सुरक्षा, गति व उपलब्धता

बोर्ड का यह कदम वेबसाइट की कार्यक्षमता, सुरक्षा, गति और उपलब्धता को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया है, ताकि विद्यार्थियों, अभिभावकों व अन्य हितधारकों को और अधिक विश्वसनीय डिजिटल सेवाएं मिल सकें। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस अवधि में रिजल्ट देखना, ऑनलाइन फॉर्म भरना, परीक्षा से जुड़ी सेवाएं और अन्य अपडेट वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड ने सभी छात्रों और स्कूलों से अनुरोध किया है कि वे अपनी आवश्यक गतिविधियों की योजना पहले से बनाएं ताकि किसी असुविधा से बचा जा सके।

### ई–मेल या दूरभाष पर करें संपर्क

**यदि** किसी को आवश्यक जानकारी या कार्य से संबंधित संपर्क करना हो तो वे बोर्ड की संबंधित शाखाओं के ईमेल आईडी व फोन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। बोर्ड ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह तकनीकी उन्नयन आगे चलकर बोर्ड की डिजिटल सेवाओं को और अधिक तेज, सुरक्षित व सुलभ बनाएगा।

# हिमाचल हाईकोर्ट ने एसपी शिमला और बार काउंसिल को दिए जांच के आदेश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के एक वकील पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के आदेश जारी किए हैं। आरोप है कि वकील ने एक महिला के मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजे की राशि धोखे से निकाल ली। हाईकोर्ट ने इस मामले में एसपी शिमला और बार काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से मामले की जांच करने और तय समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**वकील पर धोखाधड़ी का आरोप**

यह मामला तब सामने आया जब रमा देवी ने अपने पति की मृत्यु के बाद मिलने वाले मुआवजे के खिलाफ अपील दायर करने में हुई 8 साल से ज्यादा की देरी को माफ करने के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दी। रमा देवी ने आरोप लगाया कि उनके पूर्व वकील ने उनके खाली कागजों पर दस्तखत लेकर धोखाधड़ी से मुआवजे की राशि निकाल ली।

### हाईकोर्ट का निर्देश

**न्यायाधीश** विवेक सिंह ठाकुर ने रमा देवी की अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि भले ही अपील करने में काफी देरी हुई हो, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए इस देरी को माफ किया जा सकता है। उन्होंने एसपी शिमला और बार काउंसिल को निर्देश दिए कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और कानून के मुताबिक इसकी जांच करके जल्द से जल्द निष्कर्ष तक पहुंचाएं।

# आपदा प्रभावितों के लिए तुरंत विशेष राहत पैकेज जारी करे सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि आपदा प्रभावितों के लिए अविलंब विशेष राहत पैकेज जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा आए 24 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक किसी भी विशेष राहत पैकेज की घोषणा नहीं हुई है, जो कि हैरान करने वाला है।



**आपदा के 24 दिन बाद भी विशेष पैकेज की घोषणा न होना हैरान करने वाला**

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में राहत कार्यों में भी अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई है। कई सड़कें अभी भी बंद हैं। सेब का सीजन शुरू हो चुका है और बंद सड़कों के कारण जो फसलें बच गई हैं, वे भी बाजार तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इससे किसान–बागवानों को दोहरा नुकसान हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा के एक महीने बाद भी सरकार का राहत कार्य प्रभावी नहीं दिख रहा है। थक–हारकर लोग खुद ही अपने संसाधनों से जेसीबी और पोकलेन मशीनें लगाकर रास्ते खुलवा रहे हैं।

### निजी खर्चे से काम कर रही दो दर्जन से ज्यादा मशीनें

**उन्होंने** बताया कि इस समय ग्रामीण रास्तों को बहाल करने के लिए दो दर्जन से अधिक मशीनें लगाई गई हैं, जो लोगों के निजी खर्च पर काम कर रही हैं। उन्होंने सरकार और लोक निर्माण विभाग से रास्ते खोलने के काम में और तेजी लाने की अपील की।

### डैमेज प्रोजेक्ट्स की विस्तृत रिपोर्ट जल्द तैयार करने का आग्रह

**जयराम** ने सरकार से लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के डैमेज हुए प्रोजेक्ट्स की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जल्द से जल्द तैयार करवाने का भी आग्रह किया, ताकि केंद्र सरकार के सामने नुकसान की भरपाई का प्रस्ताव रखा जा सके। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं अभी भी कई जगहों पर अस्थायी रूप से ही बहाल हुई हैं, जिन्हें स्थायी रूप से ठीक करने के लिए प्रभावी योजना बनाने की आवश्यकता है।

# जम्मू–दिल्ली रेलमार्ग पर चक्की पुल रेल परिचालन के लिए पूर्णत: सुरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जम्मू–दिल्ली रेलमार्ग पर चक्की पुल रेल परिचालन के लिए पूर्णत: सुरक्षित है। नार्थन रेलवे की ओर जारी सूचना में कहा गया कि पठानकोट–जालंधर कैंट मार्ग पर पठानकोट कैंट–कंदरोड़ी स्टेशनों के बीच चक्की रेलवे पुल पर 20 और 21 जुलाई को अचानक बाढ़ आई और जलस्तर बढ़ गया। उत्तर रेलवे ने एक अगस्त 2024 से ही पुल पर 20 किमी प्रति घंटे की गति सीमा लागू कर रखी है। उक्त पुल पर रेल परिचालन से संबंधित किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कोई संभावना नहीं है। पुल रेल परिचालन के लिए सुरक्षित है। नार्थन रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जिस पुल की नींव बह जाने की बात कही जा रही है, वह वास्तव में ढलान पर लगी अतिरिक्त क्लैडिंग थी। यह गैर–जरूरी हिस्सा 21 जुलाई को अचानक आई बाढ़ से तेज बहाव के कारण टूटकर नदी में गिर गया। आईआईटी रुड़की के सुझावों के अनुसार, पुल का संरक्षा कार्य चल रहा है और ढलान पर मौजूद गैर–जरूरी हिस्से को हटाया जाना था। इस गैर–जरूरी हिस्से से रेल परिचालन में संरक्षा प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को मुख्य पुल इंजीनियर ने चक्की रेलवे पुल का निरीक्षण किया, जहां पिछले दिन अचानक बाढ़ आई थी। पुल पर चौबीसों घंटे तैनात चौकीदारों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है, साथ ही पुल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

# संवैधानिक संस्थाओं को कुचल रही कांग्रेस सरकार : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के निर्णयों में हस्तक्षेप कर उन्हें दबाने का प्रयास कर रही है। कश्यप ने बताया कि आगामी पंचायतीराज और नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को अपनी नीतियों के कारण हार का डर है, इसलिए वह चुनावों को टालने के बहाने ढूंढ रही है।



कश्यप ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग और शहरी विकास विभाग के बीच लंबे समय से पत्राचार चल रहा है। आयोग ने 10 जुलाई 2025 को मुख्य सचिव को लिखे पत्र में स्पष्ट किया था कि शहरी विकास मंत्रालय को नगर निगमों और शहरी निकायों के रोस्टर और चुनाव के मामलों में कोई अधिकार नहीं है। आयोग ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243–पी का हवाला देते हुए निर्देश दिया था कि यदि जनगणना नहीं हुई है, तो 2011 की जनगणना के आधार पर चुनाव कराए जाएं।

इसके बावजूद, शहरी विकास विभाग ने 22 जुलाई 2025 को निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर कहा कि इस मामले पर 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया जाएगा। कश्यप ने इसे सरकार की दुर्भावनापूर्ण मंशा बताया, जो एक संवैधानिक संस्था के अधिकार क्षेत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है।

कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी राजनीतिक मजबूरियों को साधने के लिए संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# गगरेट में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक पूर्व सैनिकों के लिए बड़ी सौगात : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**



फाइल फोटो

हमीरपुर लोकसभा से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गगरेट विधानसभा क्षेत्र में उद्घाटित हुए ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक को पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात बताया है। उन्होंने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने और वीरभूमि के रक्षक परिवारों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**वीर नारियों और स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा बड़ा सुधार**

अनुराग ने कहा कि यह पॉलीक्लिनिक सिर्फ एक स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि उन सैनिकों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष उन्होंने गगरेट और भोरंज में टाइप–डी ईसीचएस पॉलीक्लीनिक खोलने की मांग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की थी, जिसे सहमति मिलने के बाद अब साकार रूप मिला है।

सांसद ने संसद के मॉनसून सत्र के चलते उद्घाटन समारोह में स्वयं उपस्थित न हो पाने पर खेद व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने बिना किसी देरी के पॉलीक्लीनिक शुरू करवाने का आग्रह रक्षा मंत्री से किया था। यह केंद्र भारतीय थलसेना, वायुसेना व नौसेना के सेवानिवृत्त जवानों व उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण, समर्पित व समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा।

## हिमाचल कांग्रेस नेतृत्व में संतुलन की उठी मांग

# रामलाल ठाकुर को अध्यक्ष बनाने की उठी आवाज

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**अनंत ज्ञान विशेष**



**बिलासपुर।** राजनीति में साफ–सुथरी छवि, बिना किसी दाग के लंबा सार्वजनिक जीवन और सबसे महत्वपूर्ण, सभी को साथ लेकर चलने की अद्वितीय क्षमता। यही पहचान है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर की, जिन्हें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग ने एक बार फिर मजबूती पकड़ ली है। सन् 1985 से लगातार राजनीति में सक्रिय रहते हुए रामलाल ठाकुर ने कभी किसी गुटबाजी को बढ़ावा नहीं दिया। जनसेवा को अपना उद्देश्य मानकर उन्होंने राजनीति को एक मिशन के रूप में जिया है। वह न केवल एक अनुभवी जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि प्रशासनिक क्षमताओं में भी उनकी गहरी पकड़ है।

स्वास्थ्य, वन, खेल एवं युवा सेवाएं जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभालते हुए रामलाल ठाकुर ने प्रदेश में नीतिगत सुधारों और आधारभूत ढांचे के विकास को दिशा दी। विशेष रूप से खेल मंत्रालय में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है, जब प्रदेश में खेल अधोसंरचना का आधार मजबूत हुआ। कांग्रेस पार्टी के भीतर संगठनात्मक पदों पर रहते हुए उन्होंने हर प्रदेश अध्यक्ष के साथ बेहतरीन समन्वय स्थापित किया। यह उनकी राजनीतिक परिपक्वता और सामूहिक नेतृत्व में विश्वास का प्रमाण है।

### अब समय है निर्णय का

**यदि** कांग्रेस नेतृत्व जमीनी सच्चाई को समझता है और संगठनात्मक मजबूती चाहता है, तो यह बिलकुल सही समय है कि रामलाल ठाकुर को हिमाचल कांग्रेस का चेहरा बनाया जाए, एक ऐसा चेहरा जो अनुभव, समर्पण और संतुलन का प्रतीक है।

### बिलासपुर से नेतृत्व क्यों जरूरी?

**बिलासपुर,** जिसे हिमाचल का राजनीतिक और भौगोलिक केंद्र कहा जाता है, वह जिला है जो पिछले लंबे समय से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से वंचित रहा है। यह वही जिला है जहां से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का संबंध है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह सवाल बेहद प्रासंगिक हो गया है- क्या बिलासपुर से मुख्यमंत्री या प्रदेश अध्यक्ष नहीं बन सकता? इस सोच को अब चुनौती देने का समय आ गया है। राजनीतिक संतुलन केवल एक क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देने की बात नहीं है, बल्कि यह पार्टी की समग्र रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। रामलाल ठाकुर जैसे अनुभवी, स्वच्छ छवि और व्यापक स्वीकार्यता वाले नेता को प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपना संगठन को नई ऊर्जा और दिशा दे सकता है।

**मुलाकात** — सड़कों की मरम्मत और नई तकनीक का होगा इस्तेमाल, आईआईटी रुड़की को बनाया गया कंसल्टेंट

# हिमाचल में आधुनिक तकनीक से बनेंगे टनल और ब्रिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में महाजन ने हिमाचल प्रदेश में आई त्रासदी से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गडकरी को बताया कि राज्य में बड़े पैमाने पर क्षति हुई है और जमीनी स्तर पर काम करना बहुत जरूरी है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाजन को आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश में टनल और ब्रिज के निर्माण पर गंभीरता से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा टनल और ब्रिज बनाकर प्रदेश को राहत पहुंचाई जाएगी। मंडी जिले के पंडोह में एक टनल प्रस्तावित और स्वीकृत की गई है, जिस पर जल्द ही काम शुरू होगा।



राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते हुए।

गडकरी ने बताया कि आईआईटी रुड़की और अन्य संस्थाओं को हिमाचल प्रदेश के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया है। ये संस्थाएं टनल और ब्रिज के डिजाइन और री–डिजाइन का काम करेंगी। आने वाले समय में एनएचआई की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके हिमाचल प्रदेश की सड़कों को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों को हुए नुकसान को तुरंत ठीक किया जाएगा।

### पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए धन राशि जारी

**महाजन** ने बताया कि अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने 2023 की बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के लिए पुनर्वास और पुनर्निर्माण हेतु 2006.40 करोड़ रुपए का परिव्यय मंजूर किया है। इसकी पहली किस्त के रूप में 451.44 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान सभा ने किया हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा हाल ही में दिए गए उस निर्णय का किसान संगठनों ने स्वागत किया है, जिसमें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में जबरन बेदखली की प्रक्रिया पर फौरी तौर पर अंतरिम रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। डाडासीबा स्थित स्यूल खड्ड क्षेत्र की किसान सभा ने इस फैसले को आमजन के हित में बताया है। सभा के अध्यक्ष एसएस सपेहिया, कैशियर यशपाल ठाकुर, उपाध्यक्ष अजीत कुमार, मोनू, दिलवर सिंह, संयुक्त सचिव रमेश कुमार और सलाहकार कश्मीर सिंह आदि ने कहा कि यह फैसला गरीब और जरूरतमंद किसानों के लिए राहत लेकर आया है। सभा ने अपील की कि सरकार और प्रशासन इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाए और ऐसे मामलों में स्थायी समाधान की दिशा में ठोस नीति बनाए।

### आईटीआई धर्मशाला में साक्षात्कार 25 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में 25 जुलाई को बॉन न्यूट्रिएंटस् प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत की ओर से फूड प्रोडक्शन (सामान्य), फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रोनिक मेकैनिक्स, वेल्डर एवं आरएसी की 65 रिक्त सीटों के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार में आईटीआई प्रशिक्षित युवक व युवतियों जिन्होंने उक्त व्यवसायों में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, वे इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। कंपनी चयनित अभ्यार्थी को 18000 रुपए प्रति माह वेतन देगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पुरी ने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी 25 जुलाई को सुबह 10:00 बजे तक संस्थान में आकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के नियुक्ति अधिकारी अमित शर्मा के मोबाइल नंबर 9464766270 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ब्यूटी पार्लर का नि:शुल्क प्रशिक्षण 1 अगस्त से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला जिला कांगडा द्वारा बेरोजगार युवतियों को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए कटिंग टेलरिंग एवं ब्यूटी पार्लर का निशुल्क प्रशिक्षण 1 अगस्त से शुरू करवाने जा रहा है। आरसेटी निदेशक मदन लाल ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र की युवतियां भाग ले सकती हैं, जिन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें बैंक से ऋण भी प्रदान करवाया जाएगा। निदेशक ने बताया कि कांगडा जिले में 18 से 50 वर्ष की उम्र के बीच के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करवाता है इसमें प्रशिक्षणार्थी के रहने, खाने-पीने, यूनिफॉर्म आदि सस्थांन के द्वारा ही प्रदान किया जाएगा।

### अभिशांत राणा की पंजाबी फिल्म में एंट्री



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगडा जिले के फतेहपुर विस क्षेत्र के तहत हौरी देवी के अभिशांत राणा ने पंजाबी फिल्म 'हां मैं पागल हां' में बतौर नायक फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश किया है। उनकी फिल्म 25 जुलाई को केवल वन पर रिलीज होगी। फिल्म का टीजर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। अभिशांत राणा के पिता सुदर्शन राणा भूतपूर्व सैनिक हैं, जबकि माता बीना राणा स्कूल शिक्षिका हैं। 2002 में नेट फ्लिक्स पर आई मशहूर बालीवुड कलाकार रणदीप हुड्डा की हिंदी फिल्म कैट में अभिशांत राणा ने रणदीप हुड्डा के बचपन का किरदार निभाकर वाहवाही लूटी व बालीवुड निर्माता-निर्देशक की नजरों में आए। अभिशांत ने कहा कि टीजर पसंद करने के लिए मैं दर्शकों का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

### जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं से धोखा: सुशील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर भाजपा युवा मोर्चा मंडल धर्मशाला के अध्यक्ष सुशील कपूर ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे युवाओं के साथ एक बड़ा धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियों का सपना दिखा रही थी, वहीं, दूसरी ओर अब नौकरी के नाम पर उनका शोषण कर रही है। सुशील कपूर ने आरोप लगाया कि यह नीति युवाओं पर आर्थिक और मानसिक दबाव डाल रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस जनविरोधी नीति को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो युवा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने युवाओं से इस नीति के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया है।

# नशे की रोकथाम के लिए संगठित प्रयासों की जरूरत : एडीसी विनय

## कहा- जिले में सभी के सहयोग से चलेगा व्यापक जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एनकॉर्ड की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी विनय।

**कांगड़ा** जिले में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। नशे की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित सरकारी विभागों सहित क्षेत्र में कार्य कर रहीं गैर सरकारी संस्थाओं और आम समाज को संगठित रूप में काम करने की जरूरत है।

राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी विनय कुमार ने यह बात कही। बुधवार को एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर भी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए एक पूरी तरह समर्पित जागरूकता अभियान जिले में चलाया जाए। सभी विभाग और गैर सरकारी संस्थाएं मिलकर जागरूकता सामग्री तैयार करें। उन्होंने नशे के आदी और संभावित आसक्त को लेकर अलग-अलग जागरूकता सामग्री बनाने के निर्देश बैठक में दिए, जिससे दोनों श्रेणियों के लोगों को उनकी स्थिति के हिसाब से जागरूक किया जा सके। उन्होंने इस क्षेत्र में काम कर रही गैर सरकारी संस्थाओं को इस बारे में विस्तृत परियोजना बनाने के निर्देश दिए।

एडीसी ने अधिकारियों से जिले में चल रहे निजी क्षेत्र के नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के औचक निरीक्षण को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में चल रहे निजी नशा निवारण और पुनर्वास केंद्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने जिले में सरकारी नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्रों की क्षमता को बढ़ाने के निर्देश दिए।

## डीसी ने किया टी बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय पालमपुर का दौरा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



डीसी ने अधिकारियों के साथ टी टूरिज्म को बढ़ावा देने पर की चर्चा।

**पालमपुर।** डीसी हेमराज बैरवा ने बुधवार को टी बोर्ड भारत के क्षेत्रीय कार्यालय पालमपुर का दौरा किया और अधिकारियों के साथ चाय पर्यटन (टी टूरिज्म) को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा की। उन्होंने टी बोर्ड के अधिकारियों को कृषि विभाग के टी विंग सेक्शन के साथ समन्वय स्थापित कर चाय उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि पालमपुर क्षेत्र में चाय पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें संस्थागत प्रयासों के माध्यम से सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने चाय उत्पादकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी बल दिया। इससे पूर्व उपायुक्त ने तहसील कार्यालय पालमपुर का निरीक्षण किया और वहां की प्रशासनिक कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधित कार्यों का तत्परता के साथ निष्पादन सुनिश्चित बनाया जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

साथ ही उन्होंने लंबित कार्यों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, तहसीलदार साजन बग्गा, टी बोर्ड भारत के फैक्टरी एडवाइजर ऑफिसर हेमचंद्र अग्रवाल, विकास अधिकारी ए. कार्तिकेयन तथा कृषि विभाग के तकनीकी अधिकारी (चाय) सुनील पटियाल उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक खेती को लेकर विधायक केवल पठानिया की संवेदनशील पहल

### स्वयं खेतों में खेती कर किसानों को दिया आय बढ़ाने का संदेश



विधायक ने कृषि विश्वविद्यालय की टीम के साथ किसानों की आय वृद्धि पर चर्चा की।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह सिर्फ भाषण नहीं, बल्कि व्यवहार से किसानों के सच्चे हितैषी हैं। उन्होंने स्वयं खेतों में उतरकर खेती की और किसानों को यह संदेश दिया कि प्राकृतिक खेती से न केवल आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि परिवार की सेहत को भी बेहतर बनाया जा सकता है।

अपने निवास स्थान के समीप खेतों में स्वयं खेती करते हुए विधायक पठानिया ने चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन कुमार, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राहुल कटोच, और वैज्ञानिक डॉ. दीप कुमार के साथ मिलकर किसानों की आय वृद्धि के लिए गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में तय किया गया कि किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कारणों की पहचान कर त्वरित समाधान लागू किया जाएगा।

### कृषि विभाग की टीम ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**कुछ** दिन पहले रेहलू, दरगेला और ठम्बा क्षेत्र में हानिकारक घास की समस्या को देखते हुए विधायक पठानिया ने कृषि विभाग को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और किसानों को जागरूक किया कि धान के खेतों में इस घास को 24-डी ईथायल दवा से तथा खाली क्षेत्रों में ग्लाइफोसेट या पैराक्वायर दवाओं से समाप्त किया जा सकता है। इस घास को स्थानीय भाषा में एलिगेटर, नाली घास या दूधली घास कहा जाता है।

## छन्नी में रिहायशी मकान से 14.68 ग्राम चिट्टा बरामद, मां और बेटा गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ छन्नी में गिरफ्तार किए गए मां और बेटा।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पुलिस** जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत पुलिस थाना डमटाल के छन्नी में पुलिस ने एक रिहायशी मकान से 14.68 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। डमटाल पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापेमारी कर चिट्टा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने जसविंद्र पाल उर्फ फौजी पुत्र स्व. राजेंद्र पाल व परमजीत उर्फ पम्मा पत्नी स्व. राजेंद्र पाल दोनों निवासी गांव व डाकखाना छन्नी तहसील इंदौरा को गिरफ्तार किया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि दोनों आरोपी मां-बेटा नशा तस्कर हैं और इन पर पहले से भी नशा तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की रेड में इनके मकान से 14.68 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया, जिसके आधार पर दोनों को गिरफतार करके उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा।

### खटियाड़ में 8.14 ग्राम चिट्टे के साथ बाइक सवार दो युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना फतेहपुर के खटियाड़ में नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों से 8.14 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में अभय पठानिया पुत्र अजय सिंह व रोहित सिंह पुत्र रछपाल सिंह दोनों निवासी गांव मिंता, डाकखाना नरनूंह, तहसील फतेहपुर को गिरफ्तार किया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि चिट्टे के साथ पकड़े गए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ पुलिस थाना फतेहपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### बीएसएफ में कांस्टेबल ट्रेड्समैन की भर्ती



कुल पद
3588
आयु : 18 से 25 साल
एजुकेशनल : 10वीं पास : संबंधित ट्रेड में ITI या NCVT/SCVT सर्टिफिकेट
वेबसाइट www.bsf.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद



कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशन: 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
वेबसाइट www.ccras.nic.in
आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

### BHEL में नौकरी करने का मौका



कुल पद
515
आयु: आयु : 18 से 27 साल
क्वालिफिकेशन
लेवल 1 : मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास, आईटीआई की डिग्री।
लेवल 2: 12वीं पास या 10वीं के साथ आईटीआई की डिग्री
अंतिम तिथि 8 अगस्त
वेबसाइट www.bsf.gov.in

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती



कुल पद
3717
आयु : 18 से 27 साल
डिटेल्स : अनरिजर्व 1537, ओबीसी 946, ईडब्ल्यूएस 442, एससी 566, एसटी 226 पद
वेबसाइट mha.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## छोटे-छोटे उद्देश्य निर्धारित कर बड़ा लक्ष्य हासिल करें

***जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को छूने के लिए केवल एक बड़े लक्ष्य की कल्पना करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें छोटे-छोटे उद्देश्य निर्धारित करने होते हैं। हमारे निरंतर प्रयास ही हमें सफलता की ओर ले जाते हैं। छोटे उद्देश्य हमारे लिए कदम दर कदम आगे बढ़ने की सीढ़ियां बनते हैं। जैसे नदी बूंद-बूंद से भरती है, वैसे ही महान उपलब्धियां भी छोटे प्रयासों से साकार होती हैं। ठीक उसी तरह जैसे घर की छत तक पंहुचने के लिए हम सीढ़ी का उपयोग करके, एक एक कदम ऊपर बढ़ाते हैं,और अंततः छत तक पंहुचने में सफल हो जाते हैं।***



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।

**हर** बड़ा सपना, छोटे कार्यों और निरंतर प्रयासों का परिणाम होता है। कोई भी युवा जब बड़ा लक्ष्य सामने रखता है,तो उसे निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए छोटे-छोटे उद्देश्य निर्धारित कर उनकी प्राप्ति के लिए जुट जाना चाहिए। इसके लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन, विषयों की समझ और समय प्रबंधन होना चाहिए। जब वह इन छोटे लक्ष्यों को प्राप्त करता जाता है, तब वह अपने बड़े लक्ष्य की ओर स्वतः बढ़ता जाता है। हमेशा याद रहे कि उद्देश्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास ही लक्ष्य प्राप्ति की की ओर अग्रसर करता है। छोटे उद्देश्य हमारी दिनचर्या को दिशा देते हैं। वे हमें हर दिन कुछ नया करने की प्रेरणा देते हैं। जब हम अपने छोटे उद्देश्यों को पूरा करते हैं, तो हम धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और हमारे भीतर दृढ़ संकल्प पैदा होता है। इससे हम चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते हैं और असफलताओं से भी सीखते हैं। छोटे उद्देश्य हमें मार्ग से भटकने नहीं देते। ये हमारे लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। वे एक तरह से आत्मविश्लेषण का अवसर भी प्रदान करते हैं, जिससे हम अपनी कमियों को पहचानकर सुधार सकते हैं। यही निरंतर सुधार किसी भी साधारण व्यक्ति को असाधारण बना देता है। जीवन में सफलता हासिल करने वाले जितने भी सफल लोग हुए हैं उन्होंने हमेशा छोटे-छोटे उद्देश्य निर्धारित करके उनको पूरे मनोयोग से हासिल करने का प्रयास किया और अंतत यही उद्देश्य, लक्ष्य साधने में मददगार साबित हुए। अतः यह स्पष्ट है कि छोटे-छोटे उद्देश्य बड़े लक्ष्य की आधारशिला होते हैं। अगर हम अपने प्रत्येक दिन को एक उद्देश्यपूर्ण दिन बनाएं, तो सफलता निश्चित है। बड़ा लक्ष्य तब ही प्राप्त होगा जब हम उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर लगातार मेहनत करते रहें। यही जीवन में प्रगति और सफलता का वास्तविक सूत्र है। छोटे प्रयासों की निरंतरता ही बड़ी जीत की राह बनाती है।

## व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से करियर



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**व्यावसायिक** शिक्षा (Vocational Education) वह शिक्षा है, जो विद्यार्थियों को किसी विशेष व्यवसाय, शिल्प या तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित करती है। यह पारंपरिक अकादमिक शिक्षा से अलग होती है और छात्रों को व्यावहारिक अनुभव व तकनीकी दक्षता प्रदान करती है, जिससे वे सीधे रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। उद्योगों और कंपनियों को ऐसे कुशल व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, जो तुरंत काम शुरू कर सकें। व्यावसायिक शिक्षा इस आवश्यकता को पूरा करती है। इसके अंतर्गत इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, वेल्डर, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, ग्राफिक डिजाइन आदि अनेक क्षेत्र आते हैं। इस शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी कम समय में और कम लागत में किसी विशेष क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें रोजगार के अवसर शीघ्र प्राप्त होते हैं। भारत में स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी सरकारी योजनाएं युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हो रही हैं। इसके अलावा व्यावसायिक शिक्षा स्वरोजगार के लिए भी मार्ग प्रशस्त करती है। कोई प्रशिक्षित युवक/युवती खुद का सैलून, रिपेयरिंग सेंटर, बुटीक या फूड स्टॉल शुरू कर सकता है। इस प्रकार, यह शिक्षा युवाओं को न केवल नौकरी के लिए तैयार करती है, बल्कि उन्हें उद्यमिता की ओर भी प्रेरित करती है।

अतः व्यावसायिक शिक्षा रोजगारोन्मुखी और व्यवहारिक है, जो आज के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास में भागीदार बनने में सहायता करती है।

## निश्चित सफलता के लिए कठिन परिश्रम के साथ सकारात्मक सोच भी जरूरी



लकेश चंदेल, शिक्षक
बिलासपुर जिला।

**प्रत्येक** मनुष्य के पास जो सबसे बड़ी शक्ति विद्यमान है, वह है सोचने की शक्ति। इसी शक्ति की वजह से मनुष्य अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ है। मानव मस्तिष्क एक उर्वर जमीन की तरह है। यदि हम इसमें स्वस्थ सकारात्मक विचार डालते हैं तो यह हमारे लिए खुशबू और फूलों से भरा एक बगीचा बन जाएगा। यदि हम उस में नकारात्मक विचारों वाले बीज बोएंगे तो उसमें खराब पौधे ही पैदा होंगे और हमारे मस्तिष्क को बुराइयों का घर बना देंगे, इसलिए अपने मस्तिष्क में जानबूझकर सकारात्मक विचारों की तरंगों को उत्पन्न करें तथा अपने आप पर पूरा भरोसा रखें तथा अपनी काबिलियत को पहचाने। आपके जीवन में आश्चर्यजनक परिणाम आएंगे। विद्यार्थी जीवन में सकारात्मक सोच बहुत महत्वपूर्ण है। यह छात्रों को चुनौतियों का सामना करने, प्रेरित रहने और बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करती है। सकारात्मक सोच छात्रों को अधिक आत्मविश्वासी और खुशहाल बनाती है। संसार में किसी भी कार्य को करने में दो विचारधाराएं-एक सकारात्मक व दूसरी नकारात्मक कार्य करती है। किसी भी घटना व कार्य के प्रति हमारी सोच या दृष्टिकोण ही उस कारक को सकारात्मक या नकारात्मक बनाता है। हमारे जो भी विचार होते हैं, वह हमारी बातचीत द्वारा मुख से बाहर आते हैं। जिस मनुष्य के मन में जैसे विचार होते हैं, वह वैसा ही बोलकर व्यक्त करता है। जैसा बोलकर व्यक्त करता है, वैसे ही उसके कार्य व आदतें होंगी। जैसी आदतें होंगी, वैसा ही उसका चरित्र भी होगा। चरित्र मनुष्य के भाग्य निर्माण का वह धनात्मक पहलू है, जो जीवन पथ पर सफलता को प्रति छाया के रूप में प्रदान करता है। अतः जीवन में हमारी सोच एवं दृष्टिकोण सकारात्मक रहने अति आवश्यक है। नकारात्मक सोच या दृष्टिकोण हमारे अंदर नकारात्मक पहलू जैसे -चिंता, तनाव, दुख, भय, हीनता की भावना, असुरक्षा की भावना, क्रोध ,अत्यधिक मोह, अहंकार, निंदा और आलस्य उत्पन्न करता है, जो जीवन को कष्टपूर्ण व उदास बना देते हैं। इसके विपरीत सकारात्मक चिंतन सकारात्मक संवेग जैसे- प्रेम ,शांति, आनंद ,सुख, आत्मविश्वास ,भगवान में आस्था, त्याग की भावना, दान की भावना, विनम्रता, प्रशंसा, समय का सदुपयोग, निर्भयता, उत्साह, संयम उत्पन्न करता है। जो जीवन की पदयात्रा को सुगम, सुगंधित व आनंद से परिपूर्ण कर देते हैं। जिंदगी में हम कभी-कभी ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो सुख में दुख ढूंढते रहते हैं। ऐसे लोग हमेशा परेशान तथा बिना मतलब के चिंतित रहते हैं। इसके विपरीत कुछ लोग दुखों तथा मुसीबतों में भी स्थिर रहते हैं, क्योंकि वह समझते हैं कि कोई पक्ष अच्छा या बुरा नहीं होता, बल्कि वह हमारे सोच से निर्धारित होता है। इन लोगों की सोच सकारात्मक रहती है। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनसे मिलकर आप में सकारात्मक सोच बनने लगती है और विचारों में परिवर्तन आता है। ऐसे लोगों से बार-बार मिलने से जीवन में सकारात्मक घटनाओं में वृद्धि होती है। सकारात्मक विचार मस्तिक को नए नए आयाम प्रदान करती है, जिससे सफलता प्राप्त होती है। सकारात्मक विचार से व्यक्ति अपनी विशिष्ट क्षमता में पूर्व विश्वास प्राप्त कर प्रतिकूल अवसरों को भी अनुकूल अवसरों में परिवर्तित कर सकता है। सकारात्मक चिंतन से जीवन में मधुरता आती है और विचारधारा को नवीनता एवं ऊर्जा प्राप्त होती है, इसलिए अपनी सोच के स्वामी बने और सफलता सुनिश्चित करें। हमारा अस्तित्व हमारी सोच का ही परिणाम है। विचारों की वजह से ही एक कमजोर व्यक्ति मजबूत और मजबूत व्यक्ति कमजोर बन सकता है। प्रत्येक शब्द जो हम सोचते हैं, वह हमारे जीवन को निर्मित कर रहा होता है। यदि आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में असफल नहीं होना चाहते तो इस पर न सोचे, केवल सफलता के बारे में सोचें। मात्र कठिन परिश्रम ही सफलता नहीं दिलाता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो कठिन परिश्रम करते हैं, परंतु सफलता कुछ को ही मिलती है, क्योंकि परिश्रम के साथ-साथ एक और महत्वपूर्ण चीज है, वह है रचनात्मक तथा सकारात्मक सोच। जब कठिन परिश्रम के साथ सकारात्मक सोच का मिलाप होता है, तब कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है। इतिहास साक्षी है कि जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, वह अपने संघर्ष काल या बुरे समय में सकारात्मक सोच के कारण ही महान बने हैं। महान कार्यों के पीछे महान सोच की प्रेरणा रहती है। आपके विचार जितने महान होंगे, जीवन में सब कुछ उतना ही महान हो जाएगा।



## ज्ञान की बात

- किस संस्थान ने स्तन कैंसर के प्रारंभिक निदान के लिए फोटोअकाउस्टिक तकनीक का उपयोग करके एक उपकरण विकसित किया है?
  –आईआईटी इंदौर
- पुष्कर झील राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
  –अजमेर
- भारत में जय हिंद पुल किस नदी के ऊपर बना है?
  –कोलकाता
- भारत और श्रीलंका को कौन सा ब्रिज जोड़ता है?
  –एडम्स ब्रिज (रामसेतु)
- भीमबेटका की खोज कब की गई थी?
  –वर्ष 1957–1958 में
- हाल ही में किस संगठन ने साहिबी (साबी) नदी के प्रवाह को सफलतापूर्वक खोजा?
  –इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज

## न्यूज ब्रीफ

### एसएचओ बैजनाथ अब सीआईडी में देंगे सेवाएं



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के थाना प्रभारी मुनीष कुमार अब स्टेट सीआईडी में अहम भूमिका निभाने जा रहे हैं। हमीरपुर के इस अधिकारी ने बैजनाथ में कई जटिल मामलों को सुलझाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 2025 की साइबर कमांडो प्रशिक्षण परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 33वीं रैंक हासिल कर उन्होंने एक और उपलब्धि अपने नाम की। सीआईडी में नई पारी की शुरुआत करने के लिए मनीष कुमार को स्थानीय विधायक किशोरी लाल व्यापार मंडल प्रधान मनोज कपूर विकास बाबा तथा कई सामाजिक संगठनों उनको बधाई दी है।

### भागसूनाग में अज्ञात युवक का शव बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के तहत भागसू वॉटरफॉल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला है। घास काट रही महिलाओं ने मंगलवार को वाटरफॉल से करीब 200 मीटर नीचे खड्ड में शव को देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। एएसपी कांगड़ा अदिति सिंह ने बताया कि शव कई दिन पुराना है। शव को पहचान के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। पोस्टमॉर्टम तीन दिन बाद किया जाएगा अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### धारकंडी की शिवानी ने पास की जेआरएफ परीक्षा



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** धारकंडी क्षेत्र के गांव मोर्छ की शिवानी जरियाल पुत्री स्व. मेहर सिंह जरियाल ने प्रदेश यूजीसी नेट (जेआरएफ) की परीक्षा 58.0536913 प्रतिशत के साथ पास की है। पीएचडी करने के लिए शिवानी जरियाल को लगभग 40हजार प्रति माह स्कॉलरशिप मिलेगी। शिवानी जरियाल की इस सफलता से धारकंडी में खुशी की लहर है। शिवानी जरियाल के पिता मेहर सिंह जरियाल एक ट्रक ड्राइवर थे, जिनकी एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। उस समय शिवानी जरियाल मात्र पांच साल की थी। माता संजीवना ने मेहनत मजदूरी कर शिवानी का पालन पोषण किया। शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता और अपने छोटे भाई को दिया है।

### राजेश राणा व दिनेश वरिष्ठ उपप्रधान बने

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत कर्मचारी यूनियन के फतेहपुर यूनिट के त्रैवार्षिक चुनाव सिमरन पैलेस फतेहपुर में यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर की अध्यक्षता में हुए। इसमें सर्वसम्मति से प्रधान राजेश राणा, वरिष्ठ उपप्रधान दिनेश, उपप्रधान धीरज, उपप्रधान शमी, उपप्रधान दर्शन, सचिव बलकार चौधरी, संयुक्त सचिव रजत, प्रेस सचिव नीतीश, ऑडिटर संजीव शर्मा, मुख्य सलाहकार शिशुपाल, सलाहकार विजय फोरमैन चुने गए।

### अस्थायी उत्तरकुंजी वेबसाइट पर अपलोड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की गई दस विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं (टेट) की अस्थायी उत्तर कुंजियां बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं का आयोजन 1 जून से 12 जुलाई के मध्य किया गया था, जिनमें टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, हिंदी, संस्कृत, पंजाबी, उर्दू, डीएलएड (जेबीटी) और स्पेशल एजुकेटर के पेपर शामिल हैं। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को उत्तर कुंजी में दर्ज उत्तरों पर कोई आपत्ति है, वे प्रमाणित तथ्यों सहित अपनी आपत्तियां 28 जुलाई तक ईमेल या कार्यदिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### ग्रामीण बैंक ने पीड़ित परिवार को दिए दो लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कांगड़ा ने एक पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की है। यह राशि बिंता देवी पत्नी इंद्रजीत सिंह निवासी अरला देहरा डाक सकोंत, कांगड़ा को शाखा प्रबंधक चंद्रवीर सिंह कटोच द्वारा प्रदान की गई है। इंद्रजीत सिंह की आकस्मिक मृत्यु के बाद बैंक कर्मियों ने परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में जानकारी दी, जो कि पूर्व में इंद्रजीत ने अपने खाते से करवाया हुआ था। इस योजना के तहत नॉमिनी के अकाउंट में 2 लाख रुपए की बीमा राशि डाल दी गई है।

### धर्मशाला में नशा मुक्ति पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य विभाग जिला कांगड़ा द्वारा ड्रग एब्यूज और नशा मुक्ति से जुड़ी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सूद ने की। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा ने बताया कि कार्यशाला में जिले के स्वास्थ्य संस्थानों के नई दिशा केंद्रों में सेवारत चिकित्सा अधिकारियों व पैरामेडिकल स्टाफ काउंसलर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के लिए भाग लिया। डॉ. अनीता ठाकुर मनोचिकित्सक, जोनल अस्पताल धर्मशाला ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना और इसके दुष्प्रभावों व इलाज के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा प्लान संस्था के हिल्दारी प्रोजेक्ट के सौजन्य से महाविद्यालय में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत सफाई अभियान चलाया। एनएसएस इकाई के 70 स्वयंसेवियों ने भाग लिया और 132 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट इकट्ठा किया। हिल्दारी प्रोजेक्ट के कार्यकर्ताओं राहुल अश्विन, काजल, ज्योति, श्रद्धा और वाणी ने स्वयंसेवकों को अपने आसपास की सफाई के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवियों की प्रशंसा की।

### आपदा से निपटने के लिए जागरूकता जरूरी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** खंड विकास कार्यालय कांगड़ा के सभागार में सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन के तहत स्वयंसेवक प्रशिक्षण और लामबंदी पर पंचायत प्रधानों एवं सचिवों की त्रैमासिक उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कांगड़ा इशांत जस्वाल ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी आप तरह की आपदा से निपटने के लिए समाज का जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए प्रत्येक पंचायत से पांच स्वयंसेवकों को तैयार करने की बात कही।

### थुरल कॉलेज में नशा निवारण पर कार्यशाला

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा निवारण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता महाविद्यालय की प्राचार्या राका शर्मा ने कहा कि युवाओं को समझना होगा कि नशा उनकी क्षमता और भविष्य दोनों को बर्बाद कर सकता है। हमें नशे से दूर रहना चाहिए।

---

### हाईकोर्ट के आदेश पर प्रेमचंद व पवन शर्मा को अक्तूबर 2003 से मिलेंगे पदोन्नत व वित्तीय लाभ

# वन विभाग के दो पूर्व अफसरों को 22 साल बाद मिला न्याय

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** हिमाचल प्रदेश के वन विभाग में कार्यरत रहे वन विभाग के दो अधिकारियों प्रेमचंद और पवन शर्मा को आखिरकार 22 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद न्याय मिला है। दोनों अधिकारी वर्ष 2003 तक रेंज ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे और वरिष्ठता, अनुभव व योग्यता के आधार पर उन्हें जिला वन अधिकारी (डीएफओ/एचपीएफएस) के पद पर पदोन्नति मिलनी चाहिए थी। विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक अनदेखी के चलते उन्हें पदोन्नति देने की बजाय समय से पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया। इन दोनों अधिकारियों ने विभागीय निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वर्षों की लंबी सुनवाई के बाद हाल ही में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आदेश दिया कि प्रेमचंद व पवन शर्मा को अक्तूबर 2003 से एचपीएफएस के पद पर पदोन्नत मानते हुए सभी वित्तीय लाभ दिए जाएं। फैसले में स्पष्ट किया कि यदि विभाग ने नियमों के अनुसार पदोन्नति दी होती, तो न केवल इन अधिकारियों को आर्थिक लाभ मिलता, बल्कि उन्हें मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न से भी नहीं गुजरना पड़ता। हाईकोर्ट ने विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई और इसे सेवा न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया।

#### पदोन्नति की बारी आई तो दरकिनार किया: प्रेमचंद



**प्रेमचंद** का कहना है कि मैंने अपना पूरा जीवन निष्ठा और ईमानदारी से वन विभाग को दिया। जब पदोन्नति की बारी आई तो मुझे बिना कारण दरकिनार कर दिया गया। 21-6-2001 को प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल ने फैसला हमारे हक में दिया। विभाग फिर हाईकोर्ट में चला गया। हाईकोर्ट ने 18-12-2008 को भी प्रशासनिक ट्रिब्यूनल का फैसला ही कायम रखा। इसके बाद विभाग सुप्रीम कोर्ट गया। सुप्रीम कोर्ट ने विभाग की एसएलपी को खारिज कर दिया, लेकिन विभाग फिर अपनी मनमानी पर अड़ा रहा। हम कई बार विभाग से गुहार लगाते रहे, लेकिन हमारी आवाज को अनसुना किया गया। हम फिर खुद उच्च न्यायालय गये। न्यायालय से 7-7-2025 को फैसला आया तो एक सुकून है, पर यह समय और आत्मसम्मान लौट कर नहीं आ सकता, जो हमसे छीन लिया गया था।

#### हमारी लड़ाई सिस्टम के खिलाफ थी: पवन



**पवन** शर्मा का कहना है कि हमारी लड़ाई किसी एक पद की नहीं थी, यह लड़ाई उस सिस्टम के खिलाफ थी, जो योग्य अधिकारियों को उनका हक नहीं देता। अब जब न्यायालय ने सच्चाई को स्वीकार किया है, तो उम्मीद है कि भविष्य में औरों के साथ ऐसा अन्याय नहीं होगा।

---

## महाकाल मंदिर परिसर का होगा कायाकल्प : एसडीएम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने कहा कि महाकाल मंदिर का जल्द कायाकल्प किया जाएगा। मंदिर का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि यहां के स्नानागार में स्वच्छ जलापूर्ति की जाएगी और स्नानागार के भीतर और बाहर टाइलें लगाई जाएंगी, क्योंकि भाद्रपद में महाकाल का विशेष महत्व रहता है, इसलिए यहां तमाम कार्य उससे पहले करवाया जाएगा, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके।



**बेहतर बनेंगे स्नानागार, वाटिकाओं में लगाए जाएंगे फूलदार पौधे**

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर की खाली भूमि पर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए हॉर्टिकल्चर विशेषज्ञ की मदद ली जाएगी। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध दर्शनों के लिए लोहे की रेलिंग भी लगाई जाएगी। मंदिर के मुख्य कुंड की साफ-सफाई भी की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों और मंदिर के ट्रस्टियों से आह्वान किया है कि वे मंदिर की बेहतरी के लिए अपने-अपने सुझाव उनके कार्यालय में दे सकते हैं।

---

## धर्मशाला के कश्मीर हाउस से चलेगा पर्यटन विकास निगम : आरएस बाली



बाल मेले को लेकर बाल मेला कमेटी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक करते आरएस बाली।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश पर्यटन विकास निगम अब धर्मशाला के एतिहासिक कश्मीर हाउस से संचालित होगा। इस मौके पर उनके साथ पर्यटन निगम के एमडी राजीव कुमार और एजीएम कैलाश ठाकुर मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि फिलहाल एचपीटीडीसी का यह अस्थायी कार्यालय होगा और आने वाले समय में जल्द इसे स्थायी ठिकाना मिलेगा। उन्होंने कहा कांगड़ा के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि कांगड़ा जिला को इतनी बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा हमने कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है, जिसे हम पूरा करके रहेंगे। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के समस्त अधिकारी और कर्मचारी अब धर्मशाला में बैठकर पूरे हिमाचल प्रदेश के पर्यटन का विस्तार करेंगे। उन्होंने नगरोटा बगवां में विकास पुरुष स्व. जीएस बाली के जन्मदिन के मौके पर आयोजित किए जा रहे बाल मेले के कार्यों को लेकर बाल मेला कमेटी के सदस्यों के साथ कार्यों की समीक्षा की और लोगों की समस्याओं को भी सुना।

---

## धार में पिकअप से खैर के 40 मोछे बरामद, पांच वन काटु किए गिरफ्तार



धार में पिकअप से बरामद अवैध खैर की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किए गए पांच वन काटु।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां रेंज के वन विभाग के कर्मियों ने मंगलवार रात को धार में पिकअप गाड़ी को पकड़ा, जिसमें अवैध खैर लकड़ी की लकड़ी बरामद हुई है। यह कार्रवाई सुरेंद्र सैनी आरओ नगरोटा सूरियां के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रात लगभग 2:30 पर वन विभाग की टीम ने वाहन को रोका और जांच करने पर उसमें अवैध खैर की लकड़ी बरामद हुई। गाड़ी में 40 मोछे थे।

गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपी किसी प्रकार का लाइसेंस और परमिट नहीं दिखा पाए। मामले की सूचना पुलिस थाना हरिपुर में भी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पिकअप के साथ ही ऑल्टो कार को भी कब्जे में लिया है। आरोपियों की पहचान राहुल कुमार (25), बालकृष्ण (34) निवासी बनखंडी, अर्जुन निवासी बंगोली, नीरज कुमार (23) निवासी फुलमलिक साहपुरकमाल वेगुसराय बिहार और सौरभ कुमार गांव गाहटारा जलकौरा खगड़ियां बिहार के रूप में हुई है। डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा ने कहा कि खैर के 40 मोछे वन विभाग की टीम ने पकड़े हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। एक पिकअप ओर ऑल्टो को भी जब्त किया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

---

## विधायक किशोरी ने घाड़-वही गांव में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की वही पंचायत के घाड़-वही गांव का दौरा कर जनता की जनसमस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जहां मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत बेसहारा बच्चों, निराश्रित महिलाओं और जरूरतमंदों को सरकार की ओर से पूर्ण देखभाल और सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती, बागवानी और सिंचाई योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाकर प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक, सुरक्षित और सशक्त जीवन प्रदान करना है। क्षेत्र में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए बैजनाथ स्थित पंडित संतराम महाविद्यालय में एमए के चार विषयों में कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

---

### ट्रेनी भर्ती नीति युवाओं के भविष्य से खिलवाड़: काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भाजपा राष्ट्रीय कार्य परिषद के सदस्य विधायक पवन काजल ने कहा कि हिमाचल सरकार बेरोजगारों से सरकारी नौकरी के नाम पर ट्रेनी भर्ती नीति के जरिये उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। युवा विरोधी नीति का भाजपा विधानसभा के मानसून सत्र में पुरजोर विरोध करेगी। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बैदी पंचायत के वार्ड नंबर 3 में काजल ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने बाद युवाओं ओर महिलाओं साथ की चुनावी गारंटी को पूरा करने में नाकाम रही है। सरकार रेगुलर नौकरी देने के बजाए ट्रेनी आधार पर भर्ती की अधिसूचना जारी कर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

### हैप्पी बर्थडे



रजवाड़ी बग्गी (मंडी) के अक्ष प्रेमी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### डीएवी कॉलेज का परिणाम बेहतर, शैलजा प्रथम



**अशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किए गए बीकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएमबी महाविद्यालय कांगड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा परिणाम में शैलजा (सीजीपीए 8.02) ने प्रथम स्थान, शगुन (सीजीपीए7.86) ने द्वितीय स्थान और अनुज (सीजीपीए 7.86) ने महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम में वर्ष प्रतिवर्ष शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं और इसका श्रेय विद्यार्थियों और अध्यापकों के परिश्रम को जाता है।

### जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के छलावा : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार कश्यप ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे युवाओं के साथ एक बड़ा धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियों का सपना दिखा रही थी। वहीं दूसरी ओर अब नौकरी के नाम पर उनका शोषण कर रही है। इस नीति के माध्यम से सरकार नौकरियां देने की बजाए अस्थायी ट्रेनी पद देकर युवाओं का भविष्य असुरक्षित कर रही है। नीति युवाओं पर आर्थिक और मानसिक दबाव डाल रही है। युवाओं को कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इस नीति के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया है।

### बिहार के मतदाता ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में अस्थायी रूप से रह रहे बिहार के मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व भरे हुए प्रपत्र डाउनलोड कर, हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सऐप, ई-मेल या अन्य माध्यम से संबंधित बीएलओ को भेज सकते हैं अथवा परिवार के सदस्य के माध्यम से बीएलओ को प्रेषित कर सकते हैं। प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी तथा दावे एवं आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचक को गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित 11 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

### नशे में धुत्त व्यक्ति ने खड्ड में लगाई छलांग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के सेहल सड़क मार्ग पर भटवाली खड्उ के पुल से एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी। लोगों ने तुरंत पुलिस को फोन किया। पुलिस जवान अंकुश धीमान ने अपनी जान को जोखिम में डालकर उक्त व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से खड्ड से निकाल कर सिविल अस्पताल बैजनाथ पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। उक्त व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि 41 वर्षीय देवराज उत्तराखंड का निवासी है तथा वह बैजनाथ में निजी रेस्टोरेंट में कुक का काम करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रदेश को मिले एक हजार करोड़ रुपए का राहत पैकेज

**अनंत ज्ञान। जयसिंहपुर।** प्रदेश के मंडी जिले एवं आसपास के क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर जयसिंहपुर उपमंडल 'आप' ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। उन्होंने कहा कि मंडी जिला एवं आसपास क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर हिमाचल प्रदेश के लिए 1 हजार करोड़ का विशेष आपदा राहत पैकेज जल्द से जल्द घोषित करे। मृतकों के परिवारों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं और भोजन/पानी/दवाइयों की व्यवस्था के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेघर हुए लोगों को शीघ्र आवास उपलब्ध करवाए।

### कांग्रेस सरकार कर रही युवाओं के साथ धोखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश दत्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के साथ धोखा है। यह निर्णय न केवल राज्य के बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों की सच्चाई को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान वादा किया था कि पांच लाख नौकरियां दी जाएंगी और पहली कैबिनेट बैठक में एक लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन अब 'नौकरी' के स्थान पर 'ट्रेनी' शब्द का उपयोग कर युवाओं से धोखा किया जा रहा है। ट्रेनी के रूप में नियुक्त अभ्यर्थियों को न तो पूरा वेतन मिलेगा, न भत्ते और न ही अन्य सरकारी सुविधाएं, जो एक नियमित सरकारी कर्मचारी को मिलती हैं। यह नीति उन शिक्षित, परिश्रमी युवाओं का अपमान है, जिन्होंने कठिन प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर यह पात्रता प्राप्त की। उन्होंने मांग की है कि सरकार तत्काल इस नीति को वापस ले।

---

## टेलीग्राम के जरिए 40 लाख की ठगी का आरोपी महाराष्ट्र से पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**साइबर** थाना धर्मशाला की टीम ने टेलीग्राम के जरिए पालमपुर के व्यक्ति के साथ 40 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले शातिर को महाराष्ट्र से अपने शिकंजे में लिया है। इसके साथ ही जांच के दौरान शातिर से 5.11 लाख रुपए रिकवर भी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में पालमपुर के भट्टू समूला के निवासी को ऑनलाइन माध्यम टेलीग्राम से ऑनलाइन टास्क देकर लाखों रुपए कमाने का विश्वास दिलाकर ऑनलाइन टास्क दिया था। इस पर लालच में आकर पीड़ित टास्क में पैसे लगाता गया। जो कुल मिलाकर 40 लाख रुपए हो गया था। जब पीडित ने निवेश किए गए पैसे के लाभ की राशि को निकलवाने का प्रयास किया तब उसे ऑनलाइन ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीडित ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। साइबर थाना की टीम ने मामले की कड़ियां जोड़ते हुए आरोपी को महाराष्ट्र से दबोच लिया है तथा आरोपी को संबंधित धारा के तहत नोटिस जारी किया गया है।

**आरोपी से 5 लाख रुपए से अधिक राशि बरामद, नोटिस जारी**

> वर्ष 2023 में शातिरों द्वारा टेलीग्राम द्वारा ऑनलाइन टास्क के माध्यम से लाखों रुपए कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति से कुल 40 लाख रुपए ठगे थे। इस मामले में थाना की टीम महाराष्ट्र गई थी। जहां से मामले को लेकर एक शातिर को टीम ने पकड़ा व जांच के दौरान ही 5.11 लाख रुपए शातिर से रिकवर किए। इसके बाद इस शातिर को संबंधित धारा के तहत नोटिस जारी किया।
>
> **प्रवीण धीमान, एएसपी, साइबर थाना उत्तरी क्षेत्र धर्मशाला।**

---

## जनता त्रस्त, लोक निर्माण मंत्री विदेश दौरे में मस्त: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस सरकार के लोक निर्माण मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा



हिमाचल प्रदेश एवं मंडी जिला पिछले 21 दिन से भारी बारिश और त्रासदी के दौर से गुजर रहा है, पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं उनकी मित्र मंडली विदेश दौरे पर गए हैं। इस त्रासदी के दौर में हिमाचल की जनता त्रस्त है और प्रदेश के मंत्री विदेश दौरे में मस्त हैं। निर्माण विभाग में 500 करोड़ से अधिक का नुकसान, पर विभाग के मंत्री स्वयं गायब हैं। विक्रमादित्य सिंह समेत चार विधायकों और दो अफसरों के विदेश दौरे का खर्च शिमला स्मार्ट सिटी प्रबंधन को उठाना होगा। शहरी विकास विभाग ने स्मार्ट सिटी प्रबंधन को इस बारे में पत्र लिखकर जल्द पैसों का इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

---

## मिलिट्री हॉस्पिटल परिसर से वैकल्पिक मार्ग की अनुमति



एसडीएम ने लिया माजरा, छन्नी पंचायतों को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग का जायजा।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा क्षेत्र में भारी बारिश के चलते माजरा, डमटाल,मोहटली और छन्नी पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने मिलिट्री हॉस्पिटल के अधिकारियों तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्थल का दौरा किया और वैकल्पिक पैदल रास्ते की संभावनाओं का जायजा लिया। उन्होंने हॉस्पिटल परिसर से होकर स्कूली बच्चों व स्थानीय निवासियों के अस्थायी आवागमन को लेकर मिलिट्री अधिकारियों से चर्चा की। मिलिट्री अधिकारियों ने भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए स्थिति को समझा और आवश्यक सहमति प्रदान की।

एसडीएम ने बताया कि जब तक सिविल एंक्लेव मार्ग की मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक मानवीय आधार पर यह वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि प्रशासन क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर पूरी तरह गंभीर है और हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

---

## योल में चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर उड़ाई 1 लाख नकदी व हार

**अनंत ज्ञान, योल।** योल बाजार में मंगलवार रात को चोरों ने व्यापारी संजय भोहरा की दुकान का शटर के ताले तोड़कर एक लाख रुपए से अधिक की नकदी व नोटों से बने हार चोरी कर लिए। संजय भोहरा ने बताया कि सुबह दुकान खोलने गया तो शटर में लगे ताले टूटे हुए थे।

अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और कैश बॉक्स गायब था। चोरों ने करीब एक लाख रुपए से ऊपर की चोरी को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही योल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। व्यापारियों ने प्रशासन से गश्त बढ़ाने और बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। थाना प्रभारी धर्मशाला नारायण सिंह से कहा कि शिकायत मिली है और जांच की जा रही है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

---

## कोटला के लोगों ने किया तारकोल प्लांट का विरोध

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** उपतहसील कोटला के तहत कोटला पंचायत के स्थानीय लोगों द्वारा फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे तारकोल प्लांट का विरोध जारी है। ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार ज्ञानचंद के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन भेजा। लोगों ने तारकोल प्लांट न लगाने की मांग की है। लोगों ने कहा कि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सोलधा पंचायत ने तारकोल प्लांट लगाने के लिए एनओसी दी है, तो पंचायत सोलधा के बीच में ही इसे लगाया जाए। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य योगराज मेहरा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, पंचायत कोटला को उपप्रधान मंगल सिह, वार्ड पंच विनय कुमार आदि उपस्थित रहे। कोटला पंचायत प्रधान रीता देवी ने कहा कि मैं लोगों के साथ खड़ी हूं। कोटला के समीप लग रहे प्लांट को लेकर समीपवर्ती पंचायत ने कोई बात नहीं की। तारकोल प्लांट का विरोध करेंगे। वहीं, पूर्व जिला परिषद सदस्य योगराज मेहरा ने कहा कि तारकोल प्लांट लगाने का लोग विरोध कर रहे हैं। किसी भी सूरत में प्लांट लगने नहीं दिया जाएगा। बीडीसी सदस्य मोनिका ने कहा कि रिहायशी इलाके के समीप तारकोल प्लांट नहीं लगना चाहिए। सोलधा पंचायत प्रधान रवजेश कुमारी ने कहा कि फोरलेन निर्माण कंपनी को तारकोल प्लांट के लिए एनओसी दी गई है। लोगों के विरोध के बावजूद जल्द ही एनओसी को रद्द कर दिया जाएगा। इस तहसीलदार ज्ञान चंद ने बताया कि तारकोल प्लांट के विरोध में कोटला के ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है, जिसे उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

**तहसीलदार के माध्यम से प्रशासन को भेजा ज्ञापन**

## न्यूज ब्रीफ

### सेब से लदी पिकअप लुढ़की, जानी नुकसान नहीं

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत खैल-शिलिकायन संपर्क मार्ग पर गाड़ी संख्या एचपी 64सी-6880 दुर्घटनाग्रस्त हुई। जिसमें बागवान जोगंदर सिंह की सेब की 105 सेब की पेटियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस दुर्घटना में कोई भी जाने नुकसान नहीं हुआ है और चालक को सिविल अस्पताल नेरवा में प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह एक सेब से लदी पिकअप शिलीकायन में सड़क धंस जाने के कारण नाले में जा गिरी और कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सेब मालिक ने सेब को दोबारा पेकिंग के बाद दूसरी गाड़ी में मंडी भेज दिया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने दुर्घटना की पुष्टि की है और कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

### आपदा प्रभावितों के लिए दिए 31 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** मंडी जिला में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए जेसीबी पब्लिक स्कूल खलीनी शिमला के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने स्कूल प्रबंधन, स्टाफ और अभिभावकों की ओर से 31 हजार रुपए का चेक पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भेंट किया। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने इस पुनीत सामाजिक कार्य के लिए जेसीबी पब्लिक स्कूल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के कुछ क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से बहुत नुकसान हुआ है जहां पर अनेक परिवार बेघर हो गए हैं। इस दुःख की घड़ी में लोग बड़ी उदारता के साथ आपदा प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानचार्य ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्वयं पैदल दौरा करके लोगों का इस संकट की घड़ी में हौसला बढ़ाया है। उन्होने आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एकत्रित राशि करने के लिए स्कूल के स्टाफ और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया ।

### अंबेडकर बुक कैफे का नाम बदलने पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक पर स्थित अंबेडकर बुक कैफे का नाम बदलकर हिम ईरा प्रीमियम स्टोर किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने इस कदम को बहुजन समाज विरोधी करार देते हुए कड़े शब्दों में इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस फैसले से समाज में भारी रोष व्याप्त है। भाटिया ने याद दिलाया कि इस जगह पर अंबेडकर पुस्तकालय के निर्माण का शिलान्यास 6 दिसंबर 2001 को तत्कालीन राज्यपाल स्वर्गीय सूरज भान ने किया था, जिन्होंने इसके लिए ₹1 लाख की राशि भी दी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस पुस्तकालय के निर्माण के लिए वे लगातार पूर्व सरकारों और संबंधित विभागों से संपर्क करते रहे और आंदोलन भी करते रहे हैं।

### बच्चों ने अपनी मां के नाम लगाया एक पौधा

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के अंतर्गत वीर चक्र शहीद श्याम सिंह भिकटा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नेरवा की एनएसएस यूनिट, ईको क्लब द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रत्येक बच्चे ने अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया और प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में हरियाली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर एवं कॉलेज परिसर के आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' की भावना को जीवंत करते हुए, विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया और उसकी देखभाल का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य दिनेश स्टेटा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, 'एक वृक्ष लगाना न केवल पर्यावरण की सेवा है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। 'एक पेड़ मां के नाम' योजना इस दिशा में एक सुंदर पहल है जो मातृभूमि और मां दोनों के प्रति सम्मान को दर्शाती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य कमल भिकटा कार्यक्रम अधिकारी ममता तेगटा, कार्यक्रम अधिकारी सुशील दफराईक, इको क्लब इंचार्ज संतोष नेगी, चंद्र मोहन नेगी, नितिका शर्मा वीना शर्मा और छात्रों के अभिभावक जिसमें कि उनकी मां भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई।

# सेब बागवानों को राहत : मनमानी पर रोक, प्रशासन ने तय की ढुलाई की दरें

## ट्रांसपोर्टरों ने निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूला तो की जाएगी कानूनी कार्रवाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब उद्योग से जुड़े लाखों बागवानों के लिए सुकून की खबर आई है। जिला प्रशासन ने इस साल के सेब सीजन के लिए परिवहन दरें निर्धारित कर दी हैं, जिससे मनमानी और अतिरिक्त वसूली पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उपायुक्त शिमला द्वारा लिए गए इस फैसले ने न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित की है, बल्कि बागवानों की आर्थिक सुरक्षा को भी मजबूत किया है। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई भी ट्रांसपोर्टर इन निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूलता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार हर साल सेब सीजन शुरू होते ही परिवहन की दरें अनियंत्रित तरीके से बढ़ जाती थीं, जिससे बागवानों की मेहनत का बड़ा हिस्सा ट्रांसपोर्टर ले जाते थे। अब इस समस्या का समाधान मिल गया है। प्रशासन ने विभिन्न वाहनों और दूरियों के लिए अलग-अलग दरें तय की हैं। दिल्ली जैसे दूर के बाजारों के लिए ट्रकों की दर 0.90 प्रति क्विंटल/किमी निर्धारित की गई है, जबकि चंडीगढ़ के लिए यह दर1.30 प्रति क्विंटल/किमी है। इसी तरह, पिक-अप वाहनों के लिए 20 किमी तक की दूरी के लिए 2.30 प्रति क्विंटल/किमी और उससे अधिक की दूरी के लिए 2.50 प्रति क्विंटल/किमी की दर तय की गई है। छोटे आयशर जैसे वाहनों के लिए 1.30 प्रति क्विंटल/किमी की दर लागू होगी।

### धांधली होने पर करें शिकायत

**उपायुक्त** ने किसानों और कमीशन एजेंटों को सशक्त करते हुए अपील की है कि अगर कोई भी ट्रांसपोर्टर निर्धारित दरों से अधिक वसूली करने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय एसडीएम कार्यालय या बागवानी विभाग को दें। उन्होंने यह भी सलाह दी है कि सभी बागवान परिवहन बिल और भुगतान के प्रमाण को संभाल कर रखें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में उनके पास मजबूत सबूत हो।



### बागवान उठा पाएंगे अपनी आवाज

**बहरहाल,** प्रशासन की यह पहल न केवल शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाती है, बल्कि बागवानों को अपने हक के लिए आवाज उठाने का हौसला भी देती है। अब बागीचे से लेकर मंडी तक का सफर पहले से अधिक सुगम, पारदर्शी, सुरक्षित और किफायती होगा, जिससे उनकी मेहनत का पूरा फल उन्हें समय पर, उचित मूल्य पर और बिना शोषण के मिलेगा।

# भामसं ने उठाई संगठित और असंगठित कर्मियों को न्यूनतम वेतन देने की मांग



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**रोहड़ू।** भारतीय मजदूर संघ (भामसं) ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर रोहड़ू के संदासू विश्राम गृह में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डों और संगठनों के सैकड़ों पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में भामसं की 70 वर्ष की संघर्ष गाथा और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ भामसं नेता विपन डोगरा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भामसं की स्थापना 23 जुलाई 1955 को ठेंगड़ी द्वारा की गई थी और आज यह विश्व का सबसे बड़ा मजदूर संगठन बन चुका है, जिसकी 5000 से अधिक यूनियनें और दो करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

बैठक में संगठनात्मक मुद्दों और कर्मचारियों की समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। एक मांग पत्र केंद्र और राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। इसमें असंगठित, आउटसोर्स, पैराकर्मी और मल्टी टास्क वर्कर को न्यूनतम 24,000 रुपए मासिक वेतन देने, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, पुरानी पेंशन बहाली, रुके मेडिकल बिलों का भुगतान, समान वेतन व सेवा शर्तें लागू करने जैसी प्रमुख मांगे शामिल थीं।

# सिकंदर ने संसद में उठाया बायोमास और दवाओं की गुणवत्ता का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यसभा** सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण सुरक्षा के लिए बायोमास दिशानिर्देशों में संशोधन के बारे में पूछा। इसके जवाब में, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने बताया कि मंत्रालय ने कई प्रमुख संशोधन किए हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश में बायोमास ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण बढ़ाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि केंद्र सरकार बायो-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, जिसमें पराली प्रबंधन और अन्य कृषि अवशेषों का उपयोग शामिल है।

### पिछले दो वर्षों में 2,275 दवा नमूनों का हुआ परीक्षण

डॉ. सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश में दवाओं की गुणवत्ता पर भी चिंता जताई। उन्होंने हाल ही में मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, जिसमें 47 दवा नमूनों को 'कम गुणवत्ता' वाला घोषित किया गया था। इस पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि मई 2025 में 186 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया, जिनमें से 49 हिमाचल में निर्मित थीं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने हिमाचल की फार्मा कंपनियों के 2,275 दवा नमूनों का परीक्षण किया है। मंत्री ने सदन में देशभर में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए नियामक उपायों की भी जानकारी दी।

# चौपाल में विकास परियोजनाओं को लेकर गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिंदलोक सेवा फाउंडेशन ने चौपाल में विभिन्न विकास परियोजनाओं, खासकर सड़क निर्माण में व्यापक भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। हिंदलोक सेवा फाउंडेशन ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना नाबार्ड और अन्य योजनाओं के तहत बन रही सड़कों और सरकारी भवनों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल और फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपए का गबन किया गया है। फाउंडेशन ने इन आरोपों की गहन जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि आने वाले सेब सीजन के लिए प्रशासन की तैयारियां घोर लापरवाही का शिकार हैं। सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है, मंडियों में सुविधाओं की कमी है, और बिजली-पानी की आपूर्ति भी बाधित है। इससे हजारों सेब बागवानों में गहरा आक्रोश है। फाउंडेशन ने आरोप लगाया है कि अवैज्ञानिक तरीके से सड़क काटने के कारण कई पेड़ नष्ट हुए हैं।

# सीआईएसएफ हो रहा है 'बैटल रेडी'

## खतरों से निपटने के लिए भारतीय सेना के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण शुरू

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** उप कमांडेंट कौशलेंदर सिंह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसजेवीएनएल झाकड़ी ने बताया की बदलते सुरक्षा खतरों के बीच अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए सीआईएसएफ ने भारतीय सेना के साथ मिलकर गहन संयुक्त प्रशिक्षण शुरू किया है। यह कदम सीआईएसएफ को असामान्य और आधुनिक खतरों से निपटने के लिए 'बैटल रेडी' बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सीआईएसएफ के लिए 'बैटल रेडी' का मतलब है कि उसके जवान देश के अहम और संवेदनशील ठिकानों जैसे हवाई अड्डे, परमाणु संयंत्र, सरकारी इमारतें और संसद में किसी भी आपात स्थिति में तेज और असरदार प्रतिक्रिया दे सकें। इसमें ड्रोन हमला, आतंकी हमला, अंदरूनी खतरा और तोड़फोड़ जैसी घटनाओं से सटीक ढंग से निपटना शामिल है।



### प्रशिक्षण में शामिल मुख्य विषय

**रात** में ऑपरेशन (नाइट ऑपरेशन),जंगल युद्ध (जंगल वॉरफेयर), नजदीकी मुकाबला (क्लोज कॉम्बैट), सहनशक्ति बढ़ाने के अभ्यास (एंड्योरेंस ट्रेनिंग) ये ट्रेनिंग सीआईएसएफ के शहरी सुरक्षा अनुभव को और मजबूत करते हुए जवानों को जटिल इलाकों और उच्च खतरे वाले क्षेत्रों में भी काम करने के लिए तैयार करेगी।

### प्रशिक्षण के लिए क्यूआरटी के जवान चुने

**इस** कठिन प्रशिक्षण के लिए केवल सीआईएसएफ की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) के जवानों को चुना गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हैं। चयन के लिए उम्र 35 साल से कम होनी चाहिए और एनएसजी मानकों के अनुसार बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट पास करना अनिवार्य था। ये सभी जवान पहले ही छह महीने की सघन इन-हाउस ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। भविष्य में सीआईएसएफ इस तरह के एडवांस युद्ध प्रशिक्षण को अन्य यूनिट्स तक भी विस्तार देगा, खासकर उन स्थानों से शुरू करते हुए जो सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

पहली बार सीआईएसएफ के पूरे बैच को कश्मीर घाटी में सेना की विशेष यूनिट्स से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले सिर्फ कुछ ही जवानों को सेना में प्रशिक्षण का अवसर मिलता था। अब सीआईएसएफ और सेना के बीच बेहतर तालमेल और राष्ट्रीय हित को देखते हुए बड़ी संख्या में जवानों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बंबर ठाकुर ने मान्नर गांव में किया राशन डिपो का उद्घाटन



मान्नर गांव में डिपो का उद्घाटन करते हुए पूर्व विधायक बंबर ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बैरी** रजादियां पंचायत के तहत आने वाले मान्नर गांव में बुधवार को पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उचित मूल्य की दुकान (राशन डिपो) का उद्घाटन किया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व वार्ड सदस्य संजय शर्मा ने उन्हें पहाड़ी टोपी और शाल पहनाकर सम्मानित किया।

राशन डिपो के खुलने से अब बैरी रजादियां पंचायत के मान्नर, कंज्योटा, झनेतर, डिगर, गांधी रोपा, छटोल जट्टा सहित कई गांवों के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। पूर्व वार्ड सदस्य संजय शर्मा ने यह मांग पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के समक्ष रखी थी और लगभग छह महीने की कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब यह डिप्पू जनता को समर्पित कर दिया गया है। बंबर ठाकुर ने बताया कि डिपो का संचालन राज कुमार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा द्वारा रखी गई दो अन्य मांगों को भी पूरा किया गया है। कज्योटा से मान्नर लिंक रोड के पक्कीकरण के लिए 10 लाख 12 हजार रुपए तथा छटोल जट्टा से मान्नर लिंक रोड के लिए 10 लाख 18 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। साथ ही मान्नर गांव की पेयजल समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए जल्द ही विभागीय टीम भेजकर अलग बोरिंग करवाई जाएगी और एक ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा।

# बिलासपुर का उत्कर्ष शर्मा यूजीसी-नेट जेआरएफ संगीत विषय में देशभर में प्रथम

**सुमन डोगरा, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के उत्कर्ष शर्मा ने यूजीसी-नेट जेआरएफ (संगीत विषय) में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अपने दूसरे प्रयास में 300 में से 240 अंक लेकर उत्कर्ष ने न केवल जिले, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उत्कर्ष प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अनूप शर्मा और शिक्षिका ऋचा शर्मा के पुत्र हैं।

संगीत की परंपरा से जुड़े इस परिवार की विरासत को उत्कर्ष ने नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत विभाग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है, जबकि स्नातक उन्होंने हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से किया, जहां उन्होंने क्रमशः कॉलेज में प्रथम और विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उत्कर्ष ने राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिताओं में लगातार 5 वर्षों तक प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हरि वल्लभ संगीत प्रतियोगिता में भी वे जूनियर वर्ग (2016) और सीनियर वर्ग (2018) में उपविजेता रह चुके हैं। श्रेय उत्कर्ष ने अपनी सफलता का अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने शिक्षकों डॉ. विनीत गोस्वामी, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अलीश मोहन, प्रो. अनन्या कुमार डे और प्रो. उजेश प्रताप सिंह को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से अपने दादा-गुरु पंडित भीमसेन शर्मा का उनका मार्गदर्शन के लिए आभार जताया।



उत्कर्ष शर्मा की उपलब्धि के लिए मुंह मीठा करवाते उनके गुरु डॉ. विनीत गोस्वामी।

# बिलासपुर का अंशुल बना अमेरिका में प्रख्यात सॉफ्टवेयर इंजीनियर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले से निकलकर अमेरिका में तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बना चुके अंशुल शर्मा आज एक प्रमुख सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा में सदैव अव्वल रहने वाले अंशुल ने नेशनल मेरिट स्कॉलरशिप प्राप्त कर इंजीनियरिंग की और वर्तमान में अमेरिका की एक अग्रणी रेस्टोरेंट टेक्नोलॉजी कंपनी में कार्यरत हैं।



उन्होंने कंपनी के रियल टाइम ऑनलाइन अवेलेबिलिटी सिस्टम को डिजाइन कर वैश्विक स्तर पर 1.4 अरब से अधिक लोगों को टेबल बुकिंग सुविधा प्रदान करने वाला तकनीकी समाधान विकसित किया है, जो अब कंपनी के सर्च इंजन की रीढ़ बन चुका है। यह सिस्टम 50 मिलीसेकेंड से भी कम समय में परिणाम देता है। वर्तमान में अंशुल 100 से अधिक इंजीनियरों की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने एक प्रमुख एआई कंपनी के साथ मिलकर चैट इंटरफेस में रियल टाइम बुकिंग सुविधा और एक मल्टीनेशनल राइड-हेलिंग कंपनी के साथ प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन पर भी कार्य किया है। उनके पिता, बिलासपुर कॉलेज में गणित के प्रोफेसर प्रो. बीबी शर्मा ने बताया कि अंशुल बचपन से ही तकनीकी जिज्ञासा से भरे थे और रेडियो-टीवी जैसे उपकरणों की मरम्मत से लेकर प्रोग्रामिंग तक में गहरी रुचि रखते थे।

### युवाओं को ठग रही कांग्रेस सरकार: कृष्ण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर जॉब ट्रेनी योजना को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे बेरोजगार युवाओं को भ्रमित करने और ठगने की एक नई साजिश करार दिया है। चंदेल ने कहा कि यह योजना सिर्फ युवाओं को झूठे वादों में उलझाने और सरकार को एक साल का जीवनदान देने की रणनीति है। उन्होंने सवाल उठाया कि दो-दो परीक्षाओं के बावजूद भी कोई स्थायी नौकरी की गारंटी नहीं, फिर यह योजना आखिर है किसके लिए? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जॉब ट्रेनी के नाम पर स्थायी कर्मचारी जैसे काम तो करवाएगी, लेकिन कोई सुविधा नहीं देगी, न मेडिकल बिल, न आयुष्मान भारत या हिमकेयर योजना का लाभ। उन्होंने चेताया कि यह प्रणाली अब बोर्ड और निगमों में भी लागू की जा रही है, जो और अधिक अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इस पॉलिसी को सफल बनाने का कोई स्पष्ट फॉर्मूला नहीं है और यह पूरा ढांचा युवाओं के साथ एक क्रूर मजाक है।

### गेहड़वीं और थुरान में शिव भक्तों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवभक्तों की आस्था और भक्ति का अनूठा दृश्य गत रात्रि गेहड़वीं और थुरान गांव में देखने को मिला। जब हरिद्वार से जल लेकर लौटे भोले के भक्त गांव पहुंचे तो ग्रामीणों और बीडीसी सदस्य राजेश चंदेल, सागर चंदेल, शैलेंद्र ठाकुर, राम कृष्ण ने भक्तों का भव्य स्वागत किया। वहीं, थुरान के प्रसिद्ध शिव मंदिर में भक्तों ने हरिद्वार से लाया गया गंगा जल शिवलिंग पर अर्पित किया। इस दौरान भाले बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्थानीय लोगों ने सभी भक्तों को जलपान और विश्राम की व्यवस्था करवाई।

### बसों को बंद करने की करवाई जाए जांच : कौंडल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता चुनाव क्षेत्र की बसों को निगम चरणबद्ध तरीके से बंद कर रहा है, जिसका ताजा उदाहरण निगम की बस चंडीगढ़ से झंडूता के लिए 5:00 बजे चलती थी और झंडूता में रात को 9:00 बजे पहुंचती थी। इस बस को निगम ने पिछले वर्ष कभी चलाने और कभी बंद करने का नाटक किया। कुछ महीनों बाद ऊना के बजाए दयोटसिद्ध के लिए करने का प्रयास किया। बाद में निगम ने अपनी तानाशाही के कारण यह बस भी बंद कर दी। जो बस बिलासपुर से धनीपखर चलती थी, उसे बस को धनीपखर के बजाए झंडूता तक ही सीमित कर दिया है। भाजपा मंडल झंडूता के प्रवक्ता लेखराम कौंडल ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और निगम के आला अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उपरोक्त बसों को बंद करने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।

### श्रीराम कथा में भावविभोर हुए श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, डियारा सेक्टर में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित पुनीत शर्मा ने माता सती और भगवान शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धा और विश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा में सती के आत्मदाह और शक्तिपीठों की उत्पत्ति की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा 30 जुलाई को संपन्न होगी।

### नयना देवी मंदिर मार्ग पर टूटा डंगा नहीं सुधरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पिछली बरसात में श्री नयना देवी मंदिर से लौटते मार्ग पर गिरा डंगा एक साल बाद भी नहीं सुधारा गया है, जिससे लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सिंगल रोड होने के कारण वाहन चालकों को सावधानी से गुजरना पड़ता है। विभागीय अधिकारी अच्छर सिंह ने बताया कि विवाद के चलते कार्य रुका है, लेकिन जल्द मरम्मत की जाएगी। 25 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण अष्टमी मेलों को देखते हुए मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता है।

### अक्षय ने पास की जेआरएफ व नेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कॉमर्स विभाग के छात्र अक्षय कुमार ने यूजीसी की जेआरएफ व नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने अक्षय को सम्मानित किया और विभागाध्यक्ष व शिक्षकों को बधाई दी। ऐसी उपलब्धियां पूरे संस्थान को गौरवान्वित करती हैं।

### हरनोडा में जागरूकता कार्यक्रम 30 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के उपलक्ष्य में हरनोडा में 30 जुलाई को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा पंचायत को आए आदेश पर प्रधान देशराज ने यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को मानव तस्करी जैसी जघन्य सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक करना है, ताकि समाज में इसकी रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

# जनहित से जुड़ी 20 से अधिक परियोजनाओं को एफसीए क्लीयरेंस की मंजूरी : उपायुक्त

## कहा- एफसीए मामलों में नहीं की जाएगी कोई भी लापरवाही बर्दाश्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय स्थित बचत भवन में बुधवार को उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत लंबित प्रस्तावों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डीएफओ मुख्यालय मनीष प्रभारी, डीएफओ बिलासपुर राजीव कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और वन विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। डीसीने बताया कि जनहित से जुड़ी 20 से अधिक परियोजनाओं को एफसीए (फोरेस्ट क्लीयरेंस एक्ट) के तहत सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त हो गई है। वर्षों से लंबित इन मामलों को गति देने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग और विभिन्न निर्माण एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। इन परियोजनाओं की स्वीकृति से जिला में आधारभूत ढांचे के विकास को बल मिलेगा और ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लोगों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। एफसीए की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने से कई परियोजनाएं अब धरातल पर उतरेंगी, जिससे बिलासपुर जिला के समग्र विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा और यहां के लोगों को अधिक सुविधाएं भी सुलभ होंगी। डीसी ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि एफसीए मामलों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी।



लंबित प्रस्तावों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल कुमार।

# समस्याओं का जल्द हल और विकास कार्यों को समय पर करें पूरा : विमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला परिषद बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को परिषद अध्यक्ष विमला देवी की अध्यक्षता में हुई। इसमें परिषद सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्ष विमला देवी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें और विकास कार्यों को समयबद्ध तथा समन्वय के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी परस्पर तालमेल से कार्य करें, तो जनहित के मुद्दों को तेजी से सुलझाया जा सकता है। बैठक में कुल 31 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल और परिवहन से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य गति को भी सुनिश्चित करें। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला पंचायत अधिकारी ने किया। उपाध्यक्ष मानसिंह धीमान ने स्वारघाट-बागछल मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठाई। मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की टनल नंबर-1 में धूल की गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया। इस पर अध्यक्ष ने एक सप्ताह के भीतर एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने की बात कही।

### कांवड़ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोलडैम क्षेत्र के कसोल गांव निवासी विक्रम ठाकुर और बीरबल राम के सफल कांवड़ यात्रा से लौटने पर गांववासियों ने भव्य स्वागत किया। दोनों श्रद्धालु 12 दिनों की कठिन यात्रा के बाद हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे, जिसे उन्होंने अपने गांव के मंदिर में चढ़ाया। इस अवसर पर पूरे गांव में उल्लास का माहौल रहा। गांव पहुंचने पर विक्रम ठाकुर और बीरबल राम का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# कृष्णा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित बैहरन में चुनाव प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** दी कृष्णा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित बैहरन में प्रबंधक कमेटी सदस्यों की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव पंजीयन अधिकारी सभा सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि सभा की नई उपविधियों के अनुसार एक शेयर का मूल्य 500 रुपए कर दिया गया है। पूर्ण भागधन होने पर ही सदस्य चुनाव में भाग ले सकते हैं। सभा सदस्य अपना भागधन व ऋण दोष 25-08-2025 तक दूर कर सकते हैं। चुनाव के लिए तैयार मतदाता सूचियों पर आपत्तियां दायर करने की तिथि 5 सितंबर है। 8 से 10 सितंबर आपत्तियों की सुनवाई के लिए निर्धारित है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 12 सितंबर को सभा कार्यालय बैहरन झंडूता में किया जाएगा। नामांकन पत्र भरने की तिथि 23 व 24 सितंबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 25 सितंबर को होगी। 26 सितंबर को आपत्तियां दायर कर सकते हैं। आपत्तियों की सुनवाई 27,29 व 0 सितंबर को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह के आवंटन की तिथि 6 अक्तूबर है। मतदान 12 अक्तूबर को होगा और इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तीसा में नुकसान आकलन में जुटे अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के तीसा उपमंडल में मानसून की पहली बारिश ने लोक निर्माण विभाग को करीब ढाई करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। विभाग के अधिशाषी अभियंता जोगिंदर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि सभी संपर्क व मुख्य मार्गों को तत्परता से बहाल कर दिया गया है, लेकिन मानसून की दूसरी बारिश से हुए नुकसान का अभी आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग के सभी उपमंडल डेमेज रिपोर्ट तैयार करने में जुटे हैं ताकि जल्द से जल्द वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन कर पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते विभाग को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन टीम पूरी तरह मुस्तैदी से बहाली कार्यों में लगी हुई है।

### मां ज्वाला यूथ क्लब के सदस्य किए प्रोत्साहित

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी की पूर्व विधायिका रेणु चड्ढा ने मां ज्वाला यूथ क्लब के पहले जागरण को सफलतापूर्वक पेश करने पर क्लब के सभी सदस्यों को दोपहर के खाने पर बुलाया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि क्लब के सभी सदस्यों ने बड़ी ही मेहनत करके हिमाचल के मशहूर गायक इशांत भारद्वाज द्वारा भजन गायन कर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया था। उन्होंने कहा कि क्लब के युवाओं ने भजन संध्या को भक्तिमय बना दिया, विशेषकर हिमाचल के प्रसिद्ध गायक इशांत भारद्वाज के भजनों ने सभी का मन मोह लिया। क्लब सदस्य अनिल शर्मा ने रेणु चड्ढा के आशीर्वाद को प्रेरणादायक बताया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सभी सदस्यों ने रेणु आंटी का आभार व्यक्त किया और उनके स्नेह को आगे भी बनाए रखने की प्रार्थना की।

### सरकाघाट में 843 ग्राम चरस बरामद

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकाघाट उपमंडल के अंतर्गत गांधी-नाला (चंदेश-फतेहपुर रोड) पर एक ओमनी वैन (एचपी76-3145) से 843 ग्राम चरस बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मोहर सिंह (41) पुत्र राम सिंह, निवासी पधर, जिला मंडी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर जब वैन को रोका और तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### पधर पुलिस ने लगाया खीर का भंडारा

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** सावन मास की पवित्रता और सेवा भावना को समर्पित करते हुए मंगलवार को पधर बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता कक्ष में पुलिस विभाग की ओर से भव्य खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पधर पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर भंडारे की व्यवस्थाएं संभालीं। भंडारे में राहगीरों, स्थानीय लोगों और दुकानदारों को प्रेमपूर्वक खीर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि सावन मास जैसे पावन अवसरों पर सेवा और सहयोग की भावना से इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर समाजसेवा से जुड़ें और आपसी भाईचारे को बढ़ाएं।

### गीतिका चौहान ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** ग्राम पंचायत शिल्हनू के गांव व डाकघर बाढू की होनहार छात्रा गीतिका चौहान ने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट (कॉमर्स) परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। गीतिका चौहानजो कि पुष्पराज की पत्नी हैं ने यह कठिन परीक्षा लगन, मेहनत और समर्पण से पास की है। उन्होंने कॉमर्स विषय में नेट क्वालिफाई कर यह साबित कर दिया है कि गांव की बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं। गीतिका के ससुर भागीरथ चौहान जो स्वयं पंचायत सचिव हैं ने बताया कि उनकी बहू की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गीतिका ने अपने माता-पिता, ससुराल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।गीतिका की सफलता पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# बन्नी माता नाले में पुल न होने से बच्चों श्रद्धालुओं की जान पर मंडरा रहा संकट

## स्थानीय लोगों को स्कूली बच्चों को बारिश में नाले को पार करवाना बना चुनौती

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** बन्नी माता नाले में पुल न होने के कारण स्थानीय लोगों व बच्चों को रोजाना खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में भी नाले का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे और श्रद्धालु नाले पार करते समय मुश्किल में पड़ जाते हैं। बुधवार को भी अचानक बढ़े पानी के कारण स्थानीय लोगों ने बच्चों को पीठ पर उठाकर सुरक्षित पार कराया।

यहां पिछले कुछ समय में नाले में बहाव के कारण कई हादसे होते रहे हैं। एक स्कूल की बच्ची भी नाले में बह गई थी, जिसे स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद बचाया था। बन्नी और भदरा गांव से दो दर्जन से अधिक बच्चे प्रतिदिन मांधा सेकेंडरी स्कूल आने-जाने के लिए इस नाले को पार करते हैं। माना जाता है कि देश-विदेश से यहां हर रोज दर्जनों श्रद्धालु माता बन्नी के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन नाले में पुल न होने के कारण कई बार वे भी



बच्चों को पीठ पर उठाकर नाला पार करवाते अभिभावक।

मंदिर तक नहीं पहुंच पाते। स्थानीय लोगों ने बार-बार सरकार और प्रशासन से पुल निर्माण की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द यहां अस्थाई या स्थाई पुल का निर्माण कराकर किसी बड़े हादसे को रोकना जरूरी है। बच्चों और श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में डालना उचित नहीं है।

### पल गांव में बारिश से तबाही भूस्खलन का खतरा मंडराया

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** चंबा जिले के विकास खंड सलूणी की ग्राम पंचायत सूरी के गांव पल में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। गांव में पानी और मलबा घरों के अंदर तक घुस आया है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि, फिलहाल किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी से लगातार पानी और मलबा नीचे आ रहा है, जिससे घरों को भारी नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द राहत और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो ऊपर की पहाड़ी खिसक सकती है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हो सकता है। वहीं प्रशासन ने इलाके में नजर बनाए रखने और आपदा की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए संबंधित टीमों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

# राहत कार्यों में लाएं तेजी: ललित

## एपीएमसी अध्यक्ष ने सुताह गांव का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए।

**भरमौर** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चड़ी के सुताह गांव में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी हर संभव सहायता करेगी।

ललित ठाकुर ने मौके से ही उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से लगातार संपर्क बनाए रखा। डीसी ने तत्परता दिखाते हुए एसडीएम चंबा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी, जो आपदा प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी निभाएगी।

स्थानीय जनता की प्रमुख मांग मेहला से चड़ी तक पक्के हो चुके मार्ग को एंबुलेंस संचालन हेतु पास करवाने पर ललित ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे एसडीएम चंबा को पत्र भेजकर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। बिजली संकट को देखते हुए मौके पर ही बिजली विभाग के एसडीओ को ट्रांसफार्मर की मरम्मत तुरंत करवाने के निर्देश दिए गए। वहीं, पेयजल समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग को इनटेक निर्माण का एस्टीमेट तैयार कर जल्द टेंडर लगाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार रूप सिंह नेगी, कानूनगो, पटवारी, पंचायत प्रधान दौलत राम, उप प्रधान पविंदर, पूर्व प्रधान भूपत व पूर्व उप प्रधान सोभिया राम भी मौजूद रहे। ललित ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में सरकार पूरी संवेदनशीलता से जनता के साथ खड़ी है।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में हंगामा

## भाजपा नेता जय सिंह ने किया रोष-प्रदर्शन



**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला में स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को सुबह करीब 11:30 बजे चम्बा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के बाहर भारतीय जनता पार्टी नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह ने ज़ोरदार रोष प्रदर्शन किया।

जय सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और आरकेएस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गरीब मरीजों को समय पर सरकारी दवाइयां नहीं मिल रहीं, पौष्टिक आहार जैसे अंडा, मक्खन, दलिया तक उनकी डाइट से गायब कर दिए गए हैं और टेस्ट करवाने के लिए उन्हें महंगी निजी लैब में भेजा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाए कि एनएचपीसी द्वारा सीटी स्कैन मशीन को अब तक उपयोग में क्यों नहीं लाया जा रहा, ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद बाहर से ऑक्सीजन क्यों खरीदी जा रही है और कॉलेज में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति क्यों नहीं हो रही? जय सिंह ने स्पष्ट कहा कि चम्बा मेडिकल कॉलेज को तुरंत सरोल में शिफ्ट किया जाए।

### सरकार को अल्टीमेटम

**जय** सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो जनता के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ा जाएगा और सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

# रावी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब, प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**लगातार** हो रही बारिश के चलते रावी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे प्रशासन ने लोगों को नदी किनारे न जाने की सख्त हिदायत दी है। इंटरनेशनल मिंजर मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

उपायुक्त चंबा ने कहा कि रावी नदी का जलस्तर सामान्य से अधिक हो चुका है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति सेल्फी या घूमने के लिए नदी किनारे न जाए। उन्होंने कहा, 'मिंजर मेला श्रद्धा और उत्सव का प्रतीक है, इसे सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना हमारी प्राथमिकता है। बाहरी राज्यों से आए पर्यटक और श्रद्धालु कृपया प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।'

चौगान और नदी किनारे पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। जलस्तर वाले इलाकों में बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं और चौकसी के लिए टीमों को विशेष रूप से तैनात किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नदी किनारे जाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### मिंजर मेले में भीड़, प्रशासन की तैयारी

**इंटरनेशनल** मिंजर मेले में आने वाले देश-विदेश के हजारों पर्यटक और श्रद्धालु अभी चंबा पाहुंच रहे हैं। होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह भरे रहे हैं। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है।

### उत्सव का आनंद लें, नदी से रहें दूर

स्थानीय संगठनों ने भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे उत्सव का आनंद लें लेकिन रावी नदी और अन्य संवेदनशील इलाकों से दूरी बनाए रखें।

### वकील पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों की करें जांच: हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हाईकोर्ट ने शिमला के एक वकील पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के आदेश जारी किए हैं। आरोप है कि वकील ने एक महिला के मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजे की राशि धोखे से निकाल ली। हाईकोर्ट ने इस मामले में एसपी शिमला व बार काउंसिल ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से मामले की जांच करने और तय समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह मामला तब सामने आया जब रमा देवी ने अपने पति की मृत्यु के बाद मिलने वाले मुआवजे के खिलाफ अपील दायर करने में हुई 8 साल से ज़्यादा की देरी को माफ़ करने के लिए हाईकोर्ट में अर्ज़ी दी। रमा देवी ने आरोप लगाया कि उनके पूर्व वकील ने उनके खाली कागज़ों पर दस्तखत लेकर धोखाधड़ी से मुआवजे की राशि निकाल ली। न्यायाधीश विवेक ने रमा देवी की अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि भले ही अपील करने में काफी देरी हुई हो, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए इस देरी को माफ़ किया जा सकता है।

# आपदा प्रभावितों के लिए राहत पैकेज की मांग

## चंबा के 'आप' नेताओं ने डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** में बीते दिनों आपदा से हुए नुकसान को लेकर चंबा के आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1,000 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण जान-माल, फसल, पशुधन और आधारभूत संरचना को भारी नुकसान हुआ है। अनेक लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया है और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्ञापन उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। आम आदमी पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से आग्रह किया कि वे तुरंत आवश्यक कदम उठाकर प्रभावित लोगों को राहत और पुनर्वास प्रदान करें। ज्ञापन सौंपने वालों में सोनू ठाकुर, शशिकांत, अजय अटवाल, तनवीर मिर्जा, विजय भवानी, अभिषेक भट्ट, बालकृष्ण, उदय डोगरा, धीरज, निर्मल, तिलक राज और अमित पुरी शामिल रहे।



चंबा के 'आप' नेता डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

# मेडिकल कॉलेज चंबा बना रेफरल अस्पताल: विधायक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**विधायक** डीएस ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि आकांक्षी जिला चंबा को अभी तक मेडिकल कॉलेज के भवन की सौगात नहीं मिल पायी है। जिसके कारण वर्तमान सिविल अस्पताल चंबा के भवन में चल रहा मेडिकल कॉलेज मात्र एक रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। आकांक्षी जिला चंबा के दूरदराज क्षेत्रों की गरीब जनता अभी भी इलाज के लिए जिला से बाहर जाने को मजबूर है जिसके लिए उन्हें भारी रकम देनी पड़ती है। चंबा के सरोल में 20 एकड़ भूमि पर केंद्र सरकार के सहयोग से 550 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे मेडिकल कॉलेज के पहले चरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार अभी तक इसका लोकार्पण नहीं कर पायी है। जिसके कारण जिला चंबा की जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सीएम सुक्खू से आग्रह है कि आगामी अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान मेडिकल कॉलेज सरोल के भवन का लोकार्पण कर आकांक्षी जिला चंबा की जनता को लाभांवित करें ताकि आपातकाल की स्थिति में यहां की जनता को जिला से बहार का रुख न करना पड़े।



# मिंजर मेला: 3 दिन शेष, कलाकारों और पर्यटकों का चंबा पहुंचना शुरू

## चौगान में तैयारियां तेज, होटल पर्यटकों से गुलजार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा का ऐतिहासिक इंटरनेशनल मिंजर मेला, अब बस तीन दिन दूर है और चौगान मैदान में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। प्रशासन और आयोजन समितियां मंच सज्जा, रोशनी, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं। इस बार मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए देश-विदेश से कलाकारों और पर्यटकों का चंबा पहुंचना शुरू हो चुका है। मुख्य मंच की सजावट, झांकियों की रिहर्सल और शोभायात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। चौगान और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। व्यापारी अपने स्टॉल लगाने में व्यस्त हैं वहीं, होटल और गेस्ट हाउस पर्यटकों से गुलजार हो रहे हैं। डीसी ने चौगान का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मिंजर मेला न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि चंबा की सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है और इस बार इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान देने की तैयारी है।



### सूडोकु नवताल- 7500 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7499 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 24 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** अमावस्या (00:43) **: नक्षत्र** पुनर्वसु (04:44), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** हर्शाण (09:50), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54)। **राहुकाल** (02:09-03:32)।

**विशेष दिन**

- 24 जुलाई: देवपितृकार्य अमावस आज।
- 24 जुलाई: हरियाली अमावस आज।

**मेषः** आज शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला सीखनी पड़ेगी। शाम तक कोई रुका हुआ काम बनने की संभावना है।

**वृषः** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से कष्ट का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुनः** आज किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

**कर्क**: समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

**सिंहः**भौतिक विकास का योग अच्छा है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है।

**कन्याः** अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा।

**तुलाः** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिकः** आज कार्यालय में आपके अनुकूल वातावरण बनेगा। आज का दिन इस सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें।

**धनुः** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकरः** आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

**कुंभः** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। आज का दिन काफी रचनात्मक है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मीनः** आज का दिन पुत्र-पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। आज लेन-देन न करें ।

# जलशक्ति विभाग के बलद्वाडा उपमंडल में कर्मियों का 'टोटा'

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जल शक्ति विभाग के बलद्वाडा उपमंडल में कर्मचारियों की भारी कमी देखने को मिल रही है। उपमंडल सहायक अभियंता कार्यालय के अंतर्गत स्वीकृत चार कनिष्ठ अभियंता पदों में से तीन लंबे समय से खाली पड़े हैं। वर्तमान में केवल समैला क्षेत्र में ही एक कनिष्ठ अभियंता कार्यरत है। ढलवान, भांबला और बलद्वाडा जैसे क्षेत्रों में कोई भी कनिष्ठ अभियंता तैनात नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल और सिंचाई जैसी आवश्यक सेवाओं में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि विभागीय कार्यों में देरी और शिकायतों के निवारण में बाधाएं आ रही हैं। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विभागीय उच्चाधिकारियों और सरकार से जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरने की मांग की है ताकि जल आपूर्ति सेवाएं सुचारु रूप से चल सकें।

इस बारे जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता इंजीनियर विवेक हाजिरी ने बताया कि रिक्त पदों की तमाम सूचनाओं समय-समय पर आला अधिकारियों और सरकार को भेजी जाती है जल्द ही रिक्त पद भरे जाने के प्रयास किये जा रहे हैं जहां भी पद रिक्त है दूसरे अनुभाग के जेई को चार्ज दिया गया है ताकि कोई भी स्कीम प्रभावित न हो।

# बारिश से बडोई गांव में कच्चा मकान ढहा परिवार बेघर, प्रशासन से मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत अपर बरोट के बडोई गांव में देर रात हुई भारी बारिश से एक गरीब परिवार का कच्चा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह मकान प्रकाश चंद पुत्र सुहडू राम का था, जिसमें वह अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ रहता था। बारिश के कारण मकान का एक-एक हिस्सा ढह गया, जिससे परिवार बेघर हो गया है और खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत प्रधान दलीप राव और उपप्रधान रवि कौशल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जा सके। प्रधान दलीप राव ने आश्वासन दिया है कि पंचायत स्तर पर परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही, नए मकान के निर्माण के लिए आवश्यक योजनाओं में पात्रता अनुसार चयन करवाने की भी बात कही गई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द राहत सामग्री और आर्थिक सहायता देने की मांग की है।



### जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र हो रहा सरकार की अनदेखी व उपेक्षा का शिकार: संजय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत मैन भरोला के उपप्रधान संजय जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर जोगिंद्रनगर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के 19 स्वीकृत पदों में से केवल 4 पद ही भरे गए हैं, जिससे मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। बस डिपो की हालत भी चिंताजनक है, जहां अधिकांश बसें खस्ताहाल हैं और आए दिन बीच रास्ते में खराब हो रही हैं। लंबी दूरी की बस सेवाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। सड़कें भी टूटी पड़ी हैं और कई संपर्क मार्गों पर चलना भी जोखिम भरा है। उन्होंने एक निर्वाचित जिला परिषद सदस्य को ज्ञापन देने से रोकने की घटना को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली को तानाशाही करार दिया। संजय जम्वाल ने सरकार से क्षेत्र की स्वास्थ्य, परिवहन और सड़क व्यवस्था में सुधार की मांग की है और चेताया है कि जनता अब जवाब मांग रही है।


अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं महेन्द्र सिंह ( 48 वर्ष )** पुत्र स्व. प्रीतम निवासी गांव तरसवाण डा. थलटूखोड, उप. तह. टिक्कन, जिला मण्डी, हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मैं अपना नाम आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में महेन्द्र सिंह व जन्म तिथि 14-12-1976 दर्ज करवाना चाहता हूं। जोकी सही व सत्य है। सभी संबंधित नोट करें।

**Before the Executive Magistrate-cum Naib Tehsildar Dhalwan Distt Mandi (HP)**

In the matter of :- Smt Brasti D/o Sh. Hari Bhagat, presently W/o Sh Hukam Chand R/o Village Koini P.O. Dhalwan Sub Tehsil Dhalwan Distt. Mandi H.P. .....Applicant

**Versus** **General Public** ....Respondent

**Subject: Application Under Section 13(3) of RBD Act, 1969 read with HP Birth & Death**

Whereas an applicant by Smt Brasti D/o Sh. Hari Bhagat presently W/o Sh Hukam Chand R/o Village Kolni P.O. Dhalwan Tehsil Dhalwan, Distt Mandi alongwith affidavit and supporting documents received from office of District Registrar (Birth & Death)-cum-Chief Medical Officer Mandi, Distt. Mandi. H.P. vide letter No HFW-MND(Delayed Birth & Death) 2025/-2009 dated 18 July 2025 in which applicant Smt Brasti D/o Sh. Hari Bhagat has stated that she was born on dated 26-03-1956 but her date of birth is not registered in the Birth & Death Register of Gram Panchayat Bharnal, Sub Tehsil Dhalwan, Distt Mandi HP. The applicant prayed to register the date of birth of above named in the record of Gram Panchayat Bharnal.

Now, therefore, the General Public is hereby informed through this notice that if any person having any objection for the registration of delayed date of Birth i.e. 26.03.1956 of the applicant in Panchayat Record, they may file their objections either personally or through an agent in writing before this court on or before 25-08-2025 at 10:30 AM, otherwise ex-partee proceeding will be initiated and orders of registration of date of Birth will be passed accordingly.

Issued under my hand and seal of this court today on this 21st day of July, 2025.

**Executive Magistrate-cum Naib Tehsildar Dhalwan Distt Mandi (HP)**

मनुष्य को दया कभी नहीं छोड़नी चाहिए, क्योंकि दया ही धर्म का मूल है और इसके विपरीत अहंकार समस्त पापों की जड़ होता है। -तुलसीदास

## संपादकीय

# बम धमकियों की साजिशें

लगता है हिमाचल में जैसे सरकारी प्रतिष्ठानों को बम से उड़ाने का सिलसिला ही चल निकला हो। आम तौर पर आपराधिक घटनाओं से दूर रहने वाला यह शांत प्रदेश इन दिनों बेहद चिंताजनक और असामान्य घटनाक्रमों से गुजर रहा है। राज्य के सरकारी प्रतिष्ठानों को बार-बार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। इस कड़ी में राजधानी शिमला के तीन प्रतिष्ठित स्कूलों-सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट ढली और संजौली में स्थित सरस्वती पैराडाइज तथा एडवर्ड स्कूल को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि क्या यह किसी गहरी साजिश का हिस्सा है या फिर किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त साइबर अपराधी की बेहूदा हरकत? यह पहला मौका नहीं है जब हिमाचल को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले प्रदेश हाईकोर्ट को तीन बार, मुख्य सचिव कार्यालय को दो बार और प्रदेश के आठ जिलों के डीसी कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिल चुकी हैं। एक-दो बार की घटनाओं को महज इत्तेफाक माना जा सकता है, लेकिन जब यह सिलसिला थमता ही नहीं और कई प्रतिष्ठानों को एक के बाद एक निशाना बनाया जाता है, तो संदेह की सुई शरारती तत्वों पर नहीं ठहरती, बल्कि यह एक सुनियोजित मानसिक खेल या साइबर आतंक का संकेत देने लगती है। आखिर कौन है इसके पीछे?

फिलहाल पुलिस इस विषय की जांच में जुटी है, लेकिन अब तक न कोई ठोस सबूत हाथ लगे हैं और न ही कोई गिरफ्तारी हो सकी है। अधिकतर मामलों में ये धमकियां फर्जी पाई गई हैं, लेकिन फिर भी इन्हें हल्के में नहीं लेना चाहिए। स्कूल प्रबंधनों की ओर से बम निरोधक दस्तों को सूचना देने के बाद इन संस्थानों में सघन तलाशी ली गई, परंतु कुछ नहीं मिला। यह दर्शाता है कि यह महज दहशत फैलाने का प्रयास था, लेकिन जब कोई व्यक्ति या समूह सरकारी प्रतिष्ठानों को लगातार निशाना बना रहा हो, तो इसकी अनदेखी खतरनाक हो सकती है। इन धमकियों का मुख्य हथियार बना है ई-मेल पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि अधिकांश धमकी ई-मेल हैक किए गए सर्वर या नकली आईडी के जरिए भेजी गई हैं। यह साइबर अपराध का नया चेहरा है, जिसमें अपराधी फिजिकली मौजूद नहीं होते, लेकिन मानसिक और सामाजिक स्तर पर भारी असुरक्षा पैदा कर देते हैं।

सवाल यह है कि क्या हिमाचल की साइबर सुरक्षा इतनी कमजोर है कि कोई भी व्यक्ति बिना पकड़े बार-बार ऐसी ई-मेल भेज कर पूरी सरकारी मशीनरी को हिला सकता है? धमकी भले ही फर्जी हो, लेकिन इसका मनोवैज्ञानिक असर बहुत गहरा होता है। सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे और उनके अभिभावक। इन धमकियों के बाद स्कूलों में अचानक सुरक्षा बढ़ा दी जाती है, कक्षाएं बाधित होती हैं और कई बार बच्चों को घर भेज दिया जाता है। इससे बच्चों में डर का माहौल बनता है और अभिभावकों की चिंता बढ़ जाती है। क्या यह किसी बच्चे के मन में भविष्य के प्रति नकारात्मकता नहीं भरता? भले ही अब तक की जांच में इन धमकियों को 'शरारत' माना जा रहा हो, लेकिन अगर यह किसी आतंकी मानसिकता के परीक्षण का हिस्सा हो, तो क्या हमें तब भी चुप रहना चाहिए? आज अगर ये ई-मेल फर्जी हैं, तो क्या गारंटी है कि कल इन्हीं के जरिए कोई असली घटना अंजाम नहीं दी जाएगी? इस प्रश्न का उत्तर ढूंढना अब पुलिस और खुफिया एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इन मामलों में पुलिस का रुख काफी सतर्क और संयमित रहा है। मीडिया से दूरी बनाकर, पुलिस हर धमकी को गंभीरता से ले रही है, लेकिन जनता के मन में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर अब तक इन मेलों के स्रोत का पता क्यों नहीं लगाया जा सका?

यदि ई-मेल फर्जी हैं, तो भेजने वाले की पहचान करने में इतनी देर क्यों? क्या हमारे पास साइबर एक्सपर्ट्स की कमी है या फिर अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वरों तक पहुंचने में तकनीकी अड़चनें हैं? अब समय आ गया है कि हिमाचल सरकार इस खतरे को मात्र 'शरारत' मानने के बजाय सुनियोजित रणनीति बनाए। इसके लिए स्पेशल साइबर सेल का गठन होना चाहिए, जिसमें उच्च प्रशिक्षित अधिकारी हों। सभी सरकारी प्रतिष्ठानों और शैक्षणिक संस्थानों को साइबर सतर्कता और ई-मेल निगरानी तंत्र उपलब्ध कराना समय की मांग है। हर धमकी की सूचना तुरंत केंद्र सरकार और राष्ट्रीय साइबर एजेंसियों को भेजी जानी चाहिए। इन ई-मेलों की भाषा, शैली और समय के आधार पर एक मनोवैज्ञानिक प्रोफाइल तैयार कराना भी लाजिमी है। आम नागरिकों और बच्चों में साइबर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने चाहिए। यह हिमाचल के भविष्य की सुरक्षा का सवाल है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। हिमाचल में इस प्रकार की धमकियां उसके सामाजिक और मानसिक संतुलन को बिगाड़ रही हैं। यह किसी साजिश की शुरुआत हो सकती है या फिर एक मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति की करतूत, लेकिन दोनों ही स्थितियों में खतरे की घंटी बज चुकी है। अब इंतजार नहीं, कार्रवाई का समय है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय अभिनेता, निर्माता व निर्देशक



मनोज कुमार
जन्म : 24 जुलाई, 1937
मृत्यु : 4 अप्रैल 2025

मनोज कुमार फिल्म जगत् के प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, निर्माता व निर्देशक हैं। अपनी फिल्मों के जरिए मनोज कुमार ने लोगों को देशभक्ति की भावना का गहराई से एहसास कराया। मनोज कुमार 'शहीद-ए-आजम' भगत सिंह से बेहद प्रभावित हैं और इसी भावना ने उन्हें 'शहीद' जैसी कालजई फिल्म में देश के इस अमर सपूत के किरदार को जीवंत करने की प्रेरणा दी थी। 1992 में मनोज कुमार को भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया। मनोज कुमार का जन्म पाकिस्तान के अबोटाबाद में हुआ था। उनका असली नाम हरिकिशन गिरि गोस्वामी है। देश के बंटवारे के बाद उनका परिवार राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बस गया था। मनोज ने अपने करियर में शहीद, उपकार, पूरब और पश्चिम और 'क्रांति' जैसी देशभक्ति पर आधारित अनेक बेजोड़ फिल्मों में काम किया। इसी वजह से उन्हें भारत कुमार भी कहा जाता है। ■



कविता

### मक्की

अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर (हिप्र)

*जवान मक्की ने दूसरी मक्की से कहा-संभल कर रहना,*
*बहुत भेड़िये हैं यहां, पर त्रस्त रहते हैं जो,*
*काम वासना से हर पल बहुत।*
*जो इर्द-गिर्द मंडराते रहते हैं गाते रहते हैं सदैव,*
*मधुप सम वो पुष्प समीप दिखा के सपने बहुत,*
*फंसा लेते हैं जाल में अपने।*
*जबरदस्ती अतिक्रमण कर लेना चाहते हैं दूसरे की भावनाओं पर,*
*बिन बुलाए मेहमान की तरह घर बनाना चाहते हैं,*
*प्यार के नाम घड़ियाली आंसू बहाकर।*
*अगर न मानें तो कर देते हत्या खूबसूरत जिस्म की,*
*तार-तार कर देते हैं इज्जत अंधेरे या सुनसान जगह,*
*खिसक जाते हैं किसी गिदड़ मानिंद।*
*नहीं घुमना है अब यहां वहां बिन किसी प्रायोजन के,*
*सजना संवरना हसना खुश होना घोर गुनाह है सब,*
*हम तो हैं खेत की मक्की।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हर चौथा मानव आज रोगों से पीड़ित, फिर हम सक्षम कैसे?



आज हम इक्कीसवीं सदी में है और अपने को समाज मानने लगे हैं। विकसित व ज्ञानवान मानने लगे हैं। वेद के ज्ञान को नहीं विज्ञान के ज्ञान को महान बताने लगे हैं। जीवन की हर सुबह एक नए सपने से शुरू करते हैं। दिनचर्या और चर्चाएं की हमको देखो हमने सब कुछ किया है। आज मेरे सामने कौन है यह बात बस पड़ोसी, दोस्तों और परिवार के लोगों में शोर मचाकर करते हैं। इसी अपने अहमपन के शिकार के कारण इक्कीसवीं सदी में अधिकांश परिवार एकाकी होकर एक अजीब सी बीमारी का अपने में शिकार होता जा रहा है। पर वह समझ नहीं पा रहा है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। हर चौथी औरत आज गठिया रोग से पीड़ित है हर चौथा आदमी बीपी शुगर से ग्रसित है फिर भी वह कहता है हम विकसित है। परिवार नहीं अकेले डॉ. और हास्पिटल दौड़ता है। पर वहां भी यही कहता है हम सक्षम है। सब काम अपने से करने में बेटा बहू है पर वह दूर नौकरी में हैं। हम अपने घर में बंगले में है आराम से जबकि सच यही है वह अंदर से टूट चुके हैं। कारण संयुक्त परिवार था, अलग एकाकी हो गए, तो कोई बात करने वाला नहीं दर्द पूछने वाला नहीं है। तो अलग होना पड़ता है, हम सक्षम है हम बदल गए हैं समाज बदल गया है। संयुक्त परिवार टूटने का एक कारण उस परिवार के मुखिया के दिमाग में जब पूंजीवाद भर जाता है, तब वह हर जुगत से पहले पूंजी अपने पास एकत्रित किया फिर परिवार को विखंडित कर दिया और बदल दिया परिवार का स्वरूप और जिसके पास पूंजी नहीं बची वहीं उस पूंजीवाद के पास गुलाम बन गया, अपने हिस्से की जमीन देकर नौकर भाई का भाई बन गया, यही बदला आज के समाज में बदलाव कहेंगे इसी को। यह कहते हैं हम समाज को ही बदल दिए संयुक्त समाज से एकाकी परिवार और समाज बना लिया है। जहां कुछ नहीं है पर सब कुछ था सबको नष्ट कर दिया अपने अहम अहंकार और सुख के लिए। इस बदलाव में समाज में सबसे ज्यादा कहीं बदलावा होता है तो वह मध्यम श्रेणीं परिवार में पहले वह संयुक्त परिवार में होता एक दो नौकरी या व्यापार का मालिक बन गए, तो बहुत जल्द ही संयुक्त परिवार एकाकी परिवार में बदल जाता है और नफरत में जीने लगते हैं। एक दूसरे को हर कदम पर नुकसान भी पहुंचाने लगते यह नफरत आज बदलते आभासी समाज की एक सच्चाई बन गई है। एकाकी परिवार हो या संयुक्त परिवार दोनों को असंतोष बेचैन कर रहा है, पीड़ा दे रहा है। इस पीड़ा से दोनों दूर भागने में लगे हैं, अब एकाकी परिवार सुरक्षा का कवच चाहता पर है, कहा जब वह संयुक्त से एकाकी हो गया, तो असुरक्षित हो रहा है और एकाकी परिवार में ही लड़कियों लड़कों का प्रेम विवाह फिर तलाक सबसे ज्यादा है कारण अंकुश का चाबुक अब इन युवाओं और युवतियां पर परिवार का पुराने समय की तरह नहीं है यह बदलाव ही समाज में आज घातक स्थिति के लिए जिम्मेदार है।

यह बदलाव सामाजिक व्यवहार में भी देखने को मिलता है, यह बदलता स्वरूप समाज का नया सामाजिक परिवेश है। जहां बदलाव एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पहुंच गया है। खानपान बोलचाल भाषा भी बदल गई है। के इस सभ्य या लालची कहे या स्वार्थी समाज कहे जहां समाज का नया एक वर्ग बन रहा, जिसे इलाइट समाज कहा जा रहा है, जो हिन्गलिश नामक नए भाषा का इजाद किया है। यह इलिट क्लास भी दो राहे पर है, कभी पुरातन में जाता है कभी आधुनिकता को अपनाता है वह पूर्ण रूप से कुछ नहीं बस जहां लाभ उसी को अपना लेता है फिर छोड़ देता है। किसी और की नकल करता है। आज समाज में शादी का एक रूप हल्दी मेहंदी बस पीला हरा कपड़ा और पीला टेंट से सब रस्म बदल गया, यही इलिट क्लास का बदलाव है और बदल रहे हैं हम सब। यह इलिट क्लास नए आभासी समाज को आगे बढ़ा रहा है।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विवि पालमपुर

हमारे इस नए समाज से समरसता सहिष्णुता सहन शक्ति इतनी आज कम हो रही है कि छोटी सी बात पर नए लड़के शादी से तलाक ले रहे हैं। यह बदलाव बहुत तेजी से हिंदू समाज में विशेष रूप से एकाकी परिवार तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे युवाओं-युवतियों में बहुत हो रहा है। इस तलाक से परिवार होने का एक सपना टूट रहा है। परिवार की परंपरा पद्धति विचार सब खामोश हो रहा है। घर की खुशी गीत सब विलीन हो रहा है फिर भी हम बदल रहे हैं। सब का अंत करके अनंत में समाहित कर रहे हैं। समाज की हर परंपरा को कि हम परिष्कृत होकर पूर्ण वैज्ञानिक बन गए। हम पुराने रिति-रिवाज को तिलांजली देकर आगे बढ़ रहे हैं, यही हमारा नया युग है। इस बदलते समाज में परिवार आज विचारों का द्वंद चल रहा है। यह विचारधारा की लड़ाई भी सामाजिक समरसता में बाधा बन रहा है। पुरातन से नए विचार की लड़ाई परिवार के विघटन का कारण है। इक्कीसवीं सदी आभासी औपचारिकता की ऐसी नई दुनिया बन रही जहां दोस्त है। पर साथ को कोई नहीं। कारण सब तो फेस बुक के दोस्त हैं। साथ शाम को टहलने वाला साथ बाजार जाने वाला हास्पिटल जाने वाला बैठकर घंटों बात करने वाला तो दोस्त कोई नहीं है। यही इक्कीसवीं सदी का सच है सब कुछ है पर कुछ नहीं। रिश्ते हैं संबंध है पर बात नहीं होती है जब कभी होगी तो औपचारिकता ही होगी। अगर रिश्तेदार भाई कोई किसी शुभ कार्य में या अन्य कार्य में बुलाएगा, तो बस यही कहता है। समय हो तो आ जाना एक दिन के लिए कभी यह नहीं कहा नहीं जाओ मदद करने को काम बहुत है अकेले हैं। देखभाल करना है। वह भी जानता है आएंगे तो कमरा कहा है, व्यवस्था कहा है। अब तो वहीं लोग शादी व्याह में भाई रिश्तेदार के पास जाते हैं जो वहां जाकर स्वयं अपनी सुविधा व व्यवस्था में रहे अन्यथा तो कौन पूछता हां यह शब्द बहुत उपयोगी बना हुआ है, कब आए कैसे आए रहना या जाना है। इतना पहली मुलाकात में पूछता है, रिश्तेदार भाई कभी यह नहीं पूछा कहां ठहरे हैं, चलिए घर में बैठिए नाश्ता करिए दो-चार दिन रह कर वापसी करना, यह शब्द समाज से घर से जैसे गायब हो रहा है। या यूं कहें सब कुछ गायब हो गया। बस बचा है तो औपचारिकता ही। यही नए बदलते समाज का नयापन है। यही आज का आभासी समाज है। जहां बस बात है और कुछ नहीं। परंपराएं मान्यताएं सब बदल रही है। आधुनिक होते विचार हमको हमसे ही दूर ले जाकर एकांत में रख दिया है। जहां पिंजड़ा है यानी शहरों में फ्लैट आज आधुनिक पिंजड़ा है। उसी दो कमरे में ही पूरी दुनिया है। पति अपने मोबाइल पर पत्नी अपने मोबाइल पर दुनिया देख रही है एक दूसरे से बात मोबाइल पर घर के अंदर हो रही है यही नया समाज का नया बदलाव है हम बदल रहे हैं समाज बदल दिया हम सब ने। घर में अब टेबल पर खाना नहीं सब अपने कमरे के विस्तार पर मोबाइल के साथ खाना खा रहे हैं। बस एक शब्द मैंने खा लिया तुम अपना लेकर खा लेना मैं खाली नहीं हूं फोन पर हूं। यही समाज हम सब बना रहे हैं और कहते समाज बदल रहा हम बदल रहे हैं। तो समाज बदल रहा है, पहले मानव बना वहीं समाज की अवधारणा बनाया आज वही समाज तोड़कर नया समाज बना रहा है फिर भी दोष की समाज बदल रहा है। हमारी हर स्थिति बदल रही है, इसके जिम्मेदार ही हम है और कोई नहीं।

इसी सदी में सामाजिक समरसता बहुत देती से बदल रही है हर जाति अब अपना राजनीतिक बजूद बनाने बढ़ाने के लिए अलग दल अलग झंडा बना लिया यहां तक अब तो अलग पुजारी अलग-अलग देवता बन रहे हैं। सामाजिक समरसता का ताना-बाना ही बदल गया यूं पी इटा में एक गैर ब्राह्मण भगवत कथावाचक क्या बने कि ब्राह्मण वनाम गैर-ब्राह्मण की लड़ाई शुरू हो गई और गांव तथा इस पास में जो सामाजिक समरसता भाईचारा था वहीं सब तोड़ दिया ब्राह्मण वाद ने कि भागवत कथा का अधिकार हमारा है। यह नया समाज हबन गया कि हम तुमसे ऊपर यूं कहें हर समाज जाति अब एक दूसरे पर अपना वर्चस्व कायम करने में लग गया है। पुराने समय की समग्रता को तार तार आज का राजनीतिक परिवेश कर रहा है कि योनि हर जाति समाज धर्म को सत्ता धन चाहिए इसीलिए पहले से बनी समाजिक समरसता को तोड़ने का कुचक्र शुरू है कि हम राम वंशी है तो कोई यदुवशी कह रहा फिर कोई परशुराम वंशी बन रहा है, वाल्मीकि समाज फिर निषाद वंशी राजभरवंशी चौहानवंशी हूं गुप्त वंशी न जाने भारत में कितने वंशी समाज बन गए है। यह सामाजिक समरसता जैसे-जैसे कम होती जाएगी समाज में विद्वेष बढ़ेगा और समाज आपस में लड़कर ही समाप्त होगा वहीं बचेगा, जो हर तरह से ताकत वर होगा। बीसवीं सदी का समाज भाईचारे संपर्ण का समाज था जहां हर लोग एक परिवार में थे संयुक्त थे, जुड़ाव व लगाव था। पर उस समाज में औपचारिक नहीं थी। सब में अपनापन था दिखावा बदलाव नहीं था, सब एक थे साथ सबका था हर कार्य में समाज रिश्ते सब साथ थे। दर्द बांटने वाले थे तो बात करने वाले साथ चलने वाले थे। उस समाज को तोड़ा लालच ने धन की पिपासा ने यानि घर का मालिक जो बेईमानी करने लगा हक मारने लगा, परिवार संयुक्त टूटने लगा और संबंध बिखरने लगा। ऐसे समाज की रचना बस लालच के कारण हुआ और आगे बढ़ रहा है। आज हम कह सकते है, यह नया समाज जो लालच की नींव पर बन रहा है, तभी आज हर तरफ लालच है लाश के कफन का लालच है तो सोचो लालच कहा नहीं है। सत्ता का लालच धन का लालच धर्म का लालच यानी समाज ही लालची बना गया है। यह उन्नीसवीं सदी के समाज से एक दम अलग समाज है जहां हर पल बदलवा है, बदल रहे हैं बदला है। उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी का भारत और समाज अब आपको एक कहानी लगेगी, जहां बस सब संतोष पर निर्भरता थी एकता पर निर्भरता थी ईश्वरीय आस्था पर थी, दिखावा या बनावटी पन कुछ नहीं था। सब कुछ सबके सामने एक आईने की तरह साफ सुथरा था। पर आज तो बनावटीपन का समाज है हर चेहरे के दो चेहरे हैं। पहचाना मुश्किल है सच में सही चेहरा कौन सा है। इस समाज में शब्द है महत्व नहीं पर उस समय के समाज में शब्द ही भरोसा था, शब्द ही विश्वास था जो शब्द बोला वह अटल सत्य था कोई मुकरता नहीं था, आज तो हर सफलता बस बदलाव का शब्द है। विशेषतौर पर समाज ने राजनेताओं से ही चाल चरित्र ज्यादा उधार ले लिया है इक्कीसवीं सदी में जहां मूकरना झूठ बोलना आम बात है। तभी समाज आज शब्द पर कागज पर किसी पर विश्वास नहीं कर रहा बस आज जिंदा हूं यही विश्वास कर रहा कल पर विश्वास नहीं। यह चरित्र का बदलाव तेजी हो रहा है। सोच का बदलाव है सुबह की सोच कुछ थी शाम की सोच कुछ है। जो सुबह दुश्मन था, शाम को दोस्त और बचपन का दोस्त शाम को कब दुश्मन बना पता नहीं चला। रास्ता कब बदल लिया विचारधारा कब बदला बदलने वाला भी नहीं जानता है। यही नए समाज में हो रहा है जहां विचार हर पल लाभ के लिए बदलते हैं धर्म बदल जाता है, धन के लिए। सब कुछ बदल रहा है। पर दोष समाज को। कि बदल रहा है बदल गए है। बदल रहा है सब।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# छतरी-धूप व बारिश से सुरक्षा का पारंपरिक साधन

देशभर में बारिश का मौसम पूरे जोर पर है। इस मौसम में घर से बाजार जाना हो या ऑफिस हर एक के हाथ में छाता नजर आ ही जाएगा, जो कभी शाही सम्मान की पहचान हुआ करता आज बारिश हो या धूप का मौसम दोनों में यह जीवन का हिस्सा बन गया। छाता जिसे अंग्रेजी में अंबरेला भी कहा जाता है।



कपिल चटर्जी
भगवान मुहल्ला, मंडी

यह लैटिन भाषा के शब्द अम्ब्रा से बना है जिसका अर्थ होता है छाया। छाते को छतरी के नाम से भी संबोधित किया जाता है। छतरी शब्द संस्कृत के छत्र से निकला है, जिसका अर्थ भी छाया देने वाला होता है। छाते का मानव इतिहास लगभग 4000 साल पुराना है। यूनान, चीन, मिश्र व भारत की प्राचीन कला और कलाकृतियों में छातों की छवि ऐतिहासिक तस्वीरों में दिखाई देती है व इसके प्रमाण कई स्थानों पर मिलते हैं। पहले पहल इसका इस्तेमाल धूप से बचने के लिए किया जाता था।

बारिश के पानी से बचने के लिए छातों का इस्तेमाल सबसे पहले रोम निवासियों ने किया था। मिश्र में पहले मिश्र वासी पंखों, ताड़ के पतों इत्यादि के छाते बना कर उपयोग में लाते थे। शुरुआती दौर में छाते का उपयोग केवल शाही परिवार व उच्च वर्ग के द्वारा ही किया जाता था जो आज के दौर में सभी के लिए सुलभ वस्तु बन गया है जो कभी शाही और रुतवे की निशानी थे, आज आम आदमी के हाथों तक पहुंच गया है। छाते के इतिहास के बारे में कई रोचक बाते हैं कहते है कि छाते को प्रसिद्धि श्रेय जोनास हेनवे नामक अंग्रेज को जाता है, जो पेशे से एक व्यापारी था। जोनास ने वर्ष 1750 में एक अभियान चलाया चाहे बारिस हो या धूप वह लंदन की सड़कों में अपने छाते के साथ ही घूमते थे, लोगों में इस बात का मजाक भी बना पर धीरे-धीरे लोगों को छातों का महत्व समझ आने लगा। इंग्लैड में सर्वप्रथम छातों का प्रयोग जान हेरवे ने किया। कहते हैं कि अंग्रेज अधिकारी तो युद्ध के दौरान भी छातों का प्रयोग किया करते थे, जो छातों में तलवार छिपाकर रखते थे। महारानी विक्टोरिया के छाते भी सुंदर व डिजाइनदार होते थे। लंदन जैसे शहर में तो सज्जन पुरुष की पहचान हाथ में छाता होता है। वही भारत में छत्र राजत्व और सम्राटत्व का एक प्राचीन प्रतीक था इसे धार्मिक और शाही प्रतीकों के रूप में इस्तेमाल किया गया था। आज के दौर में रंग-बिरंगी व डिजाइनों की छतरियों प्रचलन में आ गई है। पर काले रंग का छाता आज भी अपनी शान बनाए हुए है और पुरुष का छाता बन गया है जो हर वक्त की मांग



बन गया है। जबकि रंग-बिरंगें व डिजाइनदार छातों पर महिलाओं ने अपना आधिपत्य बना रखा है, जो महिला छाता बनकर रह गया है।

छातों का उपयोग ज्यादा कर बरसात के मौसम में किया जाता है। ये छाते धूप या बारिश से ही नहीं बचाते हैं, बल्कि छाते वाले की व्यक्तिगत शैली को भी दर्शाते हैं। ये आधुनिक छाते तो 19वीं सदी में विकसित हुआ था और 1852 में सैमुअल फाक्स द्वारा एक फोल्डिग छाते का आविष्कार किया था। काले रंग का छाता अल्ट्रा वायलेट किरणों को हमारी त्वचा तक पहुंचने से रोकता है, वहीं इसके अंदर का सिल्वर रंग गर्मी के मौसम में छाते से सूर्य की गर्म किरणें वापस छाते से बाहर चली जाती है। कई पीढ़ियों से छातों का उपयोग होता चला आया है व कई देशों की संस्कृतियों में छाते का गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसके प्रमाण आज भी मिलते हैं कुछ संस्कृतियों में तो छाते का उपयोग धार्मिक समारोह और अनुष्ठानों के हिस्से के रूप में किया जाता था। इसी की याद में 10 फरवरी को राष्ट्रीय छाता दिवस दुनिया के सबसे उपयोगी आविष्कारों में से एक छाते के सम्मान में मनाया जाता है।

चीन के जियांगशी प्रांत की एक कंपनी ने दुनिया के सबसे विशाल छाता बनाया है जिसके लिए कंपनी का नाम गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। यह न केवल हमें हर परिस्थितियों में सुरक्षा का साधन ही नहीं, बल्कि फैशन का हिस्सा भी बन गई है। भले ही आज के बदलते परिवेश के साथ भले ही इसके रूप भी बदलते रहे हों, लेकिन छात्रों का महत्व आज भी उतना ही है जितना पहले था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

देश व प्रदेश में कभी भी किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो सभी देश वासियों को एकजुट होकर साथ देना चाहिए, तभी देश व प्रदेश आगे बढ़ पाएगे, लेकिन नेक काम के लिए दिए गए दान का तभी लाभ होता है जब धन ईमानदारी से कमाया गया हो। हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की सहायता के लिए सभी को मिलकर दान करना चाहिए। लगभग सभी देश वासियों ने इसके लिए सहायता का काम किया है। जितने भी विधायक, सांसद और स्थानीय जनप्रतिनिधि हैं, उन्हें भी अपनी ऐच्छिक निधि से इस काम के लिए धनराशि देनी चाहिए। कर्मचारियों तथा पेंशनरों को भी अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार एक-एक माह का वेतन अथवा मानदेय इस नेक कार्य में लगाना चाहिए। जो लोग दान दे रहे हैं, उनका प्रचार-प्रसार होना चाहिए। किसी के दुख में हम शामिल होंगे, तो ईश्वर का आशीर्वाद हमारे सिर पर बना रहेगा।

**विशाल कुमार, धर्मशाला**

# वर्तमान में भारत की तटस्थता की नीति का औचित्य

भारतीय विदेश नीति तटस्थता, उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद एवं जातिवाद का विरोध करने की नीति तथा किसी दूसरे राष्ट्र के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने की रही है।



विशाल कल्याण
असिस्टेंट प्रो.,अग्रसेन विवि,बद्दी

यह पंचशील तथा गुटनिरपेक्ष के सिद्धांत पर आधारित है, परंतु वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में भारत की विदेश नीति अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है। हाल ही में हुए, भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान जिस प्रकार की स्थिति बन रही थी, उसे एक खतरे की तरह देखना चाहिए, क्योंकि चीन से पाकिस्तान को सहयोग उजागर हुआ है। जबकि हमारी विदेश नीति में तटस्थता का जब हम पालन करते हैं तो, वहां हम बाकी राष्ट्रों से कट से जाते है। क्षेत्र में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ के बाद, पश्चिम एशिया में घटनाओं और इसराइल-ईरान संघर्ष के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर स्पष्ट रूप से पुनर्विचार की आवश्यकता है। जहां तक वर्तमान इसराइल-ईरान युद्ध का सवाल है, भारत ने तटस्थ रहने की कोशिश की है, हालांकि वह बहुत सफल नहीं रहा है, लेकिन उसे शायद यह सोचने की जरूरत है कि उसके हित में क्या सबसे अच्छा है। ग्लोबल साउथ में भारत के कथित नेतृत्व और पश्चिम एशिया के देशों के संरक्षण ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उसे कोई लाभ नहीं पहुंचाया। इसके बजाय, भारत को तब से याद दिलाया गया है-अगर इसकी जरूरत थी तो उसे अपने पड़ोस में दो शत्रुतापूर्ण परमाणु शक्तियों का सामना करना पड़ा, जिनमें से दोनों को ही, अगर अवसर आया तो परमाणु हथियारों का उपयोग करने में कोई नैतिक बाधा नहीं होगी। इसलिए, भारत अब यह मानने का जोखिम नहीं उठा सकता कि उसकी मौजूदा नीतियां फल दे रही हैं। आज की विवश परिस्थितियों में 'तटस्थता' वास्तविकता और जमीनी हालात से मेल नहीं खाती।

ऐसा लगता है कि हाल के दिनों में इसराइल के प्रति भारत का झुकाव भारत के गले में फंदा बन गया है। आज भारत की ईरान नीति को भारत की



सीमाओं से बाहर बहुत कम लोग स्वीकार करते हैं। इसराइल और ईरान के बीच समान दूरी बनाए रखने की इसकी नीति गुटनिरपेक्षता के गुणों की प्रशंसा करने के मामले में बहुत कम उपयोगी साबित हुई है। अमरीकी हस्तक्षेप ने भी भारत की और वर्तमान वैश्विक व्यवस्था को एक चुनौती दे दी है। जैसे भारत पाकिस्तान संघर्ष के युद्ध विराम की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा करना और हाल ही में ईरान इस्राइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा करना संप्रभुता को चुनौती है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति का इस प्रकार का हस्ताक्षेप बाकी राष्ट्रों के आगे अपने राष्ट्र को महान बनाने का प्रयास है। जो कि उनकी व्यक्तिगत सोच मात्र है।

इस सब चीजों को ध्यान में रखते हुए भारत को कुछ आवश्यक प्रयास करने होंगे। किंतु भारत को क्या करने की जरूरत है? वर्तमान परिस्थितयों में भारत के लिए भविष्य की संभावनाजों के लिए तैयारी करना बुद्धिमानी होगी, इसके लिए विस्तृत योजना बनाने की आवश्यकता है।

इस साल मई में भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान चीन-पाकिस्तान के बढ़ते सैन्य संबंधी का अध्ययन सिर्फ रुका है, इससे भी जरूरी बात यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि पाकिस्तान के चीन के साथ संबंध कितनी गहराई से जुड़े हुए है। पाकिस्तान की रक्षा योजनाओं में आज चीनी हथियारों की महत्वपूर्ण भूमिका क्या है और पाकिस्तान ने चीनी प्रणालियों को अपनी रक्षा योजनाओं और प्रक्रियाओं के साथ कैसे एकीकृत किया है, जिसमें हमले का जवाब देने के लिए शत्रुतापूर्ण लक्ष्यों को लॉक करने में सक्षम होने का उसका दावा भी शामिल है। भविष्य के संघर्ष की तैयारी के तौर भारत को यह भी जांचना चाहिए कि क्या उसके पास लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों के लिए जरूरी साधन है, जैसे हाल ही में यूनाइटेड किंगडम के द्वारा अपनी रक्षा क्षमताओं का गहन अध्ययन किया जिसमें उन्हें अपनी महत्वपूर्ण कमजोरियों को उजागर करने में मदद मिली, जिसमें गोला-बारूद का भंडार, एक नई राष्ट्रीय आयुध प्रणाली स्थापित करने की जरूरत और नेटवर्क और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की निगरानी के लिए एक नया साइबर और इलेक्ट्रिक मैग्नेटिक कमांड शामिल है। भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की तैयारी के लिए, उसे रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक सीखने के अलावा, ऐसे कई पहलुओं पर अपनी नीतियों को भी परिष्कृत करना चाहिए।

इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होगी. ड्रोन, लोइटरिंग और ग्लाइड बम को बेअसर करने के लिए इलेक्ट्रिक मैग्नेटिक युद्धाभ्यास जैसे पहलू जो आज संघर्ष के समय आसमान पर छाए रहते हैं, उन्हें फिर से उच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जबकि भारत पाकिस्तान के साथ उलझा हुआ है, उसे चीन के हाल ही में प्रकाशित श्वेत पत्र 'नए युग में राष्ट्रीय सुरक्षा' में बारीक अक्षरों को पढ़ना चाहिए। इसमें आज चीनी रणनीतिक सोच का उल्लेख किया गया है।

विकास और सुरक्षा एक शरीर के दो पंख है। इसमें चीन के पड़ोसी क्षेत्रों में व्यापक स्थिति का भी उल्लेख है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि चीन की सीमाओं के लिए खतरा है। ज्यादा साधन है और यदि चीन और पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को मिला दिया तो और भी मजबूत स्थिति बन जाती है। भारत को अपने साधनों को तकनीकी तौर पर मजबूत करने की जरूरत है साथ ही सहयोगी राष्ट्रों के साथ गठबंधन को मजबूत करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वार्डों में हो गई सफाई, पार्षदों को पता ही नहीं

## नगर निगम मंडी में टेंडर आवंटन को लेकर हंगामा, पार्षद हरदीप ने उठाए सवाल, महापौर ने मांगी निष्पक्ष जांच

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** नगर निगम मंडी की हाल ही में हुई साधारण बैठक के दौरान उस समय माहौल गरमा गया जब पार्षद हरदीप सिंह (राजा पैलेस कॉलोनी) ने हाउस में खड्ड और नालों की सफाई को लेकर टेंडर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए।

हरदीप सिंह ने आरोप लगाया कि एक ही व्यक्ति को तीन टेंडर— 1,78,000 रुपए के दो और 1,94,000 रुपए का एक टेंडर दिए गए, जिनका कार्य फरवरी-मार्च में किया गया और अप्रैल में भुगतान भी कर दिया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि यह टेंडर ऑनलाइन प्रक्रिया से क्यों नहीं किए गए और यह काम किस आधार पर स्वीकृत किया गया, जबकि नगर निगम के कई अन्य ठेकेदार पिछले दो वर्षों से अपने भुगतानों के लिए लंबित हैं। हरदीप सिंह ने कहा कि पार्षदों को यह भी जानकारी नहीं दी गई कि उनके वार्डों में कब सफाई हुई और न ही यह मामला हाउस में पारित हुआ।

इस मुद्दे को लेकर बैठक में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। कई पार्षदों ने एक स्वर में पारदर्शिता की मांग करते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पार्षदों का कहना था कि हाउस को अंधेरे में रखकर इस प्रकार की कार्यप्रणाली स्वीकार्य नहीं है।

### तीन टेंडर एक ही व्यक्ति को देने और समय से पहले भुगतान को लेकर हाउस में खूब गूंजा मामला



### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: वीरेंद्र भट्ट

**स्थिति** की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने तुरंत इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में जो टेंडर लगे, उसकी मुझे भी जानकारी नहीं है। सभी पार्षद और हाउस इसकी निष्पक्ष जांच चाहते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो किसी बाहरी एजेंसी से भी जांच करवाई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले ने नगर निगम मंडी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अब निगाहें इस जांच की पारदर्शिता और निष्कर्ष पर टिकी हैं।

# नगर निगम मंडी की बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

## आईटीआई के साथ एमओयू से स्ट्रीट लाइट व नालियों पर लगे जालों की मरम्मत होगी सस्ती

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**मंडी।** नगर निगम मंडी की साधारण बैठक नगर निगम परिसर में महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत हाल ही में सराज, धर्मपुर और नाचन क्षेत्रों में भारी बारिश से मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ की गई, जिसके उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों और नालियों पर लगे जालों की मरम्मत कार्य को सस्ता और शीघ्र बनाने के लिए स्थानीय आईटीआई के साथ 'कौशल आपके द्वार' योजना के तहत एमओयू करने का निर्णय लिया गया। इससे नगरवासियों को शीघ्र सुविधा और बेहतर सेवा मिलेगी।

बैठक में नगर क्षेत्र में बेसहारा पशुओं के लिए भूमि चिन्हित करने और उनके संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सफाई कर्मचारियों की हाजिरी को जीपीएस आधारित प्रणाली से जोड़ने और सफाई वाहनों के रूट की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में उपमहापौर माधुरी कपूर सहित सभी पार्षदगण अलकनंदा हांडा, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, सुमन ठाकुर, नेहा कुमारी, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, अंजय कुमारी, दिनेश पटियाल, यशकांत कश्यप, नितिन भाटिया, संजय कुमार सहित कई उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 2750 मिलीलीटर अवैध शराब की जब्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर पुलिस ने गश्त और यातायात जांच के दौरान धारंडा में एक चिकन कॉर्नर से 2750 मिलीलीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार, यह शराब संत राम (56) पुत्र परस राम के पास से बरामद की गई, जो तलवाली गांव, डाकघर जुगाहन, तहसील सुंदरनगर मंडी हिमाचल का निवासी है। डीएसपी भारत भूषण ने मामले की पुष्टि की है।

### कल खिउरी व अन्य क्षेत्रों में पावर कट

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विद्युत उपमंडल बग्गी व नेरचौक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों खिउरी, राजगढ़ सटोह खांदला, भियूरा, कुम्मी, केहड़, सिहन, गौडा गागल, गागल, सकरोहा के आस पास के उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25 जुलाई को इन क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दिन विभाग उच्चतम आवेग की लाइन के पास पेड़ो की टहनियों की काट छॉट का कार्य करेगा बारिश होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी विद्युत उप-विभाग मंडल बग्गी के सहायक अभियंता ई. राजेंद्र शर्मा ने दी।

### कटौला व टिहरी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, कटौला कमलेश कुमार ने बताया कि 33 केवी विद्युत लाइन बिजनी-नांदली के आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते विद्युत उपमंडल कटौला के अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्रों में 25 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कटौला, अरनेहड़, संदोआ, कुफरी, नांदली, कमांद, कटिंडी, रियागड़ी, नेरी, नवलाय, त्र्याम्बली, टिहरी, बागी, सेगली, मंडाह, बधेरी, आरंग, बड़ौन, सांगलवाह तथा आईआईटी कमांद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी तकनीकी कारण से शटडाउन को स्थगित करना आवश्यक हुआ, तो इसे किसी अन्य तिथि के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

### सरकाघाट कॉलेज में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण अभियान का आयोजन बड़े उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ किया गया। इस अभियान में एनएसएस स्वयसेवी, रोवर-रेंजर इकाई तथा इको क्लब के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और उन्होंने विभिन्न फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, प्रीति, रोवर-रेंजर प्रभारी मालविंदर सिंह, रीता, अरुण, विनोद, सुधीर नेगी, मोनिका और प्रवक्ता दिनेश भी उपस्थित रहे। छात्रों ने अपनी माताओं के नाम एक-एक पौधा समर्पित करते हुए संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल नियमित रूप से करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को भी वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करेंगे।

### गंगाजल के साथ सकुशल लौटे शिवभक्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर निकले लडभड़ोल, लांगणा और जोगिंद्रनगर क्षेत्र के शिवभक्त 13 दिन की कठिन और आस्था से भरी कांवड़ यात्रा पूरी कर अपने-अपने घर सकुशल लौट आए हैं। इन श्रद्धालुओं ने लगभग 480 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। लडभड़ोल के संतोष कुमार ने पहली बार यह पवित्र यात्रा की, जबकि मंगडोल निवासी विनोद कुमार ने तीसरी बार और रक्तल निवासी सुनील कुमार ने पहली बार कांवड़ यात्रा पूरी की। खड़िहार निवासी राकेश कुमार ने लगातार चौथी बार यह पवित्र यात्रा संपन्न की। इसी कड़ी में जोगिंद्नगर की निचला गरोड़ू पंचायत के संजय कुमार भी बुधवार को सावन शिवरात्रि के शुभ अवसर पर हरिद्वार से लौटे। वे पिछले 9 वर्षों से लगातार कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। इस बार 8 जुलाई को बालकरूपी मंदिर से यात्रा शुरू कर उन्होंने भी गंगाजल लाकर बालकरूपी शिव मंदिर में विधिपूर्वक जलाभिषेक किया। उनके पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया और क्षेत्र का वातावरण भक्ति में सराबोर हो गया।

### सेवा भारती की बंजार इकाई ने भेंट की व्हीलचेयर

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** सेवा भारती की बंजार इकाई के सचिव हुकम चंद और कोषाध्यक्ष नोक सिंह ने कमलू राम नामक एक व्यक्ति को व्हीलचेयर भेंट की। कमलू राम गांव जलूईड बालीचौकी का निवासी है व चलने फिरने में अक्षम है। सेवा भारती के इकाई सचिव हुक्म चंद ने बताया कि कमलू राम पिछले डेढ़ वर्ष पहले अपने ही घर के छत से गिर गए थे और जिसमें उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी थी, जिस कारण उन्हें लंबे समय के लिए आराम करने को कहा गया है। इस दौरान सेवा भारती इकाई बंजार ने कमलू राम के घर जाकर उनका हालचाल भी जाना और उन्हें एक व्हीलचेयर भी दी। सेवा भारती इकाई बंजार के कोषाध्यक्ष और सचिव पहले भी कई बार कमलू राम के मिल चुके थे और इस दौरान कमले राम ने उनसे व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की गुहार की थी।



# आपदा प्रभावितों की अनदेखी, धर्मपुर में जमीन न मिलने से उजड़े परिवार बेहाल: भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल धर्मपुर में वर्ष 2023 की आपदा से प्रभावित परिवारों को अब तक जमीन उपलब्ध नहीं करवाई गई है, जिससे उनके पुनर्वास की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। लौंगनी ग्राम पंचायत के स्याठी गांव के लगभग डेढ़ दर्जन परिवार अब भी खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं। इन परिवारों को प्रशासन की ओर से सिर्फ 10,000 की राहत राशि और राशन सामग्री दी गई है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि टिहरा उपतहसील की तनियार पंचायत के हियुन-बल्ह गांव के अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले कई परिवार किराये के मकानों में रह रहे हैं और अब उन्हें किराया भी नहीं मिल रहा है। कुछ परिवारों को सरकार से मकान निर्माण के लिए राशि तो मिली, लेकिन जमीन न होने से उन्हें स्वयं ही जमीन खरीदनी पड़ी।

लौंगनी गांव के प्रभावित लोग नैना माता मंदिर में शरण लिए हुए हैं। मंदिर कमेटी, स्थानीय पंचायत व ग्रामीण उनके भोजन और ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिर परिसर में अस्थायी छत तो बना दी गई है, लेकिन शौचालय और स्नान की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। भूपेंद्र ने प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है कि मंदिर परिसर में कैबिन बनाए जाएं व पात्र परिवारों को सरकारी भूमि पर अस्थायी शेड उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया है कि टौरीनाले के पास सरकारी भूमि पर इन्हें मकान बनाने दिए जाएं। साथ ही अनुसूचित जाति के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर न्यूनतम पांच बीघा जमीन देने के लिए सरकार कानून बनाए।


आपदा प्रभावितों के साथ पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह।

# जलजनित रोगों से बचाव के लिए पीएं उबला पानी: गुप्ता

**अनंत ज्ञान, पधर।** खंड चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में जलजनित रोगों से बचाव के लिए केवल उबले हुए और स्वच्छ पानी का ही सेवन करें। उन्होंने कहा कि इस मौसम में जल स्रोतों के प्रदूषित होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे डायरिया, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसे रोग तेजी से फैलने की संभावनाएं रहती हैं। डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए पानी को कम से कम 10 मिनट तक उबालना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें व फलों और सब्जियां को इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह से धोएं। स्वास्थ्य खंड पधर में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयां और उपकरण उपलब्ध हैं।

# हवलदार मोहर सिंह पंचतत्व में विलीन सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई


हवलदार मोहर सिंह के निधन से पूरे सराज क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अणाह निवासी हवलदार मोहर सिंह का पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में ड्यूटी रिजॉइन करने से पहले ट्रेन में हृदय गति रुकने के कारण दुखद निधन हो गया। वे एयर फोर्स कैंप में सेवारत थे और कुछ दिनों की छुट्टी बिताकर वापस ड्यूटी पर जा रहे थे।

इस दुखद घटना के बाद, उनकी प्लाटून द्वारा पार्थिव देह को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव खूहण पहुंचाया गया। गांव में 'भारत माता की जय', 'जब तक चांद सूरज रहेगा, हवलदार मोहर सिंह तेरा नाम रहेगा' जैसे नारों से उनकी वीरता और देश सेवा को याद किया गया। बारिश के कारण गांव का रास्ता खराब होने की वजह से, उनका अंतिम संस्कार पडोह डैम झील किनारे जागर नाले के पास किया गया, जहां सैन्य टुकड़ी ने उन्हें सलामी देकर अंतिम विदाई दी। हवलदार के निधन से पूरे सराज क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# टॉन्सिल कैंसर से पीड़ित व्यक्ति का रोबोटिक सर्जरी से किया इलाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**टॉन्सिल** कैंसर से पीड़ित सुंदरनगर के एक 73 वर्षीय व्यक्ति का हाल ही में मैक्स अस्पताल मोहाली में एक उन्नत न्यूनतम इनवेसिव रोबोटिक सर्जरी से इलाज किया गया।

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के पूर्व विभागाध्यक्ष और डीन अकादमिक तथा वर्तमान में मैक्स अस्पताल में ईएनटी विभाग के निदेशक डॉ. नरेश कुमार पांडा ने कहा कि रोगी को लगातार गले में दर्द और खाना निगलने में कठिनाई हो रही थी। विस्तृत चिकित्सा जांच में दाहिने टॉन्सिल पर एक संदिग्ध वृद्धि का पता चला, जिसके बाद टॉन्सिल कैंसर की पुष्टि के लिए बायोप्सी की गई। डॉ. पांडा ने आगे कहा, 'ट्यूमर लोकलइज्ड था और लिम्फ नोड्स या शरीर के दूर के हिस्सों में नहीं फैला था। गले के अंदर ट्यूमर के गहरे स्थान को देखते हुए, हमने द विंची एक्सऑय रोबोटिक प्रणाली का उपयोग करके गर्दन के विच्छेदन के साथ ट्रांसओरल रोबोटिक सर्जरी करने का फैसला किया। ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया गया। डॉ. पांडा ने कहा कि यह सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज के लिए एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तरीका है। उन्होंने बताया कि इस उन्नत तकनीक से हम मुंह के माध्यम से ऑपरेशन कर सकते हैं और पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। सर्जरी के बाद मरीज ने अच्छी प्रतिक्रिया दी, एक हफ्ते के भीतर खाना निगलना शुरू कर दिया और सामान्य गतिविधियां करने लगा।



# ल्हासा गिरने से धर्मपुर-संधोल सड़क तीन हफ्तों से ठप

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** संधोल क्षेत्र में वर्षों बाद बक्कर खड्ड और ब्यास पर पुल निर्माण ने 'कालापानी' जैसे उपनाम से मुक्ति जरूर दिलाई, लेकिन सड़क व्यवस्था अभी भी दयनीय बनी हुई है। खासकर संधोल-मढ़ी-धर्मपुर मुख्य सड़क, जो कि क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाती है, बीते तीन सप्ताह से बंद पड़ी है। 30 जून को कोठुवां में भारी बारिश के बाद ल्हासा गिरने से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। विभाग के अनुसार, अभी एक माह तक इसके बहाल होने की संभावना नहीं है।

स्थानीय लोगों की मानें तो क्षेत्र की प्रमुख सड़कें न सिर्फ बंद हैं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते भी खतरनाक और दुर्गम हैं। ब्लैक स्पॉट गढ़धार आज भी दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात है, जहां बारिश के दौरान लगातार पत्थरों की बारिश हो रही है। इसी कारण, लोगों को अब चतरोंन होते हुए 7 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है।

सीएम सुक्खू ने दो वर्ष पहले इस सड़क को चौड़ा करने के लिए 10 करोड़ रुपए की घोषणा की थी, लेकिन अब तक महज 2 किलोमीटर खुदाई और डंगे लगाए गए, वो भी अवैज्ञानिक तरीके से। पहली बारिश में ही डंगे ढह गए, जिन्हें अब निर्माण विभाग खुद दोबारा लगा रहा है। विभाग की लापरवाही और आधा-अधूरा कार्य इस बंद सड़क की प्रमुख वजह मानी जा रही है। दूसरा मार्ग स्योह होकर है, जो एक दिन खुलता है और फिर सप्ताहों बंद रहता है। इसे भी 10 करोड़ की स्वीकृति मिली थी, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो पाया। तीसरा विकल्प गद्दीदार होकर जाने वाला मार्ग है, जो कई जगहों से टूटा हुआ है और क्रशर क्षेत्र के पास लगातार पत्थर गिरने से जान जोखिम में डालकर ही यात्रा संभव है।

जयसिंहपुर होकर जाना भी चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि हारसी पत्तन पुल के पास सड़क से पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है। कई गाड़ियों के शीशे टूट चुके हैं व लोग हर सफर में रिस्क लेकर निकलते हैं। यहां पुल को ऐसे स्थान पर बनाया गया है जो बारिश में और भी खतरनाक हो जाता है।

सुजानपुर-संधोल सड़क अभी भी निर्माणाधीन है और इसकी स्थिति भी निराशाजनक है। गाड़ियों के धंसने, फिसलन और लगातार बंद होने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे लोगों को मजबूरी में जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है। करीब 23,000 की आबादी वाला यह क्षेत्र दशकों बाद भले ही पुलों से जुड़ गया हो, लेकिन सड़क सुविधा के मामले में अब भी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। बारिश के मौसम में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं।



> **मुख्यमंत्री** द्वारा घोषित 10-10 करोड़ में से अब तक सिर्फ 2 करोड़ मिले हैं और उतना ही काम हुआ है। आगे की प्रगति सरकार द्वारा धन जारी करने पर निर्भर है। कोठुवां के डंगे विभाग खुद लगवा रहा है, जिसे कुछ दिनों में बहाल कर दिया जाएगा।
>
> **-अनिल कुमार शर्मा**
> **अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, धर्मपुर**

# 'आप' ने पीएम को ज्ञापन भेजकर हिमाचल के लिए मांगा 1000 करोड़ का राहत पैकेज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**आम** आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश ने हाल ही में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन मंडी जिले से पार्टी के ज़िला अध्यक्ष राकेश रावत की अगुवाई में सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के चलते मंडी, सोलन व अन्य जिलों में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। लोगों के घर, पुल, सड़कें, स्कूल व अस्पताल बर्बाद हो गए हैं, जबकि किसानों की फसलें और मवेशी भी प्रभावित हुए हैं।

पार्टी ने केंद्र सरकार से हिमाचल के लिए 1000 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज की मांग की है ताकि आपदा प्रभावितों को त्वरित सहायता मिल सके। साथ ही, मृतकों के परिजनों को उचित मुआवज़ा, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आवास व राशन, किसानों को फसल का मुआवज़ा, सड़क-पुलों के पुनर्निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की अपील की गई है। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि केंद्र सरकार बिजली, पानी और संचार जैसी जरूरी सेवाएं शीघ्र बहाल करे और एक केंद्रीय टीम मौके पर भेजे जो राहत कार्यों की समीक्षा करे। इस मौके पर मंडी ज़िला अध्यक्ष राकेश रावत के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, संगठन मंत्री रामलाल ठाकुर, वसीम लाल शर्मा, दलीप और संध्या ठाकुर मौजूद रहे।


आपदा प्रभावितों की मदद को आम आदमी पार्टी ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन।

# जोगिंद्रनगर में भाइयों के लिए राखियां भेजने का जोश, डाक विभाग ने की विशेष तैयारी

अभिषेक अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** रक्षाबंधन का पर्व नज़दीक आते ही जोगिंद्रनगर के डाकघरों में बहनों की चहल-पहल बढ़ गई है। अपने दूरदराज में रहने वाले भाइयों को राखियां भेजने के लिए बुधवार को मुख्य डाकघर सहित क्षेत्र के अन्य उप डाकघरों में महिलाओं की लंबी कतारें देखी गईं। बहनों ने न केवल राखियां, बल्कि शुभकामनाओं के पत्र व मिठाइयां भी भेजीं।

रक्षाबंधन की संवेदनशीलता को देखते हुए डाक विभाग ने इस बार विशेष व्यवस्थाएं की हैं। विभाग की ओर से डाकघरों में विशेष काउंटर लगाए गए हैं जहां बहनें आसानी से टिकट खरीदकर स्पीड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से राखियां भेज रही हैं। बारिश को ध्यान में रखते हुए विभाग ने वाटरप्रूफ लिफाफे (10 रुपए) और मजबूत राखी बॉक्स (30 रुपए) की सुविधा भी उपलब्ध करवाई है। पोस्टमास्टर मल्लिका ठाकुर ने बताया कि डाक विभाग ने वितरण प्रणाली को मजबूत करते हुए सुनिश्चित किया है कि राखियां 9 अगस्त को पड़ने वाले रक्षाबंधन से पहले हर हाल में अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं। इसके लिए डिलीवरी नेटवर्क को भी बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 4 अगस्त तक पोस्ट ऑफिस में आईटी 2.0 तकनीकी अपग्रेडेशन के चलते स्पीड पोस्ट सेवा अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इसलिए विभाग ने सभी नागरिकों, विशेषकर बहनों से अपील की है कि वे 30 जुलाई से पहले ही राखियां भेज दें, ताकि समय पर डिलीवरी सुनिश्चित हो सके।

रक्षाबंधन की तैयारियों में जहां बाजारों में राखियों की खरीददारी जोरों पर है, वहीं डाक विभाग भी इस भाई-बहन के पावन रिश्ते को मजबूती से जोड़ने के लिए दिन-रात सेवा में जुटा है। बहनों की भावना और डाक सेवाओं की तत्परता रक्षाबंधन को और भी खास बना रही है।


बहनें डाकघर में भाइयों के लिए राखी भेजते हुए।

# दिव्यांगों को बीपीएल सूची में किया जाए शामिल

## हिमालयन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।

हिमालयन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन द्वारा मंडी के उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें दिव्यांग जनों की कई समस्याओं को उजागर करते हुए प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की गई।

संस्था ने मांग की कि जिन दिव्यांगों के पास वैध प्रमाणपत्र हैं, उन्हें पंचायत स्तर पर बीपीएल और आईआरडीपी श्रेणियों में शामिल किया जाए ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। वर्तमान में ऐसे कई पात्र दिव्यांग इन सुविधाओं से वंचित हैं।

संस्था ने यह भी अनुरोध किया कि भूमिहीन दिव्यांगों को स्थायी रूप से रोजगार स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने बताया कि कई दिव्यांग सड़क किनारे अस्थायी रोजगार चला रहे हैं, लेकिन बिना जमीन के स्थायित्व नहीं मिल पा रहा।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई गई। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जीपीएस सेट स्कूलों में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए अभी तक कोई ट्रांसपोर्ट सुविधा मुहैया नहीं करवाई गई है। इसके अलावा, संस्था ने दिव्यांगों के


बैठक करते हुए हिमालयन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### यूडीआईडी कार्ड, रोजगार व शिक्षा सुविधाओं की भी उठाई मांग

यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को लेकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि विशेष कैंप लगाकर कार्ड बनाए जाएं और जानकारी भी दी जाए।

**आपदा** तबाही के बाद भी सन्नाटा, न नेता पहुंचे और न प्रशासन, कनेक्टिविटी के साथ लोगों की उम्मीदें भी टूटी

# कुकलाह त्रासदी में फंसे लोग, 23 दिन बाद भी राहत से दूर

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** जिले में 30 जून को आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने सबसे ज्यादा असर सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग उपमंडल में डाला। जहां सरकार, प्रशासन, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने राहत कार्यों में तत्परता दिखाई, वहीं इसी क्षेत्र का एक और हिस्सा कुकलाह आज भी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

थुनाग क्षेत्र में राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाएं, खाने-पीने की व्यवस्था और ट्रांसपोर्ट जैसी जरूरतें धीरे-धीरे पूरी हो रही हैं। मगर कुकलाह क्षेत्र के हालात आज भी बेहद खराब हैं। यहां के लोग न केवल घर और संपत्ति गंवा चुके हैं, बल्कि प्रशासनिक सहायता के अभाव में आज भी शरण के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। लोगों ने शिकायत की है कि आज 23 दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन का कोई बड़ा अधिकारी क्षेत्र में नहीं आया, न ही किसी बड़े नेता ने दौरा किया। राहत सामग्री तक सही ढंग से नहीं पहुंच पा रही है, क्योंकि कनेक्टिविटी पूरी तरह टूट चुकी है। कुकलाह पुल का बह जाना, सड़कों और रास्तों का क्षतिग्रस्त होना यहां की सबसे बड़ी समस्या है।

पंडोह से बाखली तक की सड़क मात्र तीन स्थानों पर टूटी है, जिसे कुछ मशीनों की सहायता से एक दिन में बहाल किया जा सकता है। लेकिन अब तक किसी ने इस दिशा में प्रयास नहीं किया। यह भी सामने आया है कि कुकलाह क्षेत्र के कई परिवार जैसे चंद्रशेखर, राम दास, परस राम, वेद राम, लछमण, आलम चंद अपने घरों सहित सब कुछ खो चुके हैं। ये अब रिश्तेदारों के घरों में शरण लिए हुए हैं।

माकड़ी गांव की स्थिति और भी भयावह है। यहां की पूरी पहाड़ी धंस रही है और बारिश के दौरान स्लीप गिरने से लोग बेहद डरे हुए हैं। पूरे क्षेत्र में त्राहि-त्राहि मची हुई है, मगर सरकार और प्रशासन की चुप्पी पीड़ितों के जख्मों को और गहरा कर रही है।

सड़क मार्ग बंद होने के कारण बगलामुखी रोपवे ही एकमात्र विकल्प है, जो पर्यटकों के लिए बना है और गरीब पीड़ितों के लिए महंगा साधन साबित हो रहा है। साथ ही माता बगलामुखी मंदिर तक का पैदल रास्ता भी क्षतिग्रस्त है, जो पैदल चलने में भी जानलेवा साबित हो सकता है।

नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय विधायक जयराम से लोग आस लगाए बैठे हैं, कि शायद वे आएंगे व इनकी तकलीफें सुनकर राहत दिलवाएंगे। पर अब तक कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आया।



### थुनाग में राहत और कुकलाह में उपेक्षा

**कुकलाह** की जनता पूछ रही है कि थुनाग के लिए पचास मशीनें मंगवाई गई, तो हमारे लिए क्यों नहीं? क्या पीड़ा की माप भी क्षेत्र देखकर होती है? अब जरूरत है कि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि कुकलाह के घावों पर भी मरहम लगाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजरों के लिए साक्षात्कार 28 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 28 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय अंब और 29 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 17,500 से 22,000 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

### पदोन्नति पर आ रही समस्याओं से करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रदेश रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक समीर रस्तोगी से सौजन्य भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुश आनंद ने किया। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर्स के सेवाकाल में आ रही समस्याओं, पदोन्नति में असमानता तथा गैर-राजपत्रित श्रेणी में डाले जाने से उत्पन्न हो रही निराशा पर चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार की नीतियों में हुए बदलावों ने के मनोबल और कार्यक्षमता को प्रभावित किया है। प्रतिनिधिमंडल ने निवेदन किया कि पुनः राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिया जाए और वेतनमान तथा पद श्रेणी में सुधार किया जाए, जिससे उनकी भूमिका की महत्ता और जिम्मेदारियों को न्याय मिल सके। रस्तोगी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस विषय को उचित स्तर पर उठाएंगे।

### जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मानसून सीजन की निरंतरता और मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऊना जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन किया गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि अब जिले के सभी 1364 आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह संशोधित समय तत्काल प्रभाव से लागू होगा और आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और बारिश के चलते छोटे बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### हटली स्कूल में उपनिदेशक ने जानी गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली का निरीक्षण डिप्टी डायरेक्टर (क्वालिटी कंट्रोल) नीलम कुमारी ने किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों, शैक्षणिक कार्यों, खेल की गतिविधियों एवं विद्यालय की रिकॉर्ड संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। सभी कक्षाओं में स्वयं जाकर विद्यार्थियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों द्वारा करवाया गया। लगभग 6 घंटे चले इस वार्षिक निरीक्षण में विद्यालय का कार्य एवं बच्चों का प्रदर्शन अति उत्तम पाया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक ने अध्यापकों से कहा कि वे आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को शिक्षा दें एवं सरकार की शिक्षा संबंधी नीतियों को पूरी तरह लागू करने की कोशिश करें। विद्यालय के कुशल कार्य संचालन के लिए उन्होंने प्रधानाचार्य राज पाल सरोही एवं सभी स्टाफ सदस्यों की भी प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाया। इस मार्ग दर्शन के लिए प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापकों ने निरीक्षण टीम का हार्दिक धन्यवाद किया। उपनिदेशक के साथ निरीक्षण टीम में राममूर्ति शर्मा, रीता शामिल रहे। निरीक्षण टीम ने विद्यालय की सफाई व्यवस्था को भी सराहा उन्होंने स्मार्ट क्लास रूम व आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित आई सीटी लैब का भी दौरा किया व हर क्लास में स्मार्ट बोर्ड होने पर प्रशंसा व्यक्त की।

### 'आपदा प्रबंधन' में पंचायतों की भूमिका पर संवाद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आपदा प्रबंधन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में पंचायतों की भूमिका को लेकर जिला परिषद हॉल ऊना में दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में ऊना जिले की 245 पंचायतों के लगभग 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों सहित पंचायत सचिव शामिल रहे। कार्यशाला का मुख्य मकसद पंचायतीराज संस्थाओं की आपदा के प्रति तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और आपदाओं के प्रभाव को कम करने की क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, साथ ही बीडीओ ऊना केप्टन वर्षा विशिष्ट अतिथि और जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के प्रशिक्षण विशेषज्ञ राजन कुमार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर राजन कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों को भूकंप की तैयारी, अग्नि सुरक्षा, बाढ़ प्रतिक्रिया, सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई पीईआरसी योजना और घटना प्रबंधन पर इंटरेक्टिव प्रशिक्षण सत्र, प्रदर्शन और अनुकरण अभ्यास आयोजित करके विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

### शिव मंदिर अटया में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल की अम्बेहड़ा धीरज पंचायत के श्री सुंदर नारायण गुरुकुलम आश्रम अटया के प्राचीन शिव मंदिर शिवालय में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ-साथ जलाभिषेक किया। 15 कांवड़ियों का दल हरिद्वार से पवित्र जल लेने गया था। बुधवार को कांवड़िए अटया के शिवालय पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। शिव भक्त महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने बताया कि कांवड़ियों ने अपनी अर्धांगिनियों के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान शिव को जल चढ़ाया गया। जोगी ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है और श्रावण माह में भगवान शिव की आराधना करना फलदाई होता है। कार्यक्रम में भजन कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक गतिविधियां भी हुई। कांवड़ियों ने देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने इस प्रसाद ग्रहण किया।

# छात्रों व ग्रामीणों की जान खतरे में

## कैंट गांववासियों को क्रॉस करना पड़ती है उफनती खड्ड

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा की उपतहसील जोल की अम्बेहड़ा धीरज पंचायत के अंतर्गत आने वाले कैंट गांव में आज भी कुछ घर ऐसे हैं, जहां तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क तो दूर, पुलिया तक मौजूद नहीं है। देश को आजाद हुए 78 साल हो चुके हैं, लेकिन इस गांव के इन परिवारों को अब तक आने-जाने का सुरक्षित रास्ता नसीब नहीं हुआ।



उफनते नाले से स्कूली छात्र को दूसरी ओर सुरक्षित पहुंचाते ग्रामीण।

बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है। यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाए तो उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए खड्ड में पानी का कम होने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार यह खड्ड दो से तीन दिन तक उफान पर रहती है, ऐसे में गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत इसी कारण हो चुकी है।आज भी बच्चे खड्ड पार कर स्कूल पहुंचे, लेकिन जब तक वे सुरक्षित पार नहीं कर लेते, तब तक उनके माता-पिता की सांसें अटकी रहती हैं। जरा सी चूक बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।

### न कोई सुनवाई, न समाधान

**लोगों** का आरोप है कि आज तक न पंचायत ने उनकी सुध ली, न विधायक और न ही सांसद ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे भगवान भरोसे ही हैं। उनका सवाल है कि आखिर वे कब तक इस तरह की जिंदगी जीते रहेंगे।

### प्रशासन से लगाई गुहार

**ग्रामीणों** ने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्का रास्ता व पुलिया बनाई जाए, ताकि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और बच्चों की शिक्षा सुरक्षित रह सके।

## बरोह में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हरोटी गांव जाने वाला मुख्य मार्ग जलमग्न

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** तहसील कलोह के अंतर्गत आने वाले बरोह गांव में भारी बारिश के चलते जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या मुख्य रूप से उस सड़क पर उत्पन्न हुई है, जो बरोह से हरोटी गांव की ओर जाती है, जो क्षेत्र का एकमात्र संपर्क मार्ग है। लगातार हो रही बारिश और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह सड़क पूरी तरह से पानी में डूब गई है।

परिणामस्वरूप न सिर्फ राहगीरों को दिक्कतें हो रही हैं, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी यह मार्ग जोखिम भरा बन गया है। कई दोपहिया और चारपहिया वाहन इस पानी में फंस जाते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, लेकिन इस बार स्थिति गंभीर हो गई है। हर दिन हमें काम पर जाने में बहुत परेशानी हो रही है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और बीमार लोगों को अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए और सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि हरोटी गांव से आने-जाने का रास्ता सुचारु रूप से बहाल हो सके।

स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।



संपर्क मार्ग में भरा हुआ पानी, जिस कारण लोगों को मुश्किलें हो रही हैं तथा उनमें रोष बढ़ता जा रहा है।

## श्रावण अष्टमी मेले को लेकर डीसी जतिन लाल ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले के दौरान लोगों की सुविधा और सुचारु कानून व्यवस्था के लिए 25 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। इसे लेकर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं।



जारी आदेश के मुताबिक मेले के दौरान कानून व्यवस्था में तैनात जवानों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

जतिन लाल ने बताया कि नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों के लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। मेले के दौरान ब्रास बैंड, ड्रम, लंबे चिमटे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा, साथ ही इस दौरान पॉलीथिन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खुले में और सड़क किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा और आतिशबाजी इत्यादि की भी अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा कि मेलावधि के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी में बनाए गए पर्ची काउंटर पर पंजीकरण करवाएं क्योंकि बिना दर्शन मां चिंतपूर्णी के दर्शन की अनुमति नहीं होगी।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में वीपीएस का दबदबा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में 18 से 20 जुलाई तक इंदिरा स्टेडियम में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दूसरे खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए वशिष्ट पब्लिक स्कूल जिला ऊना के अंडर-15 श्रेणी में कक्षा 9वीं के हर्षदीप सिंह और स्वास्तिक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं, अंडर-17 श्रेणी में कक्षा 10वीं के छात्र रुद्रा सहोड़ ने भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त अर्थव शर्मा, स्वास्तिक शर्मा, हर्षदीप सिंह और रुद्रा सहोड़ का राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वशिष्ट पब्लिक स्कूल का अन्य विद्यार्थी सन्नी कुमार यादव नॉर्थ जोन क्रिकेट टीम में खेल कर आए हैं जो कि रांची झारखंड में संपन्न हुई थी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने खिलाड़ियों के माता-पिता को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा ही तत्पर रहेगा।

## 'ट्रेनिंग' के नाम पर ठेका नियुक्ति की परंपरा बंद करे सरकार : गौरव

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हाल ही में राज्य सरकार की नियुक्ति नीति को लेकर युवा वर्ग और समाजसेवियों में तीव्र असंतोष देखने को मिल रहा है। युवा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता गौरव कुमार ने कहा कि सरकार चयनित उम्मीदवारों को सीधा नियमित नियुक्ति देने के बजाए 'प्रशिक्षण' के नाम पर दो साल के अनुबंध पर रख रही है और फिर उसी पद के लिए एक और परीक्षा की अनिवार्यता थोप देती है। गौरव ने इसे युवाओं के साथ स्पष्ट अन्याय और चयन प्रक्रिया का अपमान करार दिया।



उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक उम्मीदवार पहले ही आयोग जैसी कठिन परीक्षा, इंटरव्यू और मूल्यांकन के कई चरणों को पार कर चुका है, तो दोबारा परीक्षा लेने का क्या औचित्य रह जाता है? गौरव का मानना है कि यह नीति उन हजारों मेहनती युवाओं के आत्मसम्मान, समय और मानसिक संतुलन पर सीधा आघात है, जिन्होंने वर्षों की तैयारी के बाद इस मुकाम को हासिल किया।सरकार केवल अनुबंध पर नियुक्ति देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है। 'ट्रेनिंग' की आड़ में चयनित युवाओं को संवैधानिक और सेवा लाभों से वंचित रखा जा रहा है। गौरव कुमार ने कहा कि सरकार चयन प्रक्रिया का सम्मान करे। ट्रेनिंग के नाम पर ठेका नियुक्ति की परंपरा बंद करे और युवाओं आत्मसम्मान को प्राथमिकता दे।

## व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : विधायक

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**



बैठक में विधायक सुदर्शन बबलू और अन्य गणमान्य।

**चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के तैयारियों एवं प्रबंधनों को लेकर माईदास सदन में श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक सुदर्शन बबलू ने मेले के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह मेला लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसकी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मेले के दौरान आपसी समन्वय के साथ का कार्य करें ताकि श्रावण आष्टमी मेला श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और सुगठित अनुभव बन सके।

**लंगर लगाने का समय :** उन्होंने बताया कि मेले के दौरान भरवाईं से माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर तक लगर लगाने के लिए समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह 6 से 9 बजे, दोपहर 12 से 3 बजे और शाम 6 से 9 बजे तक लंगर लगाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने लंगर संचालकों से भी आग्रह किया कि वे स्वच्छता, कचरा निस्तारण और जनस्वास्थ्य नियमों का विशेष रूप से पालन करें।

**विधायक ने सुनी जनसमस्याएं :** इसके उपरांत विधायक सुदर्शन बबलू ने स्थानीय लोगों की जन समस्याएं भी सुनी और उनका मौके पर निपटारा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों की समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। इस मौके पर श्री चिंतपूर्णी से कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष रविंद्र कुमार, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, मंदिर अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्मशानघाट तनोह में गणमान्यों ने की सफाई

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा की तनोह पंचायत के तनोह गांव स्थित ऐतिहासिक सत्यवादी हरिश्चंद्र श्मशानघाट में प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन कर साफ-सुथरे परिसर की ओर एक प्रयास किया गया था, बल्कि समाज में जन-जागरूकता देने का भी महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। पुण्य के इस कार्य में राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षक ठाकुर अशोक, विनोद कुमार, किशन चंद्र शर्मा, मदन लाल, राम आसरा शर्मा के अलावा अनेक स्थानीय समाजसेवियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्मशान घाट केवल अंतिम संस्कार का स्थान नहीं, अपितु यह हमारी संस्कृति, आस्था और आत्मबोध का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है। स्थानीय ग्रामीणों नभविष्य में भी ऐसे सामूहिक अभियानों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

## किसान 31 जुलाई तक करवा सकते हैं मक्की और धान की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, बाढ़, जलभराव और ओलावृष्टि आदि से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ इस वर्ष खरीफ सीजन के दौरान भी किसानों को मिल रहा है। कृषि उपनिदेशक ऊना डॉ. कुलभूषण धीमान ने बताया कि ऊना जिले में इस योजना के तहत मक्की और धान की फसल का बीमा किया जा रहा है।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीमा करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया गया है। पहले इसके लिए 15 जुलाई तिथि निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि मक्की व धान की फसलें उगाने वाले बंटाईदारों, काश्तकारों सहित सभी किसान जिला की सभी अधिसूचित तहसीलों और उप तहसीलों में यह बीमा करवा सकते हैं। योजना से संबंधित अधिसूचना विभाग की वेबसाइट **agriculture.hp.gov.in** पर भी उपलब्ध है। इसके साथ ही बीमा करवाने के लिए किसानों को अपना फोटो, पहचान पत्र, आधार कार्ड और अपनी भूमि के कागजात सहित बीमा कंपनी या नजदीकी लोक मित्र केंद्रों, बैंकों या ऑनलाइन के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं।

**प्रीमियम और बीमित राशि :** डॉ. धीमान ने बताया कि किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशी 48 रुपए प्रति कनाल तथा बीमित राशि 2400 रुपए प्रति कनाल निर्धारित है। योजना के संबंध में किसी भी तरह के परामर्श के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों विकास खंड अंब और गगरेट सुशील कुमार, मोबाइल नंबर 82192-77283, विकास खंड बंगाणा में विश्वनाथ, मोबाइल नंबर, 70185-33602, विकास खंड हरोली में हर्ष मेहता, मोबाइल नंबर 98052-84713 और विकास खंड ऊना में रोहित सैणी मोबाइल नंबर 97798-48264 से संपर्क कर सकते हैं।

## दिलवर खान का बलिदान देता है प्रेरणा : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कार्यक्रम में दिलवर खान के स्वजनों के साथ पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर व अन्य गणमान्य।

थहड़ा पंचायत के घरवासड़ा गांव के सपूत, कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित शहीद नायक दिलवर खान की स्मृति में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुटलैहड़ सेवा संगठन वेटर्नस एसोसिएशन कुटलैहड़ और थहड़ा पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान वीरेन्द्र कंवर ने शहीद नायक दिलवर खान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हिमाचल के वीरों ने सदैव देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिए हैं। कुटलैहड़ का यह लाल भी उन्हीं में से एक है, जिसने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि शहीद दिलवर खान ने कुपवाड़ा जिले की लोलाब घाटी में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक आतंकी को पकड़ लिया जबकि यदि वह चाहते, तो पहले अपनी जान बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने राष्ट्रधर्म को सर्वोच्च माना। आज उनका बलिदान हमें प्रेरणा देता है कि सच्चा देशभक्त वही होता है जो अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटता। समारोह में वीरेन्द्र कंवर द्वारा शहीद के पिता कर्मदीन, माता भोली बीबी व पत्नी जमीला को भी सम्मानित किया गया और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं के लिए देशभक्ति और प्रेरणा का संदेश बन गया। कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक चरणजीत शर्मा व अन्य आयोजकों ने कार्यक्रम को एक सादे लेकिन भावनात्मक रूप में संपन्न किया, जिसमें वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम के मूल्य समाहित थे। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा, कुटलैहड़ सेवा संगठन व वेटर्नस एसोसिएशन से विभिन्न गणमान्य लोग, कर्नल केसी शर्मा, कै. सुभाष चंद, कै. रणवीर सिंह, कै. जगजीवन, चरणजीत शर्मा, मास्टर रमेश, राजिंदर रिंकू, देवराज शर्मा, मनु बांका, दिलबाग सिंह, थहड़ा पंचायत उपप्रधान गुरनाम सिंह, समूर कलां पंचायत उपप्रधान चरणजीत पुरेवाल, टीहरा पंचायत से सुखदेव, मंजीत सिंह, रोहित वशिष्ठ, मनीष कौशल पीपलू के प्रधान प्रधान मोहिंदर सिंह, मंदली रायपुर मैदान के प्रधान व चुल्हड़ी से सुभाष भी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक चैतन्य ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक का किया शुभारंभ

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** ब्रह्मपुर स्थित सैनिक कैंटीन परिसर में नव स्थापित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के शुभारंभ पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने क्षेत्र के समस्त पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इसे देश के वीरों के त्याग और समर्पण को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल करार दिया।

पूर्व विधायक ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर तथा लेफ्टिनेंट जनरल अजय चंदपुरिया का आभार प्रकट किया, जिनके प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित सुविधा संभव हो सकी, साथ ही उन्होंने ब्रिगेडियर सुनील कुमार, कर्नल आरसी पाराशर, तथा कर्नल जोगिंदर लखनपाल को इस सफलता के लिए बधाई दी। चैतन्य शर्मा ने कहा कि यह केंद्र सिर्फ चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि उन योद्धाओं के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व विधायक राजेश ठाकुर और उनके सामूहिक प्रयासों से यह सुविधा क्षेत्र में लाई जा सकी है। उन्होंने बताया कि यह पॉलीक्लिनिक हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराएगा।



ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के शुभारंभ पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा व अन्य।

**मंथन** मोमनियार जिप की बैठक में विधायक विवेक ने शिरकत कर किया सीधा संवाद

## विकासात्मक मुद्दों व जनसमस्याओं पर किया फोकस

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मोमनियार जिला पार्षद वार्ड की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। यह बैठक जोगी पंगा कार्यालय में आयोजित की गई थी, जहां पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा करना, जनसमस्याएं सुनना और आने वाले पंचायत चुनावों की रणनीति तय करना रहा।



जिला परिषद क्षेत्र मोमनियार के कार्यकर्ताओं की बैठक

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने सबसे पहले उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और सुक्खू सरकार के अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से बताया। विधायक विवेक शर्मा ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव होती हैं और ईमानदार, सक्रिय और सेवा-भाव रखने वाले लोगों को पंचायतों में चुना जाना चाहिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर सरकार की नीतियों और योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की नकारात्मक राजनीति से जनता अब ऊब चुकी है और अब विकास ही एकमात्र एजेंडा होना चाहिए। विधायक ने कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए समय रहते तैयार रहने की सलाह दी और संगठित तरीके से कार्य करने की प्रेरणा दी।

**कुटलैहड़ में भारी बारिश से हुए नुकसान पर पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन :** विधायक विवेक शर्मा ने बैठक में भारी बारिश के चलते क्षेत्र में हुए नुकसान पर भी विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई गांवों से मकान, पशुशालाएं, सड़कें और खेतों को नुकसान पहुंचने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाएगी और प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि वे नुकसान का आकलन करके तुरंत राहत प्रदान करें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह स्वयं जिला प्रशासन के साथ संपर्क में हैं और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और प्राकृतिक आपदा के समय एकजुट होकर कार्य करें। यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और इसमें क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान, और लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने की दिशा में सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।

विधायक विवेक शर्मा के खुले संवाद और सहयोगी रवैये से लोगों में विश्वास की भावना और अधिक प्रबल हुई है। यह बैठक यह दर्शाती है कि सरकार और जनप्रतिनिधि यदि सक्रिय और संवेदनशील हों, तो जमीनी स्तर पर बदलाव संभव है। कुटलैहड़ की जनता को उम्मीद है कि इसी तरह के प्रयासों से क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में प्रवासी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 25 जुलाइ तक गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। यह संभव है कि बिहार राज्य के कुछ निर्वाचक वर्तमान में अस्थायी रूप से हिमाचल में निवास कर रहे हों। ऐसे निर्वाचक ऑनलाइन अथवा अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से गणना प्रपत्र भरकर बिहार में अपने निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम सत्यापित कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्तको प्रकाशित की जाएगी। इसके उपरांत दावे और आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि हिमाचल में अस्थायी रूप से रह रहे बिहार के मतदाता ऑनलाइन वेबसाइट **https://voters.eci.gov.in** या मोबाइल ऐप **ECINET App** के माध्यम से गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता प्री फिल्ड फॉर्म डाउनलोड कर हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सऐप, ई-मेल या परिवार के सदस्य के माध्यम से संबंधित बूल लेवल अधिकारी तक भेज सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने के लिए 11 वैध दस्तावेज में से कोई भी एक दस्तावेज़ होना अनिवार्य है। यदि दस्तावेज़ तत्काल उपलब्ध न हों, तो इसे 25 जुलाई तक या फिर दावा-आपत्ति अवधि (1 अगस्त से 1 सितंबर) के दौरान भी प्रस्तुत किया जा सकता है, साथ ही प्रारूप मतदाता सूची में मतदाता का नाम सम्मिलित होने के लिए गणना प्रपत्र 25 जुलाई तक उपलब्ध करवाना आवश्यक है। मतदाता ईसीआईएनईटी ऐप या वेबसाइट **https://voters. eci.gov.in** पर जानकारी अपने फॉर्म की स्थिति जांच सकते हैं।

# 25 जुलाई को कुल्लू में नहीं होगा बाजार बंद : मदन लाल

## कहा- बाजार बंद होने की कुछ लोग फैला रहे अफवाहें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष व संयोजक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल व संयोजक दिनेश सेन ने कहा कि बिजली महादेव रोपवे निर्माण का विरोध कर रहे कुछ लोग झूठी अफवाहें फैला रहे हैं।

कुल्लू के ब्यासा मोड़ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट के विरोध मामले को लेकर कुल्लू व्यापार मंडल ने बाजार बंद नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को किसी तरह का बाजार बंद नहीं रहेगा। उन्होंने इस दौरान बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट निर्माण को लेकर समर्थन किया और कहा कि इसके बनने से कुल्लू में कारोबार बढ़ेगा। इससे किसी तरह की देव नीति या परंपराएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने बिजली महादेव रोपवे निर्माण का विरोध कर रहे लोगों को चेताते हुए कहा कि 25 जुलाई को कुल्लू बाजार बंद होने की झूठी अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा कि बाजार बंद करने को लेकर कोई भी हम पर दबाव नहीं बना सकता।

उन्होंने कुल्लू के सभी व्यापारियों का आह्वान करते हुए कहा कि 25 जुलाई को अपनी-अपनी दुकानें खुली रखें, साथ ही लोगों से भी अपील की है कि बाजार आएं और खरीददारी करें, बाजार खुला होगा। उन्होंने कहा कि रोपवे बनने से क्षेत्र का विकास होगा, लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक कुल्लू में भी रुकेंगे इससे सभी कुल्लूवासियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि देवनीति और देव आस्था में हम भी विश्वास रखते हैं, लेकिन यहां पर देवता के स्थान और भूमि में रोपवे नहीं बन रहा। उन्होंने कहा कि अगर बात विकास की है, तो क्षेत्र के विकास के लिए, हम रोपवे का समर्थन करते हैं। व्यापारियों को रोपवे के बनने से काफी फायदा मिलेगा और पर्यटन कारोबार को भी पंख लगेंगे।

# बिजली महादेव रोपवे से होगा क्षेत्र का विकास : सेस राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष सेसराम चौधरी ने कहा कि बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं।

बुधवार को कुल्लू के परिधि गृह में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे से हमारे क्षेत्र का विकास होगा। पर्यटन कारोबार बढ़ेगा और बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, लेकिन फिर भी बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति व अन्य कुछ लोग इस मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हैरानी तो इस बात की है कि यह प्रदेश सरकार का नहीं, बल्कि केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है। बावजूद इसके यह लोग कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को बदनाम करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं और बिजली महादेव मुद्दे पर अपनी खोई हुई राजनीति चमकाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि खराहल के लोगों और पंचायत को इसका विरोध था, तो पंचायत ने 2018 में इस रोपवे के निर्माण को लेकर एनओसी क्यों दी, जिन लोगों ने एनओसी दी थी, वहीं आज विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रही बात पेड़ कटान की, तो जब विकास होगा, तो पेड़ तो कटेंगे ही पहले भी कई परियोजनाओं के निर्माण के समय पेड़ों का कटान हुआ, तब तो किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया, अगर पेड़ कटे भी तो कंपनी उतने पेड़ लगाएगी भी। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव में अगर रोपवे लगेगा तो बुजुर्ग, बच्चे सभी आसानी से वहां पहुंचकर भोले के दर्शन कर पाएंगे और क्षेत्र भी विकसित होगा।



जिला परिषद कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष सेसराम चौधरी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

# जिस्पा में धमाल मचाएंगे कलाकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** एक व दो अगस्त को लाहौल-स्पीति जिले के जिस्पा में आयोजित होने जा रहे लाहौल-स्पीति इको टूरिज्म फेस्टिवल में कलाकार खूब धमाल मचाने की तैयारी में हैं। दो दिवसीय उत्सव में लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी के नृत्य दलों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों में जनजातीय संस्कृति के दर्शन होंगे। किन्नौरी कल्चरल टीम, पांगी कल्चरल टीम, लाहौल सुर संगम, गरजा पीती संगम, कल्चरल टीम आफ नेपाल सहित बीरबल किन्नौरा, रमेश ठाकुर, रवि मियाडी, तेंजिन नोर्गे, आकाश, फूरबु नेगी, कालजंग, मुकेश भारद्वाज, मंजू सूर्यवंशी जैसे स्टार कलाकार दर्शकों को नाचने पर विवश करेंगे। उत्सव के शुरू में विश्व शांति के लिए 31 जुलाई को शरबलिंग गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान होगा। शरबलिंग गोंपा से श्रद्धेय टुलकु तेनपा रबग्य पूजा-पाठ कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देंगे। एक अगस्त को जिस्पा में डोलमा छेवांग प्रवचन देंगे। प्रखर प्रवक्ता व ज्ञानी श्रद्धेय खेपे पेमा नेगी बौद्ध धर्म पर अपने विचार रखेंगे। लाहौल इको टूरिज्म सोसायटी के अध्यक्ष कलजग टशी ने बताया कि इको टूरिज्म फेस्टिवल को मनाने का मुख्य उद्देश्य लाहौल-स्पीति में पर्यटन को बढ़ावा देना है।

# बाढ़ व भूस्खलन से मनाली का पर्यटन कारोबार प्रभावित



मनाली माल रोड में चहलकदमी करते हुए कुछ पर्यटक, टूरिस्ट सीजन हो गया है चौपट।

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** लगातार हो रही बारिश बाढ़ और भूस्खलन से मनाली का टूरिस्ट सीजन पूरी तरह से चौपट हो गया है। मनाली के माल रोड सहित सभी पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा छाया हुआ है।

मंडी से लेकर औट तक जगह-जगह भूस्खलन और उसके कारण लग रहे ट्रैफिक जाम ने भी पर्यटकों की राहें रोक दी हैं। आलम यह है कि मनाली के सभी होटलों में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा है, जिस कारण अधिकांश होटल वालों ने अपने स्टाफ को छुट्टी पर भेज दिया है। जून के महीने में पर्यटन सीजन ठीक चल रहा था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कुल्लू और मंडी में बादल फटने की घटनाएं हुई, जिस कारण मनाली समेत लाहौल-स्पीति और लेह का भी टूरिस्ट सीजन चौपट हो गया है। सोशल मीडिया में जिस तरह बढ़-चढ़कर भूस्खलन की वीडियो भी दिखाई जा रही हैं, उससे टूरिस्ट आने से कतराने लगे हैं। मनाली में जिन लोगों ने लीज पर होटल लिया था, उनके छोड़ने की खबरें आ रही हैं। पर्यटन सीजन ठप होने से होटल संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, जो युवा साहसिक खेलों और ट्रैकिंग से जुड़े हैं, उन का काम भी प्रभावित हुआ है। पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल, सुशील रूढ़िंगबा, रमेश और हीरा का कहना है कि होटलों में इतनी खामोशी पहले कभी नहीं देखी है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया में जिस तरह पुरानी तस्वीरें दिखाई जा रही हैं, उस पर पूरी तरह से लगाम लगानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़ पीड़ितों को भेजी 75,200 रुपए की सहायता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के दुआड़ा गांव ने आपदा प्रभावितों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। गांव के विष्णु सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने स्थानीय लोगों से 64,200 रुपए का फंड इकट्ठा किया, जिसे सराज विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को भेजा गया। इस प्रयास में विष्णु युवक मंडल दुआड़ा ने भी 11,000 का योगदान दिया, जिससे कुल 75,200 रुपए की राशि प्रभावितों तक पहुंचाई गई। यह राशि बलदेव कुमार के खाते में भेजी गई है। विष्णु सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य प्रीति कपूर, प्रीति भल्ला, अलवंती, पुष्पा देवी, पुष्पा, अनीता, रचना और रेखा ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सराज के दूरदराज के उन क्षेत्रों की स्थिति देखी, जहां अभी तक पूरी मदद नहीं पहुंच पाई थी। बलदेव कुमार के कार्यों को देखते हुए, उन्होंने राशि उनके खाते में हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। बलदेव कुमार और उनकी टीम ने वितरण बलदेव कुमार सराज विधानसभा क्षेत्र में अपनी 10 लोगों की टीम के साथ स्वयंसेवी के रूप में कार्य कर रहे हैं। ग्रुप की महिलाओं ने बताया कि बलदेव कुमार ने यह राशि प्रभावितों को वितरित की और इसकी पूरी जानकारी समूह को दी। दुआड़ा गांव की जनता ने बलदेव कुमार और उनकी टीम को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

### हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली अंचल के गतिविधि विभाग के तत्वावधान में संच नग्गर में एकल वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में लगभग 50 पौधे लगाए गए, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर समिति से लता ठाकुर, अंचल महिला अध्यक्ष, आयोजक राजेश कारवा संच अध्यक्ष, संच नग्गर, संभाग महिला प्रमुख बेगमा, गतिविधि प्रमुख मनाली अंचल नीलम, संच प्रमुख रीना और संच नग्गर की आचार्य बहनें उपस्थित रहीं। मनाली अंचल की गतिविधि प्रमुख नीलम ने बताया कि गतिविधि विभाग के बैनर तले मनाली अंचल के सभी संचों में एकल वन लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मनाली अंचल का एक बड़ा अंचल वन भी स्थापित किया जाएगा। इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी स्थानीय आचार्य बहनों और संबंधित समिति द्वारा की जाएगी। इससे यह सुनिश्चित हो सके कि लगाए गए पौधे भली-भांति विकसित हो रहे हैं। यह पहल मनाली अंचल में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता फैलाने में सहायक होगी।

### केलांग में तहसीलदार का पद खाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक व भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि जिला मुख्यालय केलांग में तहसीलदार का पद बीते एक सप्ताह से खाली पड़ा है। इससे राजस्व से जुड़े तमाम कार्य प्रभावित हो गए हैं। एसटी, एससी, बोनाफाइड, चरित्र प्रमाण पत्र से लेकर भूमि से संबंधित कार्यों की फाइलें लंबित पड़ी हैं। साथ ही होम स्टे पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह से रुक गई है। बैंकों से ऋण लेने के कामकाज भी ठप पड़ गए हैं। केलांग में तैनात तहसीलदार का एक सप्ताह पहले मंडी स्थानांतरण हो गया था। सरकार ने केलांग के लिए नए तहसीलदार की तैनाती के आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन संबंधित अधिकारी ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है, जो रोजाना जरूरी प्रमाण पत्रों और जमीन से जुड़े कार्यों के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काट रही है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति में विकास कार्य ठप हैं। तहसीलदार जैसे अहम पद को खाली छोड़ देना सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्रों के अभाव में विद्यार्थी, परीक्षार्थी और सामान्य नागरिक सभी परेशान हैं। सरकार की नई नीति के अंतर्गत स्थानीय लोगों ने होम स्टे पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन एफिडेविट व भूमि दस्तावेज तैयार न होने से प्रक्रिया अधर में लटक गई है। इससे पर्यटन में स्थानीय लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। सरकार को तत्काल केलांग में तहसीलदार की नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

### स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कुल्लू, राजेश भंडारी ने कहा कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए आवेदन की तिथि अब बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक हिमाचली, बेरोजगार, युवाओं से कुल्लू जिले के 20 (टेंपो ट्रैवलर 18+2 सीटर) स्टैज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन दिनांक 09.06.2025 से 21.07.2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, उन बस रूटों के लिए अब विभाग द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि को दिनांक 28 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। चयनित मार्गों की सूची व इन रूटों के आवंटन प्रकिया के लिए नियमों व शर्तों का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध है। आवेदनकर्ता इन रूटों के लिए दिनांक 28 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मशीनरी स्थापना को लेकर विभाग को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने कसोल में प्रस्तावित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट की स्थापना को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को यहां पर स्थापित की जाने वाले मशीनरी की व्यवस्था के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रेडर की खरीद करने से पहले लोक निर्माण विभाग की आवश्यक विशिष्टताओं के अनुसार ही इस मशीन की स्थापना की जाए, ताकि भविष्य में इससे निकलने वाले श्रेडेड पदार्थ को सड़क निर्माण में प्रयोग किया जा सके। उन्होंने वेलिंग मशीन, डस्ट रिमूवर तथा बायो कंपोस्टर स्थापित करने के लिए भी उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसके संचालन के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित करने तथा बिजली बोर्ड की 3 फेस लाइन को शिफ्ट करने के लिए अधिकारियों को साइट का निरीक्षण कर सभी आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन एक बार में ही बनाकर अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्लीयरेंस के लिए भी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए तथा इस साइट को चारों तरफ से बंद करने के लिए भी योजना बनाने के निर्देश दिए। डीसी ने इस प्लांट के संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों को दायित्व संबंधी बिंदुओं को परिभाषित करने के लिए कहा तथा यूजर चार्ज, ड्राफ्ट एमओयू तथा ड्राफ्ट एग्रीमेंट आदि पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, एसडीएम निशांत ठाकुर, एक्सन बीसी नेगी, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हितैषी गुप्ता को मुंबई में मिला बेस्ट थीसिस अवॉर्ड

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** हिमाचल के आनी उपमंडल के छोटे से गांव चवाई से निकलकर देश के आर्किटेक्चर की दुनिया में हितैषी गुप्ता अपनी पहचान बना रही है। हाल ही में उन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित आईईएस कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर से स्नातक की डिग्री पूरी की और एनएमए बेस्ट थीसिस अवॉर्ड में रनरअप रहकर अपने माता-पिता, परिजनों, क्षेत्र राज्य और संस्थान का नाम रोशन किया।

हितैषी के पिता पंकज गुप्ता एक अध्यापक हैं और माता शालिनी गुप्ता एक गृहिणी है। हितैषी का शैक्षणिक और रचनात्मक सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। हितैषी गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आनी के हिमालयन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की है। आईईएस कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर से स्नातक की डिग्री



करने के दौरान उन्होंने सोलर डेकाथलॉन इंडिया (2022-23), नासा की 65वीं प्रतियोगिता (2022-23), और सीटीयूबीएच इंडिया चैप्टर के वॉक प्रोग्राम (2023-24) में सक्रिय भूमिका निभाई है।

2024-25 में उन्होंने डियूलकथान प्रदर्शनी में भी अपने डिजाइन्स को पेश किया। सिर्फ डिजाइन तक सीमित नहीं, हितैषी डिजिटल आर्ट, इलस्ट्रेशन, स्केचिंग और पेंटिंग में भी रुचि रखती हैं।

# श्रीखंड यात्रा पर अंतिम जत्था रवाना, यात्रा का पंजीकरण बंद

**अनंत ज्ञान, आनी**

भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा पर बुधवार को अंतिम जत्था बेस कैंप सिंहगाड से रवाना हो गया है।

इसके बाद इस वर्ष यात्रा पर जाने पर रोक लग गई है और बेसकैंप सिंहगाड, थाचरु और कुंशा में यात्रियों का ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण बंदकर दिया गया है। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मनमोहन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष यात्रा पर कुल 7510 यात्री रवाना हुए। इनमें 7190 पुरुष और 320 महिलाएं शामिल हैं, जिनका पंजीकरण ऑनलाइन या फिर बेसकैंप सिंहगाड के अलावा कुंशा और थाचरु में ऑफलाइन दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि सभी यात्री 27 जुलाई तक श्रीखंड के दर्शन कर वापस बेसकैंप लौट जाएंगे। एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि इसके साथ ही सारे पड़ावों और उनमें प्रशासन द्वारा दी जा रही मेडिकल ऐड, रेस्क्यू आदि की सारी सुविधाएं समेट दी जाएंगी, जबकि एसडीआरएफ की टीम और रेस्क्यू दल श्रीखंड के रास्ते की रेकी कर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई श्रद्धालु बाकी तो नहीं रह गया है। वहीं, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अब श्रीखंड की यात्रा पर पंजीकरण बंद हो गया है, अब कोई भी श्रद्धालु यात्रा पर न जाएं।



श्रीखंड महादेव में भोले के भक्त।

## हिमालयन ट्राइब की सफाई टीम श्रीखंड से लौटी

**अनंत ज्ञान, आनी।** भीषण बारिश के बीच भी हिमालयन ट्राइब फाउंडेशन की 35 सदस्यीय टीम ने अपने चार दिवसीय श्रीखंड यात्रा सफाई अभियान को अंजाम देते हुए बुधवार को निरमंड होते रामपुर वापसी की।

यह टीम एसडीएम निरमंड से अनुमति लेकर श्रीखंड के रास्तों में से 500 कट्टों की सफाई का लक्ष्य लेकर रवाना हुई थी। अभियान का उद्देश्य नैन सरोवर, भीम डवारी, श्रीखंड क्षेत्र और पार्वती बाग सहित आसपास के क्षेत्रों की सफाई करना था। हालांकि, लगातार मूसलाधार बारिश के कारण श्रीखंड और नैन सरोवर की सफाई संभव नहीं हो पाई। बावजूद इसके टीम ने पार्वती भाग, डंपिंग यार्ड और अन्य स्थानों की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। संस्था प्रमुख आरपी नेगी युल्लाम ने कहा कि इस बार मौसम बाधा बना, लेकिन यदि प्रशासन का सहयोग मिला, तो एक माह बाद पुनः नैन सरोवर की सफाई के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने देशभर से आए स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में काम कर पर्यावरण सरंक्षण की मिसाल कायम की।

# बश्लेउ जोत के जंगलों में हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी वनमंडल के अंतर्गत निरमंड उपमंडल के बागासराहन क्षेत्र सराहन वन क्षेत्र में बश्लेउ जोत के जंगलों में हरे पेड़ों की कटान को लेकर हड़कंप मच गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वीडियो में एक युवक ने दावा किया है कि वन निगम के ठेकेदारों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए खड़े हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है, जबकि नियमानुसार केवल सूखे या गिरे हुए पेड़ों की ही नीलामी और कटाई की अनुमति होती है। विडियो वायरल होने के बाद वन मंडल अधिकारी आनी स्थित लुहरी ने जांच के आदेश दिए हैं। वीडियो में युवक के साथ कुछ लोग भी नजर आ रहे हैं, जबकि वीडियो बना रहे और उसमें बोल रहे युवक ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



की मांग की है। साथ ही कहा है कि अब वे इस मामले को शांत नहीं रहने देंगे। बताया जा रहा है कि यह वीडियो युवक मंडल सराहन के युवाओं द्वारा उस समय बनाया गया है, जब उनके गांव में बंजार क्षेत्र के देवता मेहमाननबाजी के लिए आए थे और वे वापस जा रहे थे, जिन्हें विदा करने युवक मंडल के युवा बश्लेउ जोत होकर जा रहे थे। इस दौरान युवाओं ने रास्ते में पेड़ों को कटे देखा और स्लीपर बने हुए पाए। इसका वीडियो बनाकर उन्होंने झीरू कप बागासराहन से फेसबुक पेज पर पोस्ट कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने भी वीडियो का संज्ञान लेते हुए वन विभाग और वन माफिया के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि जंगलों की अवैध कटान पर अंकुश लगाया जा सके। इस संदर्भ में वनमंडलाधिकारी डॉ. चमन राव का कहना है कि वीडियो में लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं। उन्होंने बताया कि केवल गिरे और सूखे हुए पेड़ों की सालवेज का एक लॉट ही वन निगम को सौंपा गया है और वहां वन निगम विधिवत कार्य कर इसे निकाल रहा है। उन्होंने कहा कि वीडियो पोस्ट करने से पहले तथ्यों को सत्यापित नहीं किया गया है फिर भी एहतियातन वन परिक्षेत्र अधिकारी, बीओ और फॉरेस्ट गार्ड की टीम को मौके पर भेजकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## वॉटर फॉल में चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** महाऋषि ग्राम कमेटी वशिष्ट ने जोगणी वॉटर फॉल पर सफाई अभियान व पौधरोपण का आयोजन किया। इसमें महाऋषि वशिष्ट कमेटी के सदस्य, भृगु ऋषि युवक मंडल वशिष्ट, महिला मंडल वशिष्ट, एडवेंचर विमेन एसोसिएशन मनाली व माथियाना कोशला विलेज वेलफेयर सोसायटी ने अपना योगदान दिया। सभी ने मिल-जुलकर वन विभाग के सहयोग से दो सौ से अधिक पौधे लगाए और क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। एकत्रित कूड़े को मनाली के कूड़ा संयंत्र केंद्र भेजा। महाऋषि ग्राम कमेटी के अध्यक्ष पन्ना लाल ठाकुर ने सभी का आभार प्रकट किया और आने वाले समय में इस तरह के अधिक से अधिक कार्यक्रम करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से वशिष्ट पंचायत को एक स्वछ पंचायत बनाने का आग्रह किया। कमेटी अध्यक्ष ने सभी पर्यटन कारोबारियों से आग्रह कि जब भी वह पर्यटकों को जोगणी वॉटर फॉल की तरफ भेजते हैं, तो उस स्थान की स्वछता का ध्यान रखें।

## पवित्र दाहौहर झील में देवताओं संग आस्था की डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली की उझी घाटी के आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि व ऋषि पराशर वीरवार को पवित्र दाहौहर झील में शाही स्नान करेंगे।

घाटी के सैकड़ों श्रद्धालु भी देवताओं के साथ आस्था की डुबकी लगाएंगे। आराध्यदेव बुधवार सुबह देव वाद्ययंत्रों के साथ कुलंग देवालय से रवाना हुए। रात्रि ठहराव मढ़ी में करने के बाद वीरवार को देवता शाही स्नान कर दैवीय शक्तियां लेकर लौटेंगे। देवता एक दशक बाद शाही स्नान के लिए पवित्र झील दशौहर के लिए रवाना हुए। सुबह ही देवालय वाद्ययंत्रों से गूंज उठे। देव विधि अनुसार सभी देव कार्य पूरे हुए। जमदग्नि ऋषि के गुर मंगल चंद ठाकुर व पराशर ऋषि के गुर इंद्र ठाकुर ने बताया कि आराध्य देव जमदग्नि ऋषि व पराशर ऋषि दशौहर शाही स्नान करने व दिव्य शक्तियां लेने बुधवार को कुलंग गांव से रवाना हुए। रात को मढ़ी रुकने के बाद देवता वीरवार सुबह सवेरे दशौहर झील के लिए रवाना होंगे। देवता शाही स्नान करने के बाद दिव्य शक्तियां आर्जित करेंगे। देवलू मीलों पैदल देवताओं संग दशौहर झील पहुंचेंगे और आस्था की डुबकी लगाएंगे। उन्होंने बताया कि वीरवार देर शाम देवता अपने कारकूनों वो देवलुओं संग देवालय लौटेंगे।

# ईएलआई योजना के अंतर्गत नए कर्मियों को मिलेगा वेतन प्रोत्साहन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जिला कार्यालय कुल्लू द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया। जानकारी देते हुए सहायक भविष्य निधि आयुक्त ज्योतिंद्र आजाद ने बताया कि इस कार्यशाला में ईएलआई योजना, जो कि वर्तमान में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना बारे जानकारी दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के साथ सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी पीएम विकसित भारत रोजगार योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत, जहां पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन 15,000 रुपए तक मिलेगा, जिसकी पहली किस्त 6 महीने की सेवा के बाद देय होगी और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा के बाद देय होगी और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। वहीं, नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए प्रतिमाह 3000 रुपए प्रत्येक अतिरिक्त नए कर्मचारी के लिए, जो कम से कम छह महीने तक लगातार रोजगार में रहेगा, उसके लिए दो साल की अवधि तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन 3 और 4 साल के लिए भी बढ़ाए जाएंगे। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए दो साल के लिए विस्तारित लाभ भी दिया जाएगा। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारियों (50 से कम कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए) या पांच अतिरिक्त कर्मचारियों (50 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ताओं के लिए)छह महीने निरंतर आधार पर नियुक्त करना होगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, ताकि 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा दी जा सके। इसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है। 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, ईएलआई योजना का उद्देश्य 2 वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

**परेशानी** एक सप्ताह पहले ही हुई थी सड़क पर टारिंग, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

# पतलीकूहल सब्जी मंडी के सामने की सड़क खस्ताहाल

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** पतलीकूहल सब्जी मंडी के ठीक सामने की सड़क की हालत दयनीय हो गई है। इससे स्थानीय निवासियों और मंडी आने वाले ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) द्वारा मात्र एक सप्ताह पहले ही इस सड़क की टारिंग की गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में पूरी टारिंग उखड़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की टारिंग में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब थी। इस कारण सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई।

यह स्थिति विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल इस सड़क की मरम्मत करवाने और भविष्य में ऐसी निम्न गुणवत्ता वाले कार्यों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। पतलीकूहल सब्जी मंडी के व्यवसायियों ने भी इस समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण ग्राहकों को मंडी तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इसका सीधा असर उनके व्यवसाय पर पड़ रहा है। मंडी के व्यवसायी भी विभाग से जल्द इस समस्या का समाधान करने और सड़क को दुरुस्त करने की अपील कर रहे हैं।



पतलीकूहल सब्जी मंडी के ठीक सामने की सड़क की हालत दयनीय, एक सप्ताह पहले ही हुई थी सड़क पर टारिंग।

## बरसात को बताया जिम्मेदार

**इस** संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि सड़क को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण सड़क की टारिंग खराब हुई है। कश्यप ने आश्वासन दिया कि जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, विभाग सड़क की मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

## आगामी सड़क कार्य और भविष्य की उम्मीदें

**पतलीकूहल** बाजार से ट्राउट फिश फार्म और पतलीकूहल-नग्गर रोड की भी टारिंग होनी है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इन आगामी परियोजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। फिलहाल, सभी की निगाहें लोक निर्माण विभाग पर टिकी हैं कि वे कितनी जल्द इस महत्वपूर्ण सड़क को यातायात योग्य बनाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टॉक मार्केट में इंवेटमेंट के नाम पर की ठगी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने स्टॉक मार्केट में इंवेटमेंट के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी के आरोप में मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक रोहित कुमार पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी गांव पाटी, चबयार, डाक धरोट, तहसील व जिला सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि वर्ष 2023 में इसकी दीपक कश्यप निवासी यमुनानगर हरियाणा से जान पहचान हुई थी तथा दीपक ने इसे बताया कि वह वीरहा प्रोफिसिएंसी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से एक कंपनी चलाता है तथा इसकी कंपनी स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करती है। इससे एक साल में ही पैसे दोगुना हो जाते हैं। दीपक कश्यप ने ठोडो ग्राउंड सोलन के पास अपनी कंपनी का कार्यालय खोल रखा था, इसने दीपक कश्यप के झांसे में आकर 27 सितंबर 2024 को 8 लाख रुपए व दीपक कश्यप ने बैंक खाता में 8 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से डाले। पैसे जमा करने के बाद इसे दीपक ने कोई भी रसीद/बॉंड आदि न दिया और बहाने बनाता रहा। दीपक कश्यप ने जाली कंपनी बनाकर धनराशि निवेश करने के नाम पर इससे 16 लाख रुपए की ठगी की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग अधीन धारा 316(2) भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### बारिश से दुकान पर गिरी चट्टान, कार को नुकसान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बारिश से जिला भर में जहां सड़कों और रास्तों पर लहासे गिरने से नुकसान हो रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सोलन के कायलर में एक दुकान पर भारी भरकम चट्टान गिरने से नुकसान हुआ। चट्टान दुकान की दिवार को तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। इससे अंदर रखी वाशिंग मशीन और कार को नुकसान हुआ है। इसी तरह शहर के कई हिस्सों में भी बारिश से नुकसान हुआ है। सोलन-चंबाघाट रोड पर एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे बिजली की तारों को नुकसान पहुंचा। इससे क्षेत्र में काफी देर तक बिजली गुल रही। साथ ही यातायात भी बाधित हुआ। दुकान के मालिक अजय ने बताया कि पहाड़ी से दो बार पत्थर गिरे हैं। उन्होंने कहा कि तकरीबन 5 लाख रुपए के करीब यहां नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में उन्होंने प्रशासन को अवगत करवाया है और जल्द राहत प्रदान करने की मांग की है।

### स्टूडेंट्स ने सीखे व्यसन प्रबंधन कौशल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए व्यसन मनोचिकित्सक पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने कहा कि इस प्रशिक्षण मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों में व्यसन से संबंधित मनोवैज्ञानिक पहलुओं की समझ विकसित करना और उसके प्रबंधन में आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जसबीर कौर और उप-प्राचार्या डॉ. हरप्रीत कौर द्वारा किया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए छात्रों को इंटरैक्टिव शिक्षण पद्धतियों जैसे व्याख्यान, चर्चा, प्रश्नोत्तरी, रोल-प्ले और पोस्टर निर्माण में शामिल किया गया। पहले दिन विद्यार्थियों ने व्यसन मनोचिकित्सा, नशीली दवाओं के सेवन, निवारक उपायों और सामाजिक प्रभाव जैसे विषयों पर आधारित पोस्टर तैयार कर प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में विषयवस्तु की स्पष्टता और प्रश्नों के उत्तर देने की क्षमता पर विशेष ध्यान दिया गया। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने रोल-प्ले के माध्यम से व्यसन से जुड़ी वास्तविक जीवन स्थितियों का प्रदर्शन किया। इनमें रोगी परामर्श, पारिवारिक हस्तक्षेप और चिकित्सकीय संचार को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। इसमें सहानुभूति, समस्या समाधान और संवाद कौशल को प्रमुखता दी गई। तीसरे दिन एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने व्यसन से संबंधित अवधारणाओं, लक्षणों, प्रबंधन पद्धतियों और हालिया शोधों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया।

### अंबुजा सीमेंट कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट कर्मचारी संघ (बीएमएस) दाड़लाघाट यूनियन ने अपना 70वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यकारिणी सहित कामगारों द्वारा यूनियन कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मुख्य गेट तक रैली निकाली गई और मुख्य गेट पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यपातिथि शिमला विभाग के बौद्धिक प्रमुख राजीव का शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। सीमेंट महासंघ के टेक चंद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ राष्ट्र हित है, फिर हित और अंतिम में श्रमिक हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हमें इन तीनों हितों को संतुलित करने का प्रयास करना चाहिए। यूनियन सचिव नरेश ने संगठित होकर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन से कभी भी दगाबाजी नहीं होनी चाहिए। हमें एकजुट होकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। मुख्यातिथि ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि दत्तात्रेय हेगड़े की ही सोच है, जो आज भारतीय मजदूर संघ पूरे भारत में मजदूरों के हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और स्वदेशी को प्रोत्साहन देना चाहिए।

### बी लिब, आईएससी कार्यक्रम के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने शैक्षणिक सत्र के लिए लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान (बी लिब और आईएससी) स्नातक कार्यक्रम के लिए प्रवेश शुरू कर दिया है। पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष है, जो दो सेमेस्टर की अवधि का होगा। इस कार्यक्रम के रेगुलर और डिस्टेंस एजुकेशन मोड होंगे। आवेदकों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी आवश्यक है। इस कार्यक्रम की कुल 45 सीटें होंगी। इनमें 30 सीटें नियमित मोड के लिए और 15 सीटें डिस्टेंस एजुकेशन मोड के लिए आवंटित की गई हैं। प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। इसमें 10+2 कक्षा के लिए 40 प्रतिशत और स्नातक के लिए 60 प्रतिशत वेटेज होगा।

### सोसायटी ने 51 हजार रुपए का चेक किया भेंट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा को बुधवार को ओल्ड एज हेल्पलाइन सोसायटी सोलन द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में आपदा प्रभावितों के लिए 51 हजार रुपए का चेक भेंट किया गया। इस अवसर पर ओल्ड एज हेल्पलाइन सोसायटी सोलन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह कंवर, महासचिव एसआर गर्ग, सदस्य डॉ. पंकज खुल्लर, एलआर नेगी, डॉ. वीके राय तथा रमेश कुमार उपस्थित थे।

### उपाध्यक्ष अंकिता और सचिव बनी आंचल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सत्र 2025-26 के लिए इकोनॉमिक्स विषय में इकोहॉलिक्स सोसायटी का गठन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र विभाग की विगत वर्षों की गतिविधियों से अवगत करवाया। विभागाध्यक्ष सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए अंकिता, सचिव आंचल व सह सचिव इशिता व मीडिया प्रभारी निशांत राज को मनोनीत किया गया। महाविद्यालय में इकोनॉमिक्स सोसायटी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाती रही है। इस अवसर पर इकोनॉमिक्स सोसायटी के सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कैंपस इंटरव्यू में 72 प्रशिक्षुओं का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में दो उद्योगों, मेसर्स टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आयशर ट्रैक्टर्स) परवाणू, सोल और मेसर्स एम्ब्रोस ऑटोकॉम्प लिमिटेड, गांव काठा बद्दी जिला सोलन के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 72 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। राजकीय आईटीआई सोलन के प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी, कर्मजीत सिंह ने बताया कि मैकेनिकल ट्रेड के 100 से अधिक प्रशिक्षुओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था और दोनों उद्योगों द्वारा 72 प्रशिक्षुओं को मौके पर ही चयन पत्र जारी किए गए। संस्थान का प्लेसमेंट सेल प्रशिक्षुओं के बेहतर प्लेसमेंट के लिए कैंपस साक्षात्कार आयोजित करने की पहल करता रहा है। चयनित उम्मीदवार इसी माह अपनी फाइनल परीक्षा उपरांत तुरंत संबंधित उद्योगों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### आपदा प्रभावितों व अत्याचार पीड़ितों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा व विजय डोगरा ने बीआरसी कार्यालय ददाहू में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ आपदा प्रभावित परिवार जिन्हें राहत राशि प्रदान की गई तथा एससी वर्ग पीड़ित जिनके मामले अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं, उनके साथ संवाद किया। आयोग समिति ने इस दौरान पुलिस तथा प्रशासन की इन मामलों के प्रति भूमिका पर भी चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उचित न्याय मिले, यह आयोग का मुख्य लक्ष्य है। किसी भी समस्या के लिए इस वर्ग का कोई भी व्यक्ति आयोग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# रेलवे रोड पार्किंग के टॉप फ्लोर में बनेगा व्यावसायिक परिसर, बढ़ेगी निगम की आय

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** आय के साधन जुटाने के लिए नगर निगम शहर में उपयुक्त जगहों पर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस कड़ी में रेलवे रोड पर बनी पार्किंग के टॉप फ्लोर में व्यावसायिक परिसर बनाने का निर्णय लिया गया है। इसी को लेकर नगर निगम के जनरल हाउस में प्रस्ताव पारित किया है। हाउस से मंजूरी मिलने पर परिसर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। योजना के तहत इस पार्किंग परियोजना के टॉप फ्लोर पर व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। इसे किराया पर देकर आय के साधन जुटाए जाएंगे। सोलन की मेयर उषा शर्मा ने नागरिक निकाय के अधिकारियों के साथ हाल ही में रेलवे रोड पर स्थित परियोजना का निरीक्षण किया था। टीम ने दो मंजिला पार्किंग के ऊपर एक व्यावसायिक स्थान बनाने के प्रस्ताव पर विचार किया, जो नागरिक निकाय के लिए राजस्व उत्पन्न करने में मदद करेगा।



रेलवे रोड पर निर्माणाधीन पार्किंग नागरिक निकाय के लिए राजस्व उत्पन्न करने में करेगी मदद।

> रेलवे रोड पर मल्टी-स्टोरी पार्किंग के ऊपर व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। इससे निगम को आय के साधन बनेंगे। पार्किंग का निर्माण पूरा होते ही इससे सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा।
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में

**निर्माण** एजेंसी बीएसएनएल द्वारा निर्मित की जा रही इस पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में है। इसमें एक छोटा लेंटर डाला जाएगा। इसके बाद टॉप फ्लोर में छत लगाकर दुकानों का निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों ने मेयर को बताया कि सितंबर तक कमर्शियल हॉल के साथ पार्किंग का काम पूरा हो जाएगा। मेयर का कार्यकाल इस वर्ष के अंत में समाप्त हो रहा है इसलिए वह लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उत्सुक हैं। पूरी होने के करीब पहुंच चुकी बहुमंजिला पार्किंग न केवल सोलन में पार्किंग की प्रमुख समस्या का समाधान करेगी, बल्कि इससे धन की कमी से जूझ रहे नगर निगम को आय भी होगी, जो विभिन्न विकास गतिविधियों को पूरा करने के लिए गंभीर फंड की कमी से जूझ रहा था।

### 100 से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा

**रेलवे** रोड पार्किंग परियोजना से 102 वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिलेगी। इस पार्किंग का शिलान्यास 2006 में किया गया था। हालांकि, 2008 में 'निर्माण, संचालन और हस्तांतरण' के आधार पर परियोजना के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं पर 2018 में केवल एक हिस्सा ही पूरा हो पाया था। हालांकि, नगर निगम द्वारा 50 लाख रुपए प्रदान किए जाने के बाद 2024 में इसके दूसरे चरण का निर्माण फिर से शुरू किया गया। यह अब पूरा होने के करीब है और एक मंजिल को पार्किंग के लिए पहले ही किराये पर दे दिया गया है।

# किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: अवस्थी


विधायक संजय अवस्थी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण के दौरान पौधरोपण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है।

अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दिग्गल में 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत दिग्गल में 31.41 लाख रुपए की लागत से निर्मित 'चंबे-की-बांय' संपर्क मार्ग, 12.16 लाख की लागत से निर्मित गांव देवराजा पंदल संपर्क मार्ग, ग्राम पंचायत दिग्गल में 32.17 लाख रुपए से निर्मित भलसी संपर्क मार्ग, 54.55 लाख रुपए से निर्मित हरिजन बस्ती बनेड़ से दिग्गल धर्माणा संपर्क मार्ग तथा ग्राम पंचायत बधोखरी के पंदल गांव में 24.85 लाख रुपए से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। उन्होंने दिग्गल में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जाने वाले खेल मैदान का शिलान्यास भी किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में किसानों व पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी के लिए सकारात्मक पहल की है। उन्होंने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए गेहूं, मक्की व हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है।

### पाइनग्रोव स्कूल में ईलीएड एथलेटिक्स फाउंडेशन स्किल प्रोग्राम आयोजित

# छात्रों को नेतृत्व व समस्या समाधान का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में कक्षा 9वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इलीएड एथलेटिक्स फाउंडेशन स्किल प्रोग्राम का आयोजन विंग कमांडर एसएस ज्ञानी मेमोरियल स्पोर्ट्स सेंटर में किया गया। अमेरिका में स्थापित यह व्यावहारिक मंच शारीरिक चुनौतियों और चिंतनशील अभ्यासों के माध्यम से चरित्र निर्माण पर बल देता है। प्रशिक्षण का नेतृत्व ग्रेगोरी जेरार्ड व्हेलन द्वारा किया गया।

उन्होंने छात्रों का विभिन्न चुनौतीपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ कंपस और पेस काउंट के माध्यम से लैंड नेविगेशन, लॉग कैरी, ऑब्जेक्ट ड्रैग, बर्पीज और बडी कैरी जैसी शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ नेतृत्व व समस्या समाधान आधारित चर्चाओं में भाग लिया। समूहगत गतिविधियों में कोन रीस्टैकिंग, कैजुअल्टी एवैक्यूएशन और अजीमथ नेविगेशन जैसी रोचक और सामूहिक चुनौतियां सम्मिलित थीं। दूसरा दिन व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों का रहा।

इनमें 800 मीटर दौड़, शटल रन, पुल-अप्स, टेनिस बॉल थ्रो, टोज-टू-बार, ब्रॉड जंप और इलीएड इंटेंसिटी कोर्स शामिल रहे। हर कार्य को वास्तविक जीवन के तनाव को दर्शाने के लिए बनाया गया था। प्रत्येक गतिविधि के पश्चात एक सत्र आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को टीमवर्क, आत्मविश्वास, साहस, जिम्मेदारी, सहनशीलता और निस्वार्थता जैसे मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अनुभव ने छात्रों को परिणाम से अधिक प्रयास का महत्व समझाया तथा यह भी बताया कि सफलता का माप केवल चरित्र होता है।



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में स्किल प्रोग्राम के दौरान स्कूल के छात्र।

# भारतीय मजदूर संघ के इतिहास पर डाला प्रकाश


बद्दी में भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस बद्दी में बड़े धूमधाम से मनाया गया। भारतीय मजदूर संघ के संचालक दत्तोपंत ठेंगड़ी रहे। इसकी शुरुआत 1955 में हुई थी।

भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं की संख्या आज लाखों में नहीं करोड़ों में पहुंच चुकी है। यह भारत का सबसे बड़ा मजदूर सगठन है, जो हमेशा मजदूरों के लिए कार्य करता है। भारतीय मजदूर संघ में कार्यकर्ता विश्वास से जुड़ता है। भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश प्रभारी मेला राम चंदेल ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संघ के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश सदस्य मेला राम चंदेल, प्रदेश सचिव राजू भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष खेमराज, शिव चंदेल, हुस्न, सोनू कुमार, अरविंद, दया ठाकुर, सुमन कुमारी, अमला राम, दर्शन सिंह, ओम प्रकाश, शिव कुमार तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौडी के वार्ड सुल्ली में महिला मंडल प्रधान रंजना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें गांव की सफाई व्यवस्था में सुधार और बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों और महिला मंडल सदस्यों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की और ग्राम पंचायत में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इसके अलावा बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सरोज वर्मा, प्रीति देवी, मंजू देवी, बंती देवी मौजूद रहे।

# सरकार एससी वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध: कुलदीप कुमार

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान की अध्यक्षता में जिला सिरमौर के नाहन स्थित बचत भवन में अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

आयोग के सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा व विजय डोगरा, डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा तथा आयोग के सदस्य सचिव विनय मोदी भी समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने कहा कि जिला सिरमौर में यह आयोग की पहली समीक्षा बैठक है, जो अनुसूचित जाति समुदाय के लिए जिले में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उचित लाभ पात्र लाभार्थियों को पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों पर किसी भी प्रकार के शोषण पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयोग के अध्यक्ष ने जिला प्रशासन व अन्य विभागाध्यक्षों का अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए किए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और उनके उत्थान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने जिले के अधिकारियों से प्रदेश सरकार के प्रयासों को पात्र अनुसूचित जाति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा, ताकि सरकार की योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सके। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिले में अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 122 मामले स्वीकृत किए गए हैं, जिस पर 62 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

# पुरुषोत्तम ने उत्तीर्ण की जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल की धरोटी पंचायत के लोहरड़ी गांव के पुरुषोत्तम शर्मा ने हाल ही में जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण की है। केंद्र सरकार की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेआरएफ की परीक्षा आयोजित की जाती है। पुरुषोत्तम शर्मा ने हिमाचल विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में मास्टर डिग्री की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम जब कुछ ही महीनों का था, तो पिता विजयकांत शर्मा की एक निजी बस दुर्घटना में मौत हो गई। माता भावना शर्मा ने पुरुषोत्तम का लालन-पालन किया तथा अब अपनी माता के सपनों को साकार कर रहा है। पुरुषोत्तम शर्मा की माता भावना शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां में लैब सहायक के पद पर कार्यरत हैं। दादा सोम दत शर्मा क्षेत्र के जाने-माने पंडित हैं, चाचा रमाकांत शास्त्री के पद पर हैं।


### शूलिनी विवि में भविष्य के लिए तैयार कौशल से संकाय को किया सशक्त

# एआई और नवाचारों पर रहा फोकस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विवि में भविष्य के शिक्षक शीर्षक से पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 150 संकाय सदस्यों को आधुनिक शिक्षण उपकरणों और विचारों के साथ सीखने और आगे बढ़ने का मौका मिला।

शूलिनी विवि के मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशु खोसला के नेतृत्व में आयोजित, संकाय ने कक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, परिणामों पर अधिक केंद्रित शिक्षण, अंत: विषय सोच को प्रोत्साहित करने और उद्योग के साथ मजबूत संबंध बनाने जैसे प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के पहले दिन शिक्षकों को अपने वर्तमान तरीकों पर विचार करने में मदद करने के लिए स्व-शिक्षण गतिविधियां शामिल थीं। दूसरे दिन, टीम के शोमक घोषाल ने शिक्षकों की बेहतर मानसिकता विकसित करने और अधिक


संकाय विकास कार्यक्रम के तहत छात्रों से संवाद करते एक्सपर्ट।

आकर्षक कक्षाएं बनाने के तरीके पर सत्रों का नेतृत्व किया। इन संवादात्मक सत्रों के दौरान संकाय सदस्यों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।

तीसरे दिन छात्रों के लिए स्पष्ट रूप से सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। डीन अकादमिक प्रो. नरिंदर वर्मा और डॉ. इंदु रिहानी ने बेहतर पाठ योजनाएं और उद्देश्य विकसित करने में संकाय का मार्गदर्शन किया। डॉ. आशू खोसला ने एक सत्र का संचालन किया। इसमें बताया गया कि शिक्षक कैसे रोमांचक वैकल्पिक विषय तैयार कर सकते हैं, जो शिक्षण और अधिगम दोनों में आनंद को बढ़ावा दें। एफडीपी का एक प्रमुख आकर्षण एआई इन क्लासेस शीर्षक सत्र था।

इसका संचालन इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के एसोसिएट डीन डॉ. चंदन चौधरी ने किया। उन्होंने बताया कि शिक्षण में एआई का उपयोग कैसे किया जा सकता है, ताकि सीखना अधिक रोचक और प्रभावी हो सके। उन्होंने एक प्रभावशाली विचार साझा किया एआई मनुष्यों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो मनुष्य एआई का उपयोग करते हैं, वे उन लोगों की जगह लेंगे, जो इसका उपयोग नहीं करते।

**संबोधित** बरोटीवाला स्कूल में विधायक राम कुमार ने विज्ञान प्रयोगशाला का किया लोकार्पण

# बद्दी में जल्द खुलेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। राम कुमार चौधरी दून विधानसभा क्षेत्र के बरोटीवाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 67 लाख रुपए से निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित बच्चों व लोगों को संबोधित कर रहे थे।

राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार नए पाठ्यक्रम आरंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि बद्दी क्षेत्र में जल्द ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण के लिए 1.5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। स्कूल के बनने से बच्चों को अपने घर-द्वार पर विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य


विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण करने के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते राम कुमार चौधरी।

सरकार द्वारा प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है।

इस योजना के तहत प्रदेश के पात्र विद्यार्थियों को व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रबंधन, पैरा-मेडिकल फार्मेसी, नर्सिंग, विधि आदि में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स तथा औद्योगिक संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थानों से तकनीकी कोर्स और मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है।

विधायक ने इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला के विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उन्हें जीवन मूल्यों और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला में अध्यापकों के रिक्त पदों पर भर्ती की औपचारिकताएं पूर्ण कर उच्च स्तर पर भेजने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। राम कुमार चौधरी ने इससे पूर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला में 10.88 लाख रुपए से निर्मित डिजीटल पुस्तकालय तथा 15 लाख रुपए से निर्मित खेल मैदान का लोकार्पण भी किया। उन्होंने हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरोटीवाला के प्रधान हंस राज कैंथ, उपप्रधान हितेंद्र सोनू, पूर्व उपप्रधान कन्ना, कांग्रेस पार्टी के नेता कुल्तार सिंह ठाकुर, अच्छर पाल कौशल, सुरेंद्र सिंह, विवेक गुप्ता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटीवाला की प्रधानाचार्य बबीता परमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बद्दी राम लाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में डीसी ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत के निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार बिहार में 25 जुलाई तक कार्यान्वित किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में गणना प्रपत्र किए जाने हैं। यह जानकरी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि संभव है कि बिहार के कई निर्वाचक अस्थायी रूप से हिमाचल में निवास कर रहे हों। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्वाचक, निर्वाचन नामावली में अपने नाम का सत्यापन ऑनलाइन अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते हैं। प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रथम अगस्त, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। दावे व आपत्तियां प्रथम अगस्त से प्रथम सितंबर तक दायर किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अस्थायी रूप से निवास कर रहे बिहार के मतदाता भी अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट https://voters.eci.gov.in अथवा ECINET App के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भी भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वह प्री-फील्ड फार्म डाउनलोड कर श उस पर हस्ताक्षर कर प्रति को व्हाट्सऐप, ई-मेल या अन्य माध्यम से संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को भेज सकते हैं।

इस फार्म को परिवार के सदस्य के माध्यम से भी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को प्रेषित किया जा सकता है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि निर्वाचक को गणना प्रपत्र के साथ 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न करना अनिवार्य है। इनमें किसी भी केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम के नियमित कर्मचारी या पेंशनधारी को जारी पहचान पत्र अथवा पीपीओ, प्रथम जुलाई, 1987 से पूर्व भारत में किसी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी कोई दस्तावेज, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, उपलब्धता के अनुसार नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर, राज्य या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक-छात्र अनुसंधान परियोजनाओं के लिए नोडल एजेंसी गठित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इस योजना के संचालन के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह परिषद प्रस्तावों को आमंत्रित करने, उनका मूल्यांकन करने, परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने और उनके परिणामों का आकलन करने का कार्य देखेगी। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शिक्षकों को प्रति परियोजना अधिकतम 50 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा, जबकि छात्रों, जिनमें स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थी शामिल हैं, को प्रति परियोजना अधिकतम 5 लाख रुपए का अनुदान दिया जा सकेगा, बशर्ते वे किसी पात्र शिक्षक के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हों। प्रत्येक वर्ष परियोजनाओं की संख्या वार्षिक बजटीय प्रावधान के आधार पर तय की जाएगी।

### गुरुग्राम: महिला सिपाही 5 हजार रिश्वत लेते पकड़ी

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को एक महिला सिपाही को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। महिला सिपाही ने शिकायतकर्ता से राजीनामा की कॉपी देने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम को बुधवार को शिकायत देकर आरोप लगाया कि 21 जुलाई 2025 को महिला पुलिस थाना मानेसर से महिला मुख्य सिपाही प्रमीला जो कि किसी मामले की जांच अधिकारी है ने फोन करके थाना बुलाया था। फोन पर सिपाही प्रमीला ने बताया कि सोम्या नाम की लड़की ने शिकायतकर्ता के खिलाफ थाना में शिकायत दी है। फोन आने के बाद वह महिला सिपाही प्रमीला से मिला। लड़की द्वारा दी गई शिकायत के संबंध में दोनों पक्षों में लिखित रूप से राजीनामा हो गया। आरोप है कि सिपाही प्रमीला ने राजीनामा की कॉपी देने के लिए 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महिला मुख्य सिपाही प्रमीला को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जींद में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जींद।** सफीदों में एक सप्ताह पहले हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक ने पांच साल पहले आरोपी के पिता के साथ मारपीट कर उसकी टांग तोड़ी थी। तभी से आरोपी रंजिश रखे हुए था। इसी रंजिश में 16 जून की रात को आरोपी ने हत्या कर दी। आरोपी की पहचान गांव बागड़ू खुर्द निवासी सूर्या के रूप में हुई है। गौरतलब है कि 16 जून की रात को सदर थाना सफीदों को सूचना मिली थी कि बागड़ू खुर्द गांव में जितेंद्र का मर्डर हो गया है। तालाब के पास ही जितेंद्र का प्लाट था, जहां पर वह अक्सर आराम करता था। रात को 10 बजे जितेंद्र की परिवार के साथ बातचीत हुई थी। उसके बाद रात को 12 बजे के करीब उसका शव गांव के मंदिर के पास पड़ा मिला। मृतक के सिर पर चोट मारी गई थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतक जितेंद्र के बेटे पुष्कर की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। बुधवार को जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी डा. सुनील ने मामले की गहनता से जांच की तो गांव के ही दलबीर के बेटे सूर्या का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने कबूल कर लिया कि उसने ही जितेंद्र के सिर में लोहे का सरिया मारकर उसकी हत्या की है।

### मेयर ने मेला क्षेत्र की सफाई करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हरिद्वार।** कांवड़ मेला पूर्ण होने पर बुधवार को मेयर किरण जैसल ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई अभियान का निरीक्षण किया और अधिकारियोंन व कर्मचारियों को तेजी से सफाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि सभी के सहयोग से कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने के बाद मेला क्षेत्र और शहर की सफाई बड़ी चुनौती है। इसके लिए नगर निगम की और से विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों, कांवड़ पटरी मार्ग, शहर के सभी पार्को, सड़कों आदि पर फैले कचरे और गंदगी को साफ करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी युद्धस्तर पर सफाई अभियान में जुट जाएं। सफाई अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर ने कहा कि व्यापारी और स्थानीय लोग भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। शहर को साफ सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### दोहा जा रहा एयर इंडिया का विमान वापस लौटा

**एजेंसी, कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड से कतर की राजधानी दोहा जा रहे एयर इंडिया के विमान में उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को विमान में खराबी की जानकारी दी। इसके बाद विमान को वापस केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। फ्लाइट रडार24 के मुताबिक बोइंग बी738 मॉडल के विमान को सुबह 8.50 बजे टेकऑफ करना था। 9.17 बजे उड़ान भरने के बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमान को दो घंटे बाद 11.12 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया। हवाई अड्डा के अधिकारियों ने बताया कि जहाज में पायलटों और चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी। (अनंत ज्ञान)

### मिंत्रा पर एफडीआई नीति के उल्लंघन का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मैसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियों व उनके निदेशकों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) की धारा 16(3) के तहत 1654 करोड़ के उल्लंघन की शिकायत दर्ज की है। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक इस केस में जांच एक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियां कथित तौर पर मौजूदा एफडीआई नीति का उल्लंघन करते हुए थोक कैश एंड कैरी की आड़ में मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड (एमबीआरटी) कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### टेक्सास में भीषण बाढ़ के कारणों की जांच शुरू

**एजेंसी, टेक्सास।** अमेरिका के टेक्साल में 4 जुलाई को आई विनाशकारी बाढ़ में कम से कम 135 लोगों की मौत के बाद बुधवार को राज्य के सांसदों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। खास तौर पर ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों को समय पर चेतावनी क्यों नहीं दी गई, इस पर सवाल उठ रहे हैं। यह बाढ़ टेक्सास हिल कंट्री में आई थी और सबसे ज्यादा नुकसान केर काउंटी में हुआ, जहां कैंप मिस्टिक नाम के एक ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर में 27 बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई। इस क्षेत्र में अब तक नदी किनारे कोई चेतावनी तंत्र नहीं है, जबकि राज्य और स्थानीय एजेंसियों के पास इसे बनाने के कई मौके थे। (अनंत ज्ञान)

### सोना और चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के भाव 23 जुलाई को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 1,025 रुपए बढ़कर 1,00,533 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले यह एक लाख पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1,357 रुपए बढ़कर 1,15,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 रुपए पर थी। (अनंत ज्ञान)



# सीएम सैनी का ऐलान, राज्यभर में लगाए जाएंगे 2.10 करोड़ पौधे

## मोरनी में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**





**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस वर्ष प्रदेशभर में 2.10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पंचकूला जिले के मोरनी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से इस अभियान में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि इस मानसून में हर परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए।

उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के पहले चरण में लोगों के सहयोग से 1.87 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं, जो तय लक्ष्य 1.60 करोड़ से अधिक है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी राज्य के नागरिकों की भागीदारी से नया रिकॉर्ड बनेगा। वन विभाग की इस पहल को और प्रभावी बनाने के लिए तकनीक के इस्तेमाल की बात भी कही। उन्होंने घोषणा की कि पौधों की जियो-टैगिंग और मैपिंग ड्रोन के माध्यम से की जाएगी, और उनकी वृद्धि की निगरानी अगले पांच वर्षों तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि अक्तूबर 2014 से अब तक प्रदेश में लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। वन महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा प्रकाशित दो पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया, जो मोरनी क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर्बल वाटिका और नेचर ट्रेल्स के विकास पर केंद्रित हैं।

इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव को औपचारिकता के बजाय एक जन आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करने की अपील की, जिससे हरियाणा को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा द्वारा उठाई गई विकास संबंधी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों द्वारा फिजिबिलिटी जांच के बाद सभी आवश्यक परियोजनाओं को मंजूरी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से एक पौधा लगाने और कम से कम पांच वर्षों तक उसकी देखभाल करने का आग्रह किया, ताकि एक हरित और सतत भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

# कारगिल विजय दिवस पर 'सजोबा मैराथन' से भारतीय सेना को देंगे श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**





सजोबा मैराथन 2025, रीजन की सबसे इनक्लूसिव और बहुप्रतीक्षित दौड़ आयोजनों में से एक, कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सेंट जॉन्स ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (सजोबा) द्वारा आयोजित यह आयोजन भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान का सम्मान करते हुए स्मरण, एकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के संदेशों को बढ़ावा देगा।

सेंट जॉन्स हाई स्कूल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए, सजोबा के प्रेसिडेंट हरपाल सिंह मलवई ने बताया कि मैराथन सुबह 5 बजे स्कूल परिसर से शुरू होगी और वहीं समाप्त भी होगी। सहभागिता और उपलब्धि की भावना का जश्न मनाने के लिए आयोजन स्थल पर एक पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा, मलवई ने बताया।

वर्तमान प्रेसिडेंट के अलावा, सजोबा के संस्थापक प्रेसिडेंट मैक सरीन और सजोबा के पूर्व प्रेसिडेंट एसपीएस घई भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे। सजोबा टीम के साथ ट्राइसिटी के इंडस्ट्रियल सेक्टर के दिग्गज संजीव अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, स्कॉट एडिल, जो फार्मा सेक्टर की प्रमुख कंपनी है, भी मौजूद थे। स्कॉट एडिल सजोबा मैराथन का मुख्य स्पांसर है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने मैराथन की टी-शर्ट को भी लॉन्च किया। मलवई ने कहा कि यह मैराथन 26 जुलाई को कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में, रन फॉर द ऑर्म्ड फोर्सेज, रन फॉर पीस, रन फॉर द प्लेनेट, और स्वर्गीय श्री फौजा सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जो जिंदगीभर दौड़ के दिग्गज रहे और हम सभी के लिए प्रेरणा थे।

सजोबा मैराथन के मुख्य प्रायोजक स्कॉट एडिल हैं, जबकि राही केयर सह-प्रायोजक है। प्रतिष्ठित सहयोगी प्रायोजकों में इंडियन ऑयल, फोर्टिस, हॉल्ट, कोका-कोला (कंधारी बेवरेजेज), एचडीएफसी बैंक, सहायक एसोसिएट्स और वेरका शामिल हैं।

# वार्षिक कला प्रदर्शनी का पंजाब आर्ट्स काउंसिल चंडीगढ़ में हुआ भव्य उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



त्रिसिटी (चंडीगढ़-पंचकूला-मोहाली) की प्रसिद्ध वार्षिक कला प्रदर्शनी 2024-25 का भव्य उद्घाटन बुधवार शाम 5.30 बजे पंजाब आर्ट्स काउंसिल, सेक्टर-16बी की गैलरीज में किया गया। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा व रचना वर्मा मुख्यातिथि तथा गृह सचिव-संस्कृति सचिव मंदीप सिंह बराड़ विशिष्ट अतिथि रहे। प्रदर्शनियों में 243 कलाकारों की 480 कलाकृतियों में से चयनित 162 कृतियां शामिल हैं।

नियुक्त तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल विनय शर्मा (जयपुर), कविता नायर (दिल्ली) और रॉबिन डेविड (भोपाल) ने पेशेवर, छात्र एवं दिव्यांग श्रेणियों में पुरस्कार दिए। पेशेवर कलाकारों में विशाल रावत (ब्लैक मार्बल मूर्ति), रीना भटनागर (मिक्स-मीडिया पेंटिंग) व पंकज सरोज (वॉटर कलर) को 50,000 रुपए की राशि दी गई। साथ ही, सात कलाकारों को 20,000 रुपए के मेरिट पुरस्कार भी प्रदान किए गए। दिव्यांग पेशेवर श्रेणी में अभिषेक गुप्ता को 10,000 रुपए दिया गया।

छात्र श्रेणी में पांच उभरते कलाकारों जिनमें कनिका वर्मा, अभिजीत दास, रीति तिवारी, पंचम गौर व सुमनप्रीत कौर—को 25,000 रुपए तथा पांच को 10,000 रुपए के मेरिट पुरस्कार मिले। दिव्यांग छात्र श्रेणी में सुभोध कुमार गिरी को 10,000 रुपए का विशेष पुरस्कार मिला और चार कलाकारों को ओपन हैंड आर्ट स्टूडियोज में दो महीने के कार्यस्थल देकर उन्हें प्रोत्साहन दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार डीएस कपूर व देवइंद्र सिंह को अमृता शेरगिल सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रदर्शनी 23 जुलाई से 31 अगस्त तक रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

### किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जारी

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** राज्य सरकार ने पेराई सत्र 2024-25 की किसानों की बकाया गन्ना मूल्य राशि जारी कर दी है। प्रदेश के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बुधवार को बताया कि चीनी मिल डोईवाला के लिए 22.47 करोड़ व चीनी मिल बाजपुर के लिए 25.09 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। कुल 47.46 करोड़ स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी राज्य के सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के गन्ना किसानों के भुगतान के लिए धनराशि 92.14 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार पेराई सत्र 2024-25 के लिए राज्य सरकार ने कुल 139.70 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति गन्ना किसानों के भुगतान के लिए द है।

# सीईटी परीक्षा के लिए एचएसएससी प्रतिनिधियों को दिए एसओपी के टिप्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के सफल, पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन के उद्देश्य से राज्यभर से आए लगभग 1400 एच.एस.एस.सी. प्रतिनिधियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) से अवगत कराया गया है। इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों को ड्यूटी आदेश और पहचान पत्र वितरित किए गए।

हिम्मत सिंह ने बताया कि प्रत्येक जिले में एक समन्वयक नियुक्त किया जाएगा, जो संबंधित जिला उपायुक्त के साथ मिलकर परीक्षा से संबंधित कार्यों में तालमेल बनाएगा। पूरे प्रदेश में 1338 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक केंद्र पर आयोग का एक प्रतिनिधि तैनात रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन की ओर से भी पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है और सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

चेयरमैन ने कहा कि आयोग परीक्षा की निष्पक्षता व पारदर्शिता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लें और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें। यह परीक्षा हरियाणा के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो उन्हें सरकारी सेवाओं में आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान करती है। आयोग के सचिव विनय सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें।

## देश-विदेश

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर जमकर सुनाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। उन्होंने एक डिबेट के दौरान पड़ोसी देश को आतंकवाद के मुद्दे पर आइना दिखाते हुए कहा कि कश्मीर राग अलापना और सिंधु जल संधि के मुद्दे को उठाना पाकिस्तान की आदतों में शुमार हो चुका है। उन्होंने दो टूक कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, इसकी संप्रभुता पर सवाल खड़े करने की किसी भी हिमाकत को स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

उन्होंने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया और कहा, देश की संप्रभुता पर सवाल उठाने के किसी भी प्रयास को भारत कभी स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का जिक्र करने के पाकिस्तान के दुस्साहस का कड़ा विरोध करते हुए पी. हरीश ने कहा, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दों पर पाकिस्तान का दोहरा चरित्र निंदनीय है।हरीश के जवाब से पहले पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर को लेकर टिप्पणी की थी।

बता दें कि उन्होंने पाकिस्तान को जवाब उस मंच पर दिया, जहां बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा की जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन मानव तस्करों को ढूंढकर देगा सजा: लैमी

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन ने अवैध प्रवास पर रोक लगाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मानव तस्करी से जुड़े गिरोहों और उनसे जुड़े लोगों व कंपनियों पर दुनिया की पहली वैश्विक प्रतिबंध व्यवस्था लागू की है।



ब्रिटिश विदेश कार्यालय (एफसीडीओ) ने बताया कि ये प्रतिबंध उन लोगों पर लगाए गए हैं, जो अवैध रूप से प्रवासियों को एक देश से दूसरे देश में भेजने में शामिल हैं। मामले में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, 'हम इन तस्करी करने वाले लोगों को पूरी दुनिया में ढूंढकर सजा देंगे।' हम जानते हैं कि आप कौन हैं। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय युवक पर नस्लभेदी हमला

**एजेंसी, एडिलेड**



ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में सड़क पर एक भारतीय युवक पर जानलेवा हमला किया गया और फिर उसे वहीं बेहोशी की हालत में मरने के लिए छोड़ दिया गया। युवक की पहचान चरणप्रीत सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां कीं और मारपीट की। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हमले में चरणप्रीत को गंभीर चोटें आई हैं। उनके सिर पर गहरी चोट और चेहरे की कई हड्डियां टूटी हैं। इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पांच लोग चरणप्रीत के चेहरे और पेट पर मुक्के और लातों से हमला करते हुए दिख रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी। हमलावरों के हाथ में नुकीली चीजें भी थीं। हमला करने के बाद आरोपी अपनी कार में बैठकर चले गए और चरणप्रीत को बेहोश हालत में छोड़ दिया। चरणप्रीत को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें रॉयल एडिलेड अस्पताल ले जाया, जहां रात भर उनका इलाज हुआ। (अनंत ज्ञान)

# इसराइली हवाई हमलों में गाजा में 21 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, दीर अल-बलाह**



गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह इलाके में मंगलवार देर रात और बुधवार को इसराइली हवाई हमलों में 21 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। फिलिस्तीन के इस इलाके में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। करीब 20 लाख की आबादी वाले गाजा में इस्राइल की नाकेबंदी और लंबे समय से जारी सैन्य कार्रवाई के कारण भुखमरी की स्थिति बन चुकी है। कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है और लूटपाट आम हो गई है। राहत सामग्री के वितरण के दौरान भी हिंसा बढ़ गई है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि मई से अब तक 1,000 से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों की उस समय मौत हो चुकी है, जब वे गाजा में खाना हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकतर मौतें अमेरिकी समर्थित राहत वितरण केंद्रों के पास हुई हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक 59,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। मंत्रालय का कहना है कि इनमें से भी आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। यह मंत्रालय हमास के प्रशासन का हिस्सा है, लेकिन इसमें काम करने वाले कर्मचारी पेशेवर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां इसके मौत के आंकड़ों को सबसे भरोसेमंद मानती हैं। (अनंत ज्ञान)

### फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति के लिए मदद मांगा है। फिलिस्तीन के भारत में राजदूत अब्दल्लाह एम. अबू शावेश ने एक मीडिया चैनल से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रपति अब्बास ने पीएम मोदी से इसराइल पर दबाव डालकर फिलिस्तीन का टैक्स (लगभग 2 बिलियन डॉलर) रिलीज कराने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की अपील की है। राजदूत ने कहा कि भारत हमेशा से फिलिस्तीन के समर्थन में रहा है। उन्होंने कहा- भारत संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद में फिलिस्तीन का मजबूत समर्थक है, लेकिन मौजूदा संकट में हम भारत से और सहयोग की उम्मीद करते हैं।राजदूत ने बताया कि राष्ट्रपति अब्बास ने अपने पत्र में पीएम मोदी से अनुरोध किया कि वे भारत-इजराइल के अच्छे संबंधों का उपयोग गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने और भुखमरी को रोकने के लिए करें।

# सेंसेक्स में 539 .83 अंकों का उछाल

## निफ्टी 159 अंक की बढ़त के साथ 25,219.90 पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**



जपान-अमेरिका के व्यापार समझौता होने बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में करीब 540 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत उछलकर 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 599.62 अंक या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 82,786.43 अंक पर पहुंच गया था।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक या 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,219.90 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 86.43 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई बाजारों में भी दिखी बढ़त

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 225 सूचकांक 3.51 प्रतिशत उछल गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए।

**सख्त टिप्पणी** तेलंगाना के कांचा गचिबोवली में पेड़ों की कटाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

# सतत विकास का मतलब जंगलों पर बुलडोजर चलाना नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के कांचा गचिबोवली इलाके में जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सतत विकास जरूरी है, लेकिन इसका मतलब जंगलों पर बुलडोजर चलाना नहीं है। अदालत कांचा गचिबोवली में पेड़ों की कटाई के मामले की स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने पूछा कि जब कोर्ट की छुट्टी थी, तब ही क्यों पेड़ काटे गए? इससे पहले 15 मई को कोर्ट ने जंगल की बहाली या अफसरों को जेल भेजने की चेतावनी दी थी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 13 अगस्त तय की है। अदालत ने राज्य सरकार से 100 एकड़ काटे गए जंगल की पुनर्स्थापना की योजना भी मांगी है। (अनंत ज्ञान)

> मामले में स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत

### कोर्ट ओडिशा के सतकोसिया टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण मामले में सुनवाई के लिए तैयार

**सुप्रीम** कोर्ट ओडिशा के सतकोसिया टाइगर रिजर्व में कथित अवैध निर्माण को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। चीफ जस्टिस बी आर गवई (सीजेआई), जस्टिस के वी विश्वनाथन और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष वकील गौरव कुमार बंसल ने यह याचिका लगाई और आग्रह किया कि इस मामले पर सुनवाई जरूरी है। बेंच ने कहा कि वह इस याचिका पर किसी अगली तारीख को सुनवाई करेगी। बंसल ने यह भी चिंता जताई कि स्थानीय प्रशासन ने संरक्षित क्षेत्र के अंदर इको-टूरिज्म (पर्यावरण पर्यटन) के लिए निर्माण की अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा, जिला कलेक्टर ने इको-टूरिज्म के लिए निर्माण की अनुमति दी है। यह कैसे हो सकता है? मैं तो बस जंगलों के लिए लड़ रहा हूं। सतकोसिया टाइगर रिजर्व ओडिशा के अंगुल, कटक, नयागढ़ और बौध जिलों में फैला हुआ है। यह बाघों, हाथियों और कई संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास (हैबिटेट) है।

### धर्मस्थल हत्याकांड में सुनवाई से इनकार

**सुप्रीम** कोर्ट ने कर्नाटक के धर्मस्थल हत्याकांड से जुड़े गैग ऑर्डर के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह याचिका बेंगलुरु की एक अदालत के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ थी, जिसमें 390 मीडिया संस्थानों को करीब 9,000 लिंक और खबरें हटाने का निर्देश दिया गया था। चीफ जस्टिस की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह पहले हाईकोर्ट जाए। केस में महिला हत्या के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी भी गठित हो चुकी है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एम्मा राडुकानू ने डीसी ओपन में मार्टा कोस्त्युक को हराया

**एजेंसी, वाशिंगटन।** एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवां टूर्नामेंट है जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा। ओसाका ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 7-5 से हराया। इस हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट में पुरुषों के मुकाबले में कैम नॉरी ने दूसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 3-6, 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण पीठ दर्द के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### राजस्थान के क्रिकेटर पंकज को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की एडहॉक कमेटी ने अपने काम की रफ्तार तेज कर दी है। कंवीनर डीडी कुमावत की अगुवाई में कमेटी ने सीनियर, जूनियर और महिला चयन समितियों की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर पंकज सिंह से मुलाकात की। कुमावत ने बताया कि पंकज को राजस्थान क्रिकेट में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम राज्य के शीर्ष क्रिकेटरों को राजस्थान में क्रिकेट की बेहतरी के लिए अपने साथ शामिल करें। इनके अनुभवों का लाभ राजस्थान के युवाओं को मिलेगा तो उनका प्रदर्शन सुधरेगा। वहीं, क्रिकेट के आगामी सीजन के लिए भी हम पूरी तरह से तैयार हैं। इसमें रणजी ट्रॉफी समेत सभी बड़े टूर्नामेंट्स शामिल हैं। राजस्थान के सभी जिलों में क्रिकेट को बढ़ावा दिया जाएगा। कमेटी ने हाल ही नाथद्वारा स्टेडियम का दौरा किया और वहां की खेल सुविधाओं का जायजा लिया। आगामी क्रिकेट सीजन के लिए हमारे पास एसएमएस स्टेडियम के अलावा छह अन्य स्टेडियम और छह आकदमियां हैं जहां हम आसानी से क्रिकेट मुकाबले करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### हेड-जेसिका की खूबसूरत जोड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** ट्रैविस हेड की पत्नी जेसिका डेविस की गिनती फैशनेबल क्रिकेटर्स की वाइफ में होती है। उनका स्टाइल स्टेटमेंट कमाल का है। जेसिका अपने लुक को बहुत ही सिंपल रखा है।



## चौथा टेस्ट पहला दिन भारत ने टी-ब्रेक तक 3 विकेट गंवाकर बनाए 149 रन

# मैनचेस्टर में मजबूती से बढ़ते भारत के कदम



शुभमन गिल को आउट करने के बाद खुशी जाहिर करता बेन स्टोक्स।

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में जारी सीरीज के चौथे टेस्ट के दूसरे सत्र की समाप्ति पर भारतीय टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया था। पहले सत्र में भारत ने ठोस शुरुआत की थी और बिना कोई विकेट गंवाए 78 रन बनाए थे, लेकिन दूसरे सत्र में भारत ने अपने दोनों ओपनर्स और कप्तान शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया।

भारत का पहला विकेट 94 के स्कोर पर गिरा। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, 120 के स्कोर पर यशस्वी जायसवाल के रूप में दूसरा झटका लगा। जायसवाल अपना अर्द्धशतक पूरा करने के ठीक बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल को आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे लियाम डॉसन ने आउट किया। साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन 140 के स्कोर पर गिल के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा। गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। लॉर्ड्स टेस्ट में हुए विवाद का असर गिल की फॉर्म पर अब तक दिख रहा है। अच्छी शुरुआत के बाद भी वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। साई सुदर्शन 26 और ऋषभ पंत 3 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

### वोक्स की बॉल पर यशस्वी जायसवाल का बल्ला टूटा

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को अपनी घातक गेंदबाजी से काफी परेशान किया। भारतीय पारी के 5वें ओवर में यशस्वी जायसवाल के बैट का हैंडल टूट गया। दरअसल, क्रिस वोक्स के ओवर की 5वीं बॉल गुड लेंथ से अंदर आई, जायसवाल इसे डिफेंड करना चाहते थे। बॉल हैंडल के पास लगी और बैट का हैंडल टूट गया। ऐसे में भारतीय ओपनर को दूसरा बैट मंगाना पड़ा।



## इन बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर में लगाए हैं सर्वाधिक शतक

**एजेंसी, लंदन**

भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाना है। मैनचेस्टर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ऊपर जो रूट का नाम है। जो रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 11 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 19 पारियों में 65.20 की औसत के साथ कुल 978 रन बना चुके हैं। रूट ने यहां 254 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी भी खेली है। लेकिन यहां सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में उनका नाम शामिल नहीं है। टेस्ट फॉर्मेट में इस मैदान पर सिर्फ चार बल्लेबाज ही तीन शतक लगा सके हैं। आइए, इनके बारे में जानते हैं। (अनंत ज्ञान)

#### डेनिस कॉम्पटन



**इंग्लैंड** के इस खिलाड़ी ने साल 1939 से 1955 के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल आठ टेस्ट खेले, जिसकी 13 पारियों में 81.80 की औसत के साथ 818 रन अपने नाम किए। इस मैदान पर 158 रन की पारी खेल चुके कॉम्पटन यहां तीन शतकों के अलावा चार अर्धशतक भी जमा चुके हैं।

#### एलेक्स स्टीवर्ट



**इंग्लैंड** के इस खिलाड़ी ने साल 1992 से 2002 के बीच यहां नौ टेस्ट खेले, जिसकी 14 पारियों में 58.66 की औसत के साथ 704 रन बनाए। ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर उन्होंने तीन शतक और एक अर्धशतक लगाए। स्टीवर्ट ने यहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ 164 रन की पारी भी खेली है।

#### एलिस्टेयर कुक

**साल** 2006 से 2017 के बीच इंग्लैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने यहां कुल आठ टेस्ट खेले, जिसकी 13 पारियों में 57.08 की औसत के साथ 685 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जमाए। ओल्ड ट्रैफर्ड में उन्होंने 127 रन की पारी भी खेली है।



#### कथबर्ट गॉर्डन ग्रीनिज



**वेस्टइंडीज** के इस बल्लेबाज ने साल 1976 से लेकर 1988 के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में चार टेस्ट मैच खेले, जिसकी पांच पारियों में उन्होंने 100.60 की औसत के साथ कुल 503 रन बनाए। ग्रीनिज ने इस मैदान पर 223 रन की पारी भी खेली है।

## चाइना ओपन बैडमिंटन पीवी सिंधू ने जापान की मियाजाकी को हराया

**एजेंसी, चांग्झू**

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। मौजूदा समय में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

इस साल पांच टूर्नामेंट में पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने मैच के बाद कहा कि यह मेरे लिए बहुप्रतीक्षित जीत थी। पहला राउंड मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। यह तीन गेम का मुकाबला था। तीसरे गेम में भी मेरे लिए शुरुआत से ही बढ़त बनाना महत्वपूर्ण रहा। मेरे लिए यह मैच जीतना महत्वपूर्ण था। इससे निश्चित तौर पर मेरा मनोबल बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)



**सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची**

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 के बाद वनडे सीरीज भी जीती

# भारत ने इंग्लैंड को 13 रन से हराया

**एजेंसी, चेस्टर-ली-स्ट्रीट**




भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज समाप्त हो गई। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली महिला टीम ने 13 रन से इंग्लैंड को तीसरे और अंतिम वनडे मैच में हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 3-2 से पांच मैचों की टी20 सीरीज में हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने पांच विकेट पर 318 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की महिला टीम 49.5 ओवर में 305 रन पर सिमट गई। इससे पहले दोनों टीमों ने एक-एक मुकाबला जीता था।

प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने टीम को इस मुकाबले में अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 64 रनों की साझेदारी हुई। चार्ली डीन ने विकेट के पीछे एमी जोन्स के हाथों प्रतिका को कैच आउट कराया। वह 26 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद मंधाना को हरलीन देओल का साथ मिला। दोनों 45-45 रनों की पारियां खेलकर पवेलियन लौट गईं। भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने 50 रनों की धुआंधार पारी खेली। ऋचा घोष 38 और राधा यादव दो रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फिलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट झटके।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को शुरुआती झटके क्रांति गौड़ ने दिए। उन्होंने एमी जोन्स (4) और टैमी बीमाउंट (2) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद एम्मा लैंब और कप्तान नैट सिवर ब्रंट के बीच तीसरे विकेट के लिए 171 गेंदों में 162 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान लांब को श्री चरणी ने बोल्ड किया। लांब 68 और ब्रंट 98 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। उनके अलावा सोफी डंकली ने 34, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 44, चार्ली डीन ने 21, सोफी एक्लेस्टोन ने एक और लॉरेन बेल ने सात रन बनाए। वहीं, लिंसी स्मिथ 14 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की क्रांति गौड़ ने छह विकेट झटके, जबकि श्री चरणी ने दो और दीप्ति शर्मा को एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

### एआईयू ने डब्ल्यूयूजी विवाद के लिए सेखों को किया निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था, लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया, जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था। एआईयू ने हालांकि, कहा कि एफआईएसयू (विश्वविद्यालय खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था) के साथ बातचीत के बाद, टीम के सभी 12 सदस्यों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं, जैसा कि नियम है। एआईयू के महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, ''जांच पैनल पूरे मामले की जांच करेगा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हमने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित करने का फैसला किया है। पैनल 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।'' (अनंत ज्ञान)

## झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से वापस लिया अपना नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कोहनी की चोट के कारण हुई बाहर**

ओलंपिक चैंपियन चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने कोहनी की सर्जरी के बाद इस साल के यूएस ओपन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। छठी रैंकिंग वाली झेंग, जो दो बार यूएस ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुकी हैं, ने पिछले शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनकी दाहिनी कोहनी की सर्जरी सफल रही है और अब वह ठीक हो रही हैं।

झेंग ने लिखा कि हाल के प्रशिक्षण सत्रों और प्रतियोगिताओं के दौरान, मुझे अपनी दाहिनी कोहनी में लगातार दर्द की समस्या रही है। हालांकि, मैंने कई हस्तक्षेपों के बावजूद दर्द को सहन किया, लेकिन दर्द का असर बना रहा। कोहनी विशेषज्ञों द्वारा निदान के बाद, उन्होंने मुझे और मेरी टीम को समस्या के पूर्ण समाधान के लिए जल्द से जल्द दाहिनी कोहनी की न्यूनतम इनवेसिव आर्थोस्कोपिक सर्जरी कराने की सलाह दी।

उन्होंने आगे कहा कि अपनी टीम के साथ गहन चर्चा के बाद, जल्द से जल्द सर्वश्रेष्ठ स्थिति में कोर्ट पर वापसी के लिए, हमने सर्जरी को सबसे अच्छा विकल्प चुना। मैंने कल सर्जरी पूरी कर ली, यह बहुत आसानी से हुई और मैं अब रिकवरी में हूं। 2025 यूएस ओपन 24 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। भविष्य को देखते हुए, झेंग ने पूरी तरह से ठीक होने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में, मैं पुनर्वास प्रशिक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित करूंगी। (अनंत ज्ञान)

## टेनिस में सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी उम्रदराज महिला बनी वीनस विलियम्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 वीनस विलियम्स ने बुधवार को 'डीसी ओपन' विमेंस सिंगल्स के पहले दौर के मुकाबले में विश्व नंबर-35 पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। यह 16 महीनों में वीनस का पहला सिंगल्स मैच था। इसी के साथ 45 वर्षीय वीनस विलियम्स टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गईं। इस लिस्ट में मार्टिना नवरातिलोवा शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को शिकस्त दी थी। उस समय मार्टिना नवरातिलोवा 47 साल की थीं।

ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद वीनस विलियम्स ने कहा यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना कठिन होता है, इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन असल बात जीतकर दिखाना है। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है। मैं यहां अपने दोस्तों, परिवार, प्रियजनों और फैंस के साथ हूं, जिन्हें प्यार करती हूं। वह भी मुझे प्यार करते हैं। 2023 के सिनसिनाटी टूर्नामेंट में वीनस विलियम्स ने तत्कालीन विश्व नंबर-16 वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया था। मतलब लगभग दो साल के अंतराल पर उनकी आखिरी दो जीत टॉप-35 खिलाड़ियों के खिलाफ रही हैं। वीनस का दूसरे दौर में एक अन्य टॉप-35 खिलाड़ी से मुकाबला होगा। दूसरे दौर में उनकी पहली भिड़ंत पोलैंड की विश्व नंबर-24 मैग्डालेना फ्रेच से होगी। इससे पहले, वीनस ने 16 महीनों में अपने पहले पेशेवर टेनिस मैच में जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

## टी20 क्रिकेट इंग्लिस-ग्रीन की नाबाद 131 रन की साझेदारी, आखिरी इंटरनेशनल मैच में रसेल ने बनाए 36 रन

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टी20 जीता

**एजेंसी, जमैका**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे।

जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत सधी हुई रही थी। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, इसमें ज्यादातर योगदान किंग का रहा। किंग ने अर्द्धशतक जमाया। वह 36 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा। शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड खाता खोले बिना आउट हुए। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली और स्कोर 130 के पार पहुंचाया। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने नौ गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 18 रन बनाए और स्कोर 172 तक ले गए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, बेन ड्वारशुइस को एक विकेट मिला।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। ग्लेन मैक्सवेल 10 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 12 रन और कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंगलिस और ग्रीन ने रही सही कसर पूरी कर दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। इंगलिस ने नाबाद 78 रन और ग्रीन ने नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से होल्डर और जोसेफ को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता कैमरन ग्रीन।